

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 रोहित शर्मा 250 आईपीएल मैच खेलने वाले दूसरे हृश्वलेयर बने

इमरान ने प्रधानमंत्री पद से हटाने में सऊदी अरब की भूमिका से किया ... 12

वर्ष : 11 | अंक : 336 | पटना, शनिवार, 20 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### गूगल ने लोकसभा चुनाव के लिए बनाया डूडल

नई दिल्ली। इंटरनेट सर्च इंजन और बहुराष्ट्रीय अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए डूडल जारी किया है। गूगल ने देश में 19 अप्रैल को 102 लोकसभा सीटों पर पहले चरण की हो रही वोटिंग वाले दिन अपना डूडल जारी करके लोकतंत्र का जश्न मनाया है। इंटरनेट सर्च इंजन गूगल ने भारत में 18वीं लोकसभा चुनाव के लिए मतदान शुरू होते ही अपना लोगो बदल लिया। गूगल के होमपेज पर वोटिंग के पहले लगाई जाने वाली स्याही के साथ इंडेक्स फिंगर को ऊपर की ओर दिखाया गया है, जो भारतीय लोकतंत्र को दिखाती है। क्या होता है गूगल का डूडल गूगल का डूडल उसके होमपेज पर दिखता है। गूगल का डूडल एक वैकल्पिक लोगो है। यह सर्च इंजन गूगल के होमपेज पर नजर आता है। गूगल का डूडल अक्सर किसी त्योहार या छुट्टी वाले दिन ही नजर आता है। इसके अलावा गूगल किसी के योगदान को दिखाने के लिए उसके जन्म-दिन और मृत्यु दिवस के दिन यह पेश करता है। उल्लेखनीय है कि देश में 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव हो रहे हैं। लोकसभा चुनाव 2024 को सात चरणों में आयोजित किया गया है। इस चुनाव में मतदाता 543 सांसदों को अपने मताधिकार के जरिए चुनेंगे। पहले चरण के लिए हो रहे मतदान में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 102 सीटों पर वोटिंग जारी है, 4 जून, 2024 को चुनावों का परिणाम आएगा।

### वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी नलिन प्रभात एनएसजी के प्रमुख नियुक्त

नई दिल्ली। भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी नलिन प्रभात को देश की आतंकवाद निरोधक इकाई राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड का प्रमुख नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में यह जानकारी दी गई। प्रभात आंध्र प्रदेश काडर के 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं और वर्तमान में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में अतिरिक्त महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं। कार्मिक मंत्रालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने 31 अगस्त 2028 यानी उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख तक की अवधि के लिए एनएसजी के महानिदेशक के रूप में उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। एनएसजी को ब्लैक कैट्स के नाम से भी जाना जाता है और इसकी स्थापना 1984 में की गई थी। सशस्त्र सीमा बल के प्रमुख दलजीत सिंह चौधरी एनएसजी का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। एसीसी ने खुफिया ब्यूरो में विशेष निदेशक के पद पर सपना तिवारी की नियुक्ति को भी मंजूरी दे दी है। ओडिशा काडर के 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी तिवारी वर्तमान में आईबी में अतिरिक्त निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। आदेश में कहा गया है कि उनका कार्यकाल दो वर्ष का होगा।

### आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत ने नागपुर में किया मतदान

मुंबई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने अपना वोट डालने के बाद सभी से मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हम मतदान के माध्यम से अगले पांच वर्षों के लिए अपने देश का भविष्य तय करते हैं। सरकार्यवाह सुनील जोशी, भैयाजी जोशी ने भी मतदाताओं से मतदान का आह्वान किया है। महाराष्ट्र में नागपुर सीट से कांग्रेस उम्मीदवार विकास ठाकरे और भाजपा उम्मीदवार नितिन गडकरी समेत कई बड़े नेताओं ने अपने मत का प्रयोग किया है।

# लोकसभा चुनाव : प्रथम चरण में देश की 102 सीटों पर 66.92 प्रतिशत लोगों ने किया मतदान

## पहला चरण : बिहार में चार सीटों पर 48.23 फीसदी मतदान

### गया में सबसे अधिक 52 फीसदी तो नवादा में सबसे कम 41.50 फीसदी वोट पड़े

- 2019 के मुकाबले इस बार 5 फीसदी कम हुई वोटिंग
- औरंगाबाद व जमुई में 50-50 प्रतिशत मतदान

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में चार सीटों पर 48.23 फीसदी मतदान हुआ। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक

कड़ी सुरक्षा के बीच बिहार की चार सीटों औरंगाबाद, गया, नवादा एवं जमुई में शुक्रवार को शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न हुआ। चारों सीटों पर कुल 48.23 फीसदी वोटिंग हुई। यह शाम 6 बजे तक का आंकड़ा है, फाइनल मतदान प्रतिशत बदल सकता है। निर्वाचन विभाग के मुताबिक 2019 के मुकाबले इस बार 5 फीसदी कम वोटिंग हुई। नवादा में सबसे कम 41.50 फीसदी वोट पड़े। गया में सबसे अधिक 52 फीसदी वोटिंग हुई। औरंगाबाद और नवादा में 50-50 प्रतिशत वोट पड़े। बिहार में 7903 बूथों पर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सामान्य बूथों पर सुबह 7 बजे से 6 बजे शाम तक और अति संवेदनशील बूथों पर सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान हुआ। इसके साथ ही

चारों सीटों पर सभी 38 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गया। चुनाव मैदान में हैं मुख्य मुकाबला इंडिया गठबंधन व एनडीए के प्रत्याशियों के बीच होगा। पहले चरण में कुल 7903 बूथ बनाए गए, जिनमें 5021 बूथों को अति संवेदनशील घोषित किया गया। 4 सीटों पर कुल 76,01,629 मतदाता हैं। इस चरण में 63.5 फीसदी यानी 5021 बूथ अति संवेदनशील घोषित किए गए। औरंगाबाद में 1701, गया में 995, नवादा में 666 और जमुई में 1659 बूथों को अति संवेदनशील घोषित किया गया। गया से एनडीए उम्मीदवार जीतराम मांझी है, तो वहीं आरजेडी के कुमार सर्वजीत हैं। जमुई से चिराग पासवान के जीजा अरुण भारती के खिलाफ आरजेडी की अर्चना रविदास के बीच मुकाबला है।

नवादा में आरजेडी के श्रवण कुशवाहा और एनडीए के विवेक ठाकुर की टक्कर है। वहीं औरंगाबाद में आरजेडी के अभय कुशवाहा और एनडीए के सुशील सिंह के बीच मुकाबला है। गया से राजद प्रत्याशी और पूर्व मंत्री कुमार सर्वजीत ई रिक्शा से वोट डालने पहुंचे। वहीं नवादा से राजद प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा ने भी वोट डाला। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने मुंगेर के तारापुर में अपना वोट डाला।

वहीं, बिहार सरकार में मंत्री प्रेम कुमार साईकिल से वोट डालने मतदान केन्द्र पहुंचे। सभी जगहों पर शांतिपूर्ण मतदान हुआ। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच आर श्रीनिवास ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले चुनाव की तुलना में 5 प्रतिशत कम मतदान हुआ है। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एचआर श्रीनिवास ने कहा कि आज प्रथम चरण का पोलिंग शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हो गया है। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इस बार नक्सल इलाके में वायु सेना के पांच हेलीकॉप्टरों का भी इस्तेमाल किया गया। वहीं भारी मात्रा में हमने शराब भी बरामद किया। इस बार भीषण कर्मी के कारण मतदान प्रतिशत में कमी आई। काफी कोशिश के बाद भी अधिक मतदान नहीं हुआ है। चुनाव के लिए घुड़सवार, हेलीकॉप्टर और बम निरोधक टीम की भी तैनाती की गयी थी।

## त्रिपुरा में सबसे अधिक 80 फीसदी तो बिहार में सबसे कम 48 फीसदी वोटिंग

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। लोकसभा के प्रथम चरण में 21 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग पूरी हुई है। सुबह 7 बजे से शाम 6 हुई वोटिंग में 66.92 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया। सबसे ज्यादा 80 वोटिंग त्रिपुरा में हुई, जबकि सबसे कम 48 फीसदी वोटिंग बिहार में हुई। फाइनल वोटिंग प्रतिशत अभी नहीं आया है। सीटों के हिसाब से यह सबसे बड़ा फेज है। दो राज्यों पश्चिम बंगाल और मणिपुर में वोटिंग के दौरान हिंसा की भी हुई।

इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव के लिए भी वोट डाले गए। अरुणाचल प्रदेश में 64 प्रतिशत और सिक्किम में 68 प्रतिशत लोगों ने राज्य में सरकार बनाने के लिए वोट डाले। पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच पथराव हो गया। तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि कूचबिहार के तूफानगंज में भाजपा कार्यकताओं ने पोलिंग बूथ पर हिंसा की। तृणमूल एजेंट्स से मारपीट की गई है, इसमें कई घायल हैं। पूर्वी इम्फाल के मोइरंगकंपू में चुनाव के दौरान आगजनी की घटना सामने आई है। यहां उपद्रवियों ने एश्ट मशीन को जला दिया। वहीं इंफाल पूर्वी जिले के खुरई लाईखुटलेंबी में गुस्साए लोगों ने एश्ट मशीन में तोड़फोड़ कर दी। इन लोगों का आरोप था कि हथियारबंद बदमाशों ने उनका वोट डाल दिया। वोटिंग के दौरान मणिपुर के बिष्णुपुर में भी फायरिंग हुई।

मणिपुर की दो लोकसभा सीटों (मणिपुर इनर और मणिपुर आउटर) पर भी इस फेज में वोटिंग है। हिंसा को देखते हुए आउटर सीट के कुछ हिस्सों में 26 अप्रैल को भी वोटिंग होगी। छत्तीसगढ़ में बीजापुर के उसूर थाना इलाके के गलगम में पोलिंग बूथ से 5 सौ मीटर दूर ग्रेनेड ब्लास्ट हुआ था। ब्लास्ट में घायल जवान शहीद हो गया। जवान का नाम देवेंद्र कुमार है। जवान एरिया डोमिनेशन पर निकले थे। बंगाल के कूचबिहार में पोलिंग ड्यूटी में लगे जवान की मौत हो गई है। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, जवान का नाम नीलेश कुमार है। वो बिहार से चुनाव ड्यूटी पर आया था। साथियों को वो बीमार हालत में मिला। जब उसे अस्पताल लाया गया, तब डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। नगालैंड के 6 जिलों में लगभग 0% वोटिंग हुई है।

ये जिले हैं- मोन, लॉन्गलेंग, तुएनसान्ग, नोकलाक, शामाटोर और किफिरे। ये सभी पूर्वी नगालैंड में आते हैं। ईस्टर्न नगालैंड पीपुल्स ऑर्गेनाइजेशन इन जिलों के लिए अलग प्रशासन और पहले से अधिक वित्तीय स्वंत्रता की मांग कर रहा है। इस संगठन ने इन जिलों के लोगों से चुनाव का बहिष्कार करने की अपील की थी। शुक्रवार सुबह पीएम नरेंद्र मोदी ने सभी से वोट डालने की अपील की थी। उन्होंने हिंदी, तमिल, मराठी समेत 5 भाषाओं में ट्वीट किया था।

## गडकरी, भूपेंद्र यादव व जीतन राम मांझी की किस्मत ईवीएम में कैद

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के साथ कई सियासी दिग्गजों की किस्मत ईवीएम में बंद हो जाएगी। इस चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटें शामिल हैं, जिसमें से वीवीआईपी सीटों की संख्या बहुत बड़ी है। इस चरण के मतदान के पूर्ण होने के साथ देश के नौ केंद्रीय मंत्रियों, दो पूर्व मुख्यमंत्रियों और एक पूर्व राज्यपाल की किस्मत ईवीएम में बंद हो जाएगी। इस चरण में जिन वीवीआईपी सीटों पर सबकी नजर टिकी हुई है। उसमें से यूपी की कैराना, मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत के साथ पश्चिम बंगाल की कूचबिहार, बिहार की गया और जमुई, महाराष्ट्र की नागपुर, मध्यप्रदेश की सीधी, जबलपुर, मांडला, छिंदवाड़ा, असम की डिब्रूगढ़ और जोरहाट, छत्तीसगढ़ की बस्तर, राजस्थान की बीकानेर, चूरू, जयपुर ग्रामीण, नागौर सीट, त्रिपुरा की त्रिपुरा पश्चिम सीट, तमिलनाडु की चेन्नई दक्षिण, श्रीपेरंबदूर, कांचीपुरम, सालेम, नीलगिरी, कोयंबटूर, शिवगंगा, उत्तराखंड की गढ़वाल और हरिद्वार के साथ ही मेघालय की तुरा सीट शामिल है। इस चरण के चुनाव में इन सीटों पर जिन वीवीआईपी नेताओं की साख दांव पर लगी है। उसमें एनडीए और कांग्रेस की अगुवाई वाले इंडिया गठबंधन दोनों के नेता शामिल हैं इसमें से मोदी सरकार के आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल भी शामिल हैं, जिनके भाग्य का फैसला आज मतदाताओं द्वारा कर दिया जाएगा और इनकी किस्मत ईवीएम में कैद हो जाएगी। इसमें नितिन गडकरी, के. अन्नामलाई, भूपेंद्र यादव, जितेंद्र सिंह, संजीव बालियान, किरेन रिजिजू, अनिल बलूनी, अर्जुन राम मेघवाल, सबार्नंद सोनोवाल, बिप्लब देव, निशित प्रमाणिक, जितिन प्रसाद और एल मुरुगन जैसे नेताओं के नाम शामिल हैं। इसके साथ ही माला राज्यलक्ष्मी शाह, त्रिवेंद्र सिंह रावत, देवेंद्र झाझरिया, फग्गन सिंह कुलस्ते, नकुल नाथ, हनुमान बेनीवाल, कन्हैया लाल मीणा, विष्णु पद रे, जीतन राम मांझी, जेनिथ संगमा, अगाथा संगमा, तपन कुमार गोगोई, गौरव गोगोई, दयानिधि मारन, जी सेलवम, सीएन अन्नादुराई, एन अन्नादुरई, ए राजा, एम के स्टालिन, कार्ति चिदंबरम, तमिलिसाई सुंदरराजन पर भी लोगों की नजरें टिकी हुई हैं।

## आरक्षण और संविधान को खत्म कर देगी भाजपा : खड़गे

### कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कटिहार में चुनावी सभा को किया संबोधित

प्रात : किरण



पटना। किशनगंज में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ मोहम्मद जावेद के पक्ष में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि देश भर में इंडिया गठबंधन के प्रति लहर है और कांग्रेस की गारंटियों पर चर्चा हो रही है। बिहार में हम सभी सीट जीतने जा रहे हैं। कांग्रेस का हाथ न्याय का हाथ है और आपके हालात को बदलने का ताकत रखती है। इसलिए हमारे प्रत्याशी डॉ मोहम्मद जावेद को भारी बहुमत से जीताकर पुनः सदन भेजें। किशनगंज को जनता को 2014 और 2019 में बीजेपी व जदयू को हराकर अपने प्रत्याशियों के जीत पर आभार जताते हुए पुनः इस बार भारी मतों से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को सदन भेजने का आग्रह किया। उन्होंने आगे कहा कि पूरे देश का युवा न्याय मांग रहा है, उन्होंने सवाल किया कि यदि मेक इन इंडिया सफल है तो देश में उत्पादन क्यों कम हो रहा है, बड़े बड़े कारखाने क्यों बंद हो रहे हैं, सरकारी नौकरियों में भर्तियां क्यों नहीं हो रही, सरकारी नौकरी की परीक्षा में बार बार पेपर लीक क्यों हो जाता है? उन्होंने प्रधानमंत्री के पुराने वादों को गिनाते हुए कहा कि 2014 में उन्होंने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने को कहा था, 2015 में 1 लाख 25 हजार करोड़ का पैकेज देने को कहा था ये सभी वादे जुमले और झांसा निकल गए। मोदी के 10 साल और नीतीश कुमार 18 साल में बिहार को क्या मिला आज ये सवाल प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि कोई तानाशाह ही व्यक्तिगत गारंटी दे सकता है जबकि लोकतंत्र में राजनीतिक दल गारंटी देते हैं और शासन में आने के बाद उन्हें पूरा करता है। राजनीतिक दल को तो आप सबक सीखा सकते हैं उसकी गलती पर या वादाखिलाफी पर लेकिन व्यक्तिगत गारंटी देने वाले को कहां से ढूंढेंगे। उन्होंने कहा कि पुरानी गारंटियों का हिसाब किताब भी इस चुनाव में आपको उनसे लेना है। उन्होंने बिहार के लोगों से आह्वान किया कि बाबा साहेब आंबेडकर संविधान के रचयिता थे और बिहार के लाल पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद संविधान सभा के अध्यक्ष तो बिहार को ज्यादा जिम्मेदारी से सोचना होगा कि आज बीजेपी के नेता, सांसद, विधायक 400 पार का नारा लगा रहे हैं और कह रहे हैं कि इसलिए ताकि संविधान बदला जा सकें तो इन्हें सबक जरूर सिखाइए आपलोग। 10 साल में जिस पार्टी ने 444 विधायक खरीदे हो उन्होंने अपनी नैतिकता का प्रमाण दे दिया है। एक एक विधायक की खरीद पर 50 करोड़ रुपए खर्चने वाली पार्टी ने इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से अकूत संपत्ति अर्जित कर ली है और यह दुनिया का सबसे बड़ा घोटाला है।

## जीत को लेकर भाजपा व राजद के अपने-अपने दावे

### सभी चार सीटों पर एनडीए की जीत तय : सम्राट

प्रात : किरण



पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को हुए प्रथम चरण के चुनाव के बाद कहा कि बिहार के प्रथम चरण की सभी चार सीटों पर एनडीए भारी मतों से जीत रहा है। उन्होंने साफ तौर से कहा कि बिहार में लोग मोदी जी को वोट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव की तरह ही इस बार भी इन चारों सीट पर एनडीए के प्रत्याशी जीत रहे हैं।

राजद के जीत के दावे के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में भी वे ऐसा ही दावा कर रहे थे। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि पिछले चुनाव से इस चुनाव तक क्या ट्रेंड बदल गया? लालू प्रसाद ने क्या ऐसा काम कर दिया। बिहार के लोग मोदी जी के साथ हैं और मतदान कर रहे हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि लोकतंत्र के महोत्सव के पहले चरण में हुए देश में 102 सीटों पर मतदान के फीडबैक से यह स्पष्ट हो गया है कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक भाजपा एनडीए को शानदार जनसमर्थन मिला है और घमंडिया इंडी गठबंधन की नफरत की दुकान पर ताला लगा है।

**सभी सीटों पर हम जीत हासिल करेंगे : तेजस्वी**

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रथम चरण के सभी सीटों पर हम जीत हासिल करेंगे। तेजस्वी यादव ने कहा कि हमलोग चारों सीट जीत रहे हैं। हमें जो फीडबैक मिला है, उसके अनुसार लोग काफी बढ़-चढ़कर लोग वोट दे रहे हैं।

वर्तमान सरकार को लेकर लोगों में काफी नराजगी है और लोग गुस्से में हैं। इसमें कहीं कोई शक नहीं है कि पहले चरण की सभी चारों सीटों पर बड़े ही मजबूती के साथ हम जीत हासिल करेंगे। जनता अब भाजपा पर भरोसा नहीं कर रही है। वहीं, भाजपा के दावों पर तेजस्वी यादव ने कहा कि उनके दावों में कहीं कोई विश्वास नहीं है। वे लोग बिहार विधानसभा के चुनाव में भी ऐसी ही बातें कह रहे थे। लेकिन रिजल्ट क्या आया, यह पूरे बिहार की जनता जानती है। हमने पहले भी कहा है और फिर से कह रहा हूं कि बिहार इस बार चौंकाने वाला रिजल्ट देगा।

## हम ना कभी आरक्षण के साथ छेड़खानी करेंगे, ना किसी को करने देंगे : शाह

प्रात : किरण



गांधीनगर/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए गुजरात की गांधीनगर सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन करने के बाद अमित शाह ने एनडीटीवी से खास बातचीत की। इसमें उन्होंने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। साथ ही कांग्रेस के संविधान बदलने वाले आरोपों को निराधार भी बताया। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि विपक्षी दल संविधान बदलने के मुद्दे को आरक्षण से जोड़कर पेश कर रही है, मैं खुलकर साफ कहना चाहता हूं, हमारे पास 2014 और 2019 में स्वयं का पूर्ण बहुमत था। 10 साल से पीएम मोदी सरकार चला रहे हैं। हमने कभी आरक्षण को छेड़ा नहीं। लेकिन, मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि हम ना कभी आरक्षण के साथ छेड़खानी करेंगे और ना किसी को करने देंगे। देश की जनता को हम आश्वासन देना चाहते हैं। पीएम मोदी ने पिछड़ा, दलित, आदिवासी समाज के कल्याण के लिए सबसे ज्यादा काम किए हैं। अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि हमने अपने बहुमत का उपयोग जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को हटाने के लिए, तीन तलाक को समाप्त कर मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए, सीएए लाकर विदेशों में प्रताड़ित हो रहे लोगों को न्याय दिलाने के लिए किया है। हमने बहुमत का उपयोग आरक्षण छीनने के लिए नहीं किया। बहुमत का दुरुपयोग करने की परंपरा सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस पार्टी की रही। पूर्व पीएम इंदिरा गांधी ने बहुमत का दुरुपयोग इमरजेंसी लगाने के लिए, लोकतंत्र का गला घोंटने के लिए किया था। हमने पूरे लोकतांत्रिक माध्यम से देश की महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने में अपने बहुमत का प्रयोग किया है।

**चुनाव** | पीएम मोदी ने चुनावी सभा को किया संबोधित, कांग्रेस पर बोला हमला, पाक पर भी कसा तंज

## मोदी की गारंटी का मतलब, गारंटी पूरी होने की गारंटी: प्रधानमंत्री

### बोले-भाजपा सरकार न झुकती है, न किसी से दबती है

प्रात : किरण



दमोह/भोपाल। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पहले देश में चारों तरफ निराशा का माहौल था। फिर 2014 में मोदी आपके बीच उम्मीद लेकर आया। 2019 में दोबारा आया तो विश्वास लेकर आया और आज 2024 में मोदी आपके पास गारंटी लेकर आया है। मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरी होने की गारंटी। मोदी की गारंटी है कि गरीब, किसान, युवा और माताएं-बहनें हर लाभार्थी को शत-प्रतिशत सुविधाएं मिलेगी। उन्होंने कहा कि जिनके पास गारंटी देने के लिए कुछ नहीं है, उनकी गारंटी मोदी ने ली है। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को दमोह के इमलाई में भाजपा उम्मीदवार राहुल लोधी के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल सांसद को चुनने का चुनाव नहीं बल्कि देश के भविष्य को सुनिश्चित करने का चुनाव है। यह चुनाव आने वाले पांच साल में भारत को दुनिया की बड़ी शक्ति बनाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि परिवारवादी और भ्रष्टाचारी नेताओं को मोदी की गारंटी बेचैन कर रही है। वे कहते हैं कि तीसरी बार भाजपा सरकार बनी तो आग लग जाएगी। इंडी गठबंधन के लोग मोदी को आए दिन धमकियां दे रहे हैं लेकिन मोदी इनकी धमकियों से न पहले डरा है और न कभी डर सकता है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के कई देशों की स्थिति बहुत खराब है। कई देश दिवालिया हो रहे हैं। हमारा एक पड़ोसी जो आतंक का सप्लायर था वो अब आटे की सप्लाई के लिए तरस रहा है। ऐसे हालात में हमारा भारत दुनिया में सबसे तेजी से विकसित हो रहा है। आज देश में वो भाजपा सरकार है जो न किसी से दबती है और न ही किसी के सामने झुकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब दुनिया में युद्ध का माहौल हो। घटनाएं घट रही हो तो भारत में युद्धस्तर पर काम करने वाली सरकार बहुत जरूरी है। ये काम पूर्ण बहुमत वाली भाजपा सरकार ही कर सकती है। स्थिर सरकार कैसे देश और देशवासियों के हित में काम करती है, ये हमने बीते वर्षों में देखा है। हमारा सिद्धांत है, राष्ट्र प्रथम। भारत को सस्ता तेल मिले इसलिए हमने देशहित में फैसला लिया। किसानों को पर्याप्त खाद मिले इसलिए देशहित में फैसला लिया।

**आटे तक के लिए तरस रहा आतंक का सप्लायर :** इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के कितने ही देशों की स्थिति बहुत खराब है। कई देश दिवालिया हो रहे हैं। हमारा एक पड़ोसी देश जो आतंक का सप्लायर था, वह अब आटे की सप्लाई के लिए तरस रहा है। ऐसे हालातों में हमारा भारत दुनिया में सबसे तेजी से विकसित हो रहा है। दुनिया में हिंदुस्तान का डंका बज रहा है। अमेरिका और दुनिया में भारत की वाह-वाही हो रही है। यह आपकी एक वोट की ताकत से हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि साल 2024 का चुनाव यह सिर्फ सांसद चुने जाने का चुनाव नहीं है, यह देश का चुनाव है, देश के भविष्य को सुनिश्चित करने का चुनाव है। आने वाली पीढ़ी के भाग्य को सुनिश्चित करने वाला चुनाव है, यह चुनाव आने वाले पांच साल में भारत को दुनिया की बड़ी शक्ति बनाने का चुनाव है। उन्होंने दुनिया के हालातों का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया में युद्ध के बादल छाए हैं। जब दुनिया में युद्ध का माहौल हो, घटनाएं घट रही हो तो भारत में युद्धस्तर पर काम करने वाली सरकार बहुत जरूरी है। ऐसे समय में मजबूत सरकार होनी चाहिए, जो किसी भी परिस्थिति में भारत की रक्षा कर सके। यह काम पूर्ण बहुमत वाली भाजपा सरकार ही कर सकती है।

## ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल की पहली खेप लेकर फिलीपींस पहुंचा सी-17 ग्लोबमास्टर

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत और फिलीपींस के द्विपक्षीय रणनीतिक संबंधों के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक हो गया है, क्योंकि विश्व की सबसे तेज क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की पहली खेप भारत से फिलीपींस पहुंच गई है। दोनों देशों के बीच 2022 में हुए सौदे के तहत भारतीय वायु सेना के ताकतवर सी-17 ग्लोबमास्टर ने पहली खेप लेकर हिंडन एयरफोर्स से उड़ान भरी। भारत का विमान फिलीपींस वायु सेना के क्लार्क एयरबेस पर उतर चुका है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड ने 28 जनवरी, 2022 को फिलीपींस गणराज्य के राष्ट्रीय रक्षा विभाग के साथ एक औपचारिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। भारत से सुपरसोनिक मिसाइल खरीदने के लिए 374 मिलियन डॉलर से अधिक का यह सबसे बड़ा और पहला विदेशी सौदा था। भारत (डीआरडीओ) और रूस (एनपीओएम) के संयुक्त उद्यम ने सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस विकसित की है। ब्रह्मोस मिसाइल के सौदे पर भारत और फिलीपींस के बीच वर्षों से बातचीत चल रही थी। दोनों देशों ने 03 मार्च, 2020 को प्रमुख रक्षा संधि पर हस्ताक्षर किए थे। भारत के साथ मिसाइल का यह सौदा पूरा करने के बाद फिलीपींस दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ दशकों से चल रहे क्षेत्रीय विवादों के साथ-साथ सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए अपनी सेना के आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। अब फिलीपींस अपनी लड़ाकू क्षमता बढ़ाने के लिए भारत से उन्नत हल्के हेलीकॉप्टरों के एक बैच खरीद रहा है। स्वदेशी रूप से विकसित एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर 5.5 टन भार वर्ग में एक जुड़वां इंजन, बहु-भूमिका, बहु-मिशन नई पीढ़ी का हेलीकॉप्टर है और इसे विभिन्न सैन्य अभियानों के लिए एक प्रभावी प्लेटफॉर्म माना जाता है। फिलीपींस दक्षिण पूर्व एशियाई क्षेत्र में भारत का एक प्रमुख रणनीतिक साझेदार है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, शनिवार, 20 अप्रैल, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### चोरों ने एक घर से जेवरात समेत बीस हजार नगद चुराया

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत नासरीगंज शिव मंदिर के समीप चोरों ने एक घर से जेवरात समेत बीस हजार नगद चुरा लिया। बताया जाता है कि गृहस्वामी शिवपति देवी 14 अप्रैल को अपने बेटे के पास प्रयागराज गई हुई थी।जिसका फायदा उठाते हुए चोरों ने बीस हजार नगद समेत लाखों रूपए का जेवरात चुरा लिया। घटना की जानकारी पीड़ीत के मौसी कुंती देवी ने दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस छानबीन करने में जुट गई।

### स्वच्छ, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण आयोजन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता :आयुक्त

पटना। कुमार रवि ने कहा है कि संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सीडीएस परीक्षा (क), 2024 एवं एनडीए एण्ड एनए परीक्षा (क), 2024 स्वच्छ, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी वरीय अधिकारी, दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी इसके लिए सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहेंगे।वे आज श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल, पटना में इस निमित ब्रीफिंग में दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, केंद्राधीक्षकों एवं अन्य को संबोधित कर रहे थे। आयुक्त श्री रवि ने कहा कि विधि-व्यवस्था संधारण एवं भीड़ प्रबंधन हेतु उप केन्द्रवार स्थानीय निरीक्षण अधिकारियों, सहायक पर्यवेक्षकों, जोनल दंडाधिकारियों, सुरक्षित दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी संयुक्त जिलादेश में वर्णित निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें। आयुक्त श्री रवि ने सभी पदाधिकारियों को यूपीएससी द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया। विदित हो कि संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली द्वारा आयोजित सीडीएस परीक्षा (क) तथा एनडीए एवं एनए परीक्षा (क) दिनांक 21 अप्रैल, 2024 को पटना केंद्र के 83 (तेरासी) उप केंद्रों पर आयोजित होगी। परीक्षार्थियों की कुल संख्या 40,203 है।83 परीक्षा उप केन्द्र के लिए 31 जोन निर्धारित किया गया है। आयुक्त रवि ने कहा कि अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित की जाने वाली परीक्षा की महत्ता एवं गरिमा को ध्यान में रखते हुए प्रावधानों के अनुसार सभी व्यवस्था की गयी है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए उप केन्द्रवार 83 (तेरासी) स्थानीय निरीक्षण अधिकारियों, 83 (तेरासी) स्टैटिक दंडाधिकारियों, 31 जोनल दंडाधिकारियों, 13 सुरक्षित दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इनके साथ पुलिस बल को भी लगाया गया है। सभी स्थानीय निरीक्षण अधिकारी तथा दंडाधिकारी संघ लोक सेवा आयोग द्वारा उपलब्ध करायी गयी मार्गदर्शिका का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आदेश दिया गया है कि वे निर्धारित तिथि को निश्चित रूप से ससमय अपने परीक्षा उप केन्द्र पर पहुँच जायेंगे तथा परीक्षा कार्य समाप्ति तक कर्तव्य पर बने रहेंगे।

### मोबाइल को उसके धारक को किया सुपुर्द



पटना सिटी (प्राकि)। मालसलामी थाना की पुलिस ने दो दिन पूर्व बंगाल के पुरुलिया के दो लोगों को दर्जन भर मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया था। इसे लेकर मालसलामी थाना की पुलिस ने बरामद किए गए एक मोबाइल धारक, जो नालंदा जिला के सोहसराय थाना क्षेत्र के गल्ला पट्टी मोहल्ले के रहने वाले उपेंद्र मोदी पिता स्व भागवत मोदी को उनका खोया मोबाइल को सुपुर्द किया गया। यह जानकारी थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने दी।

### आयुक्त की अध्यक्षता में पटना हवाई अड्डा पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक

पटना। आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना-सह-अध्यक्ष, विमानपत्तन पर्यावरण प्रबंधन समिति, पटना श्री कुमार रवि ने जयप्रकाश नारायण अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पर सर्वोत्तम नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता तथा उच्चतम सुरक्षात्मक मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया है। वे आज पटना एयरपोर्ट के सभाकक्ष में विमानपत्तन पर्यावरण प्रबंधन समिति (एइएमसी) की बैठक में अध्यक्षीय संबोधन कर रहे थे। आयुक्त रवि ने कहा कि सुरक्षित एयर ट्रैफिक सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने इसके लिए सभी भागीदारों (स्टेकहोल्डर्स) के बीच सार्थक समन्वय एवं सुदृढ़ संवाद की आवश्यकता पर बल दिया। आयुक्त श्री रवि ने कहा कि एयरपोर्ट सार्वजनिक सुविधा का अत्यंत महत्वपूर्ण केन्द्र है तथा प्रशासन के लिए यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसके लिए पर्यावरणीय प्रबंधन एवं सतत विकास के मूलभूत सिद्धांतों को ध्यान में रखना पड़ेगा। पर्यावरण प्रबंधन के वैश्विक मानकों के अनुसार एयरपोर्ट का संचालन आवश्यक है।

# अगमकुआं समीप एनएमसीएच रोड के झोपड़ीनुमा दुकान में लगी आग

● तख्तश्री कार्यालय के डाइनिंग हॉल के बाहर लगी आग

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता





आलमगंज थाना क्षेत्र एनएमसीएच रोड में आरएमआरआई के में गेट के पूरब स्थित झोपड़ीनुमा दुकान में गुरुवार की देर रात आग लग गई। इधर तक श्री हरमंदिर जी पटना साहिब के कार्यालय के प्रथम मंजिल स्थित किचन से सेट डाइनिंग हॉल के छज्जे के पास आग लग गई। अगमकुआं में झोपड़ीनुमा दुकान जल कर खाक हो गया। सूचना मिलते के बाद सिटी फायर स्टेशन से आग बुझाने के लिए दो फायर यूनिट पहुंची। इसके बाद लगी आग को बुझाया जा सका। स्थानीय लोगों ने बताया कि देर रात झोपड़ी में चलने वाले होटल में आग लगी थी। आग की लपटों को देख स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का पूरा प्रयास किया। इस दौरान सिटी फायर बिग्रेड को भी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर दो फायर यूनिट पहुंची और आग को बुझा दिया। आगलगी की इस घटना में एक साथ सटे दो झोपड़ीनुमा फुटपाथी होटल की जल गया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। संभावना है कि आतिशबाजी की चिंगारी से आग लगी होगी। फायर आफिसर गयानदं सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर आग बुझाने के लिए एक बड़ी और छोटी यूनिट भेजी गई थी।

तख्तश्री कार्यालय के बॉलकनी में आग

इधर प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के प्रथम मंजिल पर चलने वाले कार्यालय के पीछे डाइनिंग हॉल बना है। वहीं पर किचन भी है। डाइनिंग हॉल के पश्चिम बालकनी में कागजात, पुराने फर्नीचर आदि रखा हुआ था। बताया जा रहा है कि गुरुवार की रात करीब 11 बजे गुरु तेग बहादुर एकेडमी हॉल में शादी समारोह का आयोजन था। बारात लगने के दौरान की गई आतिशबाजी की चिंगारी उड़ कर जा गिरी। इसी से आग फैल गई। यह तो संयोग था कि सीसीटीवी कंट्रोल रूम में तैनात बंटी एवं एक अन्य की नजर तुरंत लगी आग पर पड़ गई। उसने शोर मचाया और लोगों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया। इस दौरान सिटी फायर स्टेशन को न तो सूचना दी जा सकी और न ही उसके पहुंचने की जरूरत हुई। इस कारण से एक बड़ा हादसा टल गया। यदि लगी आग पर नजर नहीं पड़ती, तो खासा नुकसान की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता था।

## श्री अकाल तख्त साहिब के द्वारा षड्यंत्रकारी घोषित एडिशनल हेड ग्रंथी गुरदयाल पर कार्रवाई की मांग

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



● तख्तश्री कमेटी के महासचिव के कारणपृच्छा का अब तक नहीं दिया जवाब, उनके कारनामे जगजाहिर

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के एडिशनल हेड ग्रंथी रहे ज्ञानी गुरदयाल सिंह पर कार्रवाई किए जाने की मांग सेवादार कल्याण समिति के तत्कालीन अध्यक्ष बलराम सिंह ने की है। तख्तश्री कमेटी के पदाधिकारियों से मांग की गई है कि समूह साध संगत की तरफ से वह पूछना चाहते हैं कि आखिर ज्ञानी गुरदयाल सिंह पर अब तक क्यों नहीं कार्रवाई की जा रही है। क्या अब मयार्दा का उल्लंघन नहीं हो रहा है। श्री अकाल तख्त साहिब, जो कि सिखों की सर्वोच्च तख्त माना जाता है, वहां के आदेश का उल्लंघन किया जाना क्या मयार्दा का हनन नहीं है। विदित हो कि उन्हें श्री अकाल तख्त साहिब के द्वारा जारी हुकुमनामा 6 दिसंबर, 2022 को जारी हुआ था, जिसमें श्री गुरदयाल को तख्तश्री प्रबंधक कमेटी को परेशान किए जाने में उन्हें साजिशकर्ता करार दिया गया था और उन्हें पंज प्यारों से हटा कर अन्यत्र ड्यूटी लगाने को कहा गया था। यही नहीं, इसके बाद भी ज्ञानी गुरदयाल सिंह ने कथावाचक सुखदेव सिंह के साथ पालकी सेवा किए जाने के दौरान धक्का-मुक्की करते हुए अपशब्दों का प्रयोग भी किया था। तब ज्ञानी सुखदेव सिंह के द्वारा महासचिव को दिए गए आवेदन के बाद महासचिव इंद्रजीत सिंह ने ज्ञानी गुरदयाल सिंह से कारणपृच्छा किया था। मगर घटना को करीब एक-डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक उन्होंने उसका जवाब देना भी मुनासिब नहीं समझा। यही नहीं, उन्होंने दरबार साहिब में मनमानी ढंग से ड्यूटी करने का भी काम किया। वह अपनी इच्छानुसार दरबार साहिब में आते हैं और जब इच्छा हो लौट जाते हैं। गर्भगृह में महाराज के चादर बिछाने को लेकर दरबार साहिब में ज्ञानी सुखदेव सिंह के साथ भी इन्होंने धक्का-मुक्की किया था। तब भी यह मामला संगतों के बीच तेजी से चर्चा का विषय बना था। ऐसे में संगत यही मान कर चल रही है कि तख्तश्री कमेटी का संरक्षण ज्ञानी गुरदयाल सिंह को मिल पा रहा है। श्री अकाल तख्त साहिब के द्वारा साजिशकर्ता घोषित को आखिर कैसे एडिशनल हेड ग्रंथी बना दिया गया। यह अधिकार भी तख्तश्री पटना साहिब के संविधान के अनुसार महासचिव के द्वारा जारी पत्र से किया जाना चाहिए था, मगर इस मामले में भी अध्यक्ष ने पत्र जारी कर मनमाना ढंग से काम किया है। श्री बलराम सिंह ने कमेटी के पदाधिकारी से अभिलंब एडिशनल हेड ग्रंथी व पंज प्यारे से गुरदयाल सिंह को हटा कर उनकी ड्यूटी अन्यत्र लगाए जाने की मांग की है।

### पूर्व सांसद रंजन प्रसाद यादव से मिलने पहुंची मीसा भारती

दानापुर नगर के अंतर्गत पाटलिपुत्र लोकसभा के राजद प्रत्याशी मीसा भारती ने शुक्रवार को रंजन पथ में पूर्व सांसद रंजन प्रसाद यादव से मिलने पहुंची मीसा भारती ने कहा कि रंजन जी हमारे अभिभावक है।उनसे आशीर्वाद लेने आई हूं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सभी के मन में जो सोच है,वह हमारी भी है। कुछ लोगों द्वारा भ्रम फैलाया जाता है कि हम किसी से नहीं मिलते हैं।भाजपा प्रत्याशी का भी हमारे परिवार और दल से पुराना संबंध रहा है।कभी लालू जी ने राम कृपाल व श्याम रजक पर पुरा विश्वास किया करते थे।कहा कि पीएम मोदी ने दस वर्षों में बिहार के लिए एक भी कार्य नहीं किए। जबकि बिहार की जनता ने उनको सब कुछ दिया।पूर्व सांसद रंजन यादव ने कहा कि जदयू पार्टी में हमारे जैसे नेताओं का कदर नहीं है तो अन्य कार्यकर्ता की क्या होगी। जिसको देखते हुए हमारे सभी कार्यकर्ता डा मीसा को समर्थन देने की बात कही। बीजेपी वाले भी जो कहते वह भी नहीं करते नहीं है। कहा कि मीसा भारती जन्म से ही राजनीति देखते और करते हुए आ रही है।उनको पाटलिपुत्र की जनता एक बार सेवा का मौका दे।मौके पर यादव जागरण मंच के सभी प्रखंडों के अध्यक्ष उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में मीसा को समर्थन करने की बात कही।

## नवम पातशाह के गुरुता गद्दी दिवस पर में रखा गया अखंड पाठ

### तख्त साहिब में बाललीला प्रबंधन कराएगा सौ कमरों का निर्माण

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सिख पंथ के नौवें गुरु श्री तेग बहादुर जी महाराज की गुरुता गद्दी दिवस पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसे लेकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में शुक्रवार को अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह की देखरेख में रखा गया। इसका समापन रविवार को होगा। उसी दिन दरबार साहिब में विशेष दीवान सजेगा। इसमें शबद कीर्तन और कथा के साथ अन्य धार्मिक अनुष्ठान किया जाएगा। इसके लिए तख्त साहिब में तैयारी की जा रही है। शनिवार को आठवें गुरु के ज्योतिजोत पर्व को लेकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ रखा जाएगा। निर्माण को ले लिंटर कल गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत की ओर से तख्तश्री पटना साहिब में लंगर हाल के पास सौ कमरों का निर्माण कार्य कराया जाएगा। इसके लिए बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले और बाबा सुखबिंदर सिंह की ओर से बाबा गुरविंदर सिंह ने बताया कि 21 अप्रैल (रविवार) को तख्त साहिब में इसके लिए अरदास के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। बाबा गुरविंदर सिंह ने बताया कि माता सुंदरी निवास डेरा का निर्माण बाललीला गुरुद्वारा प्रबंधन के द्वारा कराया जाना है। इसे लेकर रविवार को लिंटर निर्माण कार्य की शुरू किए जाने के पूर्व अरदास होगा। इसमें संत बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले, बाबा सुखविंदर सिंह के साथ संत महापुरुष, तख्तश्री पटना साहिब के पंज प्यारे, कथावाचक, कमेटी के पदधारक शामिल होंगे। इसके लिए तैयारी की गई है। निमार्णाधीन कमरा आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा।

## एनएच 30 के महादेव स्थान मोड़ चौराहा के पास वाहनों से लगा जाम

● पूरब व पश्चिम की ओर वाहनों की लगी कतार, ट्रेफिक पुलिस के छूटे पसीने

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

एनएच 30 के महादेव स्थान चौराहा के पास चारों ओर से वाहनों का दबाव रहने और जल्दी से सड़क पार करने की होड़ के कारण हमेशा जाम लग जा रहा है। इससे स्थानीय व लंबी दूरी की यात्रा करने वाले वाहन सवार को खासा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक तो तीखी धूप की मार, तो दूसरी ओर धूल भरी तेज हवा के कारण लोगों के लगातार हलक सूख रहे हैं। ऐसी स्थिति में शुक्रवार को पूर्वाह्न करीब 9.30 बजे लंबा जाम लगा रहा। यह जाम पूरब में टोल प्लाजा से भी आगे और पश्चिम में रानीपुर पैजाबा तक चला गया था। दरअसल गुरु गोविंद सिंह लिंक पथ, बाइपास थाना और एनएच 30 के पूरब और पश्चिम की ओर वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। यहां पर ट्रेफिक के दो जवान की तैनाती भी है। इसके बावजूद वाहन चालकों के द्वारा वाहन को जल्दी निकलने की होड़ में आगे बढ़ा दिए जाने से जाम की स्थिति गहरा जाती है। नतीजतन पूरब से पश्चिम की ओर आने-जाने वाले और उत्तर से दक्षिण की ओर आने-जाने वाले या एक फ्लैंक से दूसरी फ्लैंक की ओर जाने वाले वाहन के चालक फंसे रह जाते हैं। शुक्रवार को पूर्वाह्न भी यही स्थिति देखी गई। करीब आधा घंटा से अधिक लंबा जाम लगा रहा। बड़ी मशक्कत के बाद वाहनों को रोक कर किसी तरीके से ट्रेफिक को स्मूथ किया गया। हालांकि इसी के कुछ देर के बाद स्कूलों से हुई छुट्टी के बाद स्कूली बस के रोड पर आने और रोड पास करने के दौरान भी फिर लंबा जाम लगता रहा। इधर वैवाहिक मौसम के शुरू हो जाने के कारण भी वाहनों का दबाव सड़क पर बढ़ा है।

# बेटी के साथ छेड़खानी का विरोध करने पर अधिवक्ता पर जानलेवा हमला

● सुलतानगंज थाना में मामला दर्ज, मोटरसाइकिल जब्त, आरोपी फरार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



नाबालिग बेटी जब घर से स्कूल के लिए जाती, तो उसके साथ छेड़खानी किया जाता था। शुक्रवार को भी सुबह पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अपनी नाबालिग बेटी को घर से स्कूल जाने के लिए बस स्टॉप पर छोड़ने को गए। इसके बाद जब वह घर को लौट रहे थे, तो इसी दौरान मनचले युवक ने उन पर हमला कर दिया। लोहे के तेज हथियार से उनके सिर पर वार किया गया। इस दौरान उनके सिर से खून बहने लगा। कान के पास भी कट हो खून बहने लगा। अधिवक्ता के द्वारा शोर किए जाने पर मनचला युवक फरार हो गया। इसके बाद अधिवक्ता ने सुल्तानगंज थाना की पुलिस को सूचित किया और निजी नर्सिंग होम में जाकर इलाज कराया। बीएनआर रोड के पूर्वी चौधरी टोला में रहने वाले अधिवक्ता का कहना है कि आए दिन उनकी बेटी के साथ उक्त मनचले युवक के द्वारा छेड़खानी किया जाता था। इसे लेकर वह युवक के परिजनों से भी शिकायत कर समझाने की बात कही, मगर इसके बाद भी युवक पर कोई असर नहीं पड़ा। जब आरोपी युवक सुमन कुमार, जो पथरी घाट के सुखारी जी का खेत, देवी स्थान गली का रहने वाला है, फरार हो गया, तो अधिवक्ता ने उसकी मोटरसाइकिल को पुलिस के हवाले कर दिया। सुल्तानगंज थाना की पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया है और आरोपी सुमन कुमार की गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है। अधिवक्ता ने कहा कि जब वह लौट रहे थे, तो आरोपी सुमन कुमार बाइक के साथ बैठा हुआ था। जैसे ही वह पैदल उस रास्ते से गुजरे, वह लोहे के धारदार हथियार से हमला कर दिया। उनके सिर पर लगातार प्रहार किया गया। इससे सिर में दो-तीन जगह कट गया और खून बहने लगा। कान से भी खून बह रहा था। उन्होंने उसे पकड़ने की कोशिश की, मगर वह भाग निकला। पुलिस को सूचना दिए जाने के बाद उन्होंने कहा कि उसकी मोटरसाइकिल यहीं पर है, तब पुलिस ने आकर उसे जब्त कर लिया। अधिवक्ता ने निजी नर्सिंग होम में इलाज कराने के बाद इस संबंध में लिखित शिकायत सुल्तानगंज थाना में दिया है। थानाध्यक्ष अजय कुमार का कहना है कि अधिवक्ता के द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है। बाइक को जब्त कर लिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है।

## तेज हवा व धूल के बीच छत से करकट, होर्डिंग्स व तोरण द्वार गिर रहा

● बिना नगर निगम की अनुमति के बनाया जाता है तोरण द्वार, कार्रवाई नहीं

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



दो दिनों से तेज हवा के साथ गर्म हवा के थपेड़े और लू चल रहा है। इस दौरान धूल तो उड़ ही रहा है। साथ ही झोपड़ी व मकान के ऊपर रहे करकट, एस्बेस्टस, फाइबर, बांस भी उड़ रहा है। यही नहीं, विभिन्न अवसरों पर बनाए जाने वाले तोरण द्वार भी गिर रहा है। हालांकि अभी तक किसी तरह के जान-माल की क्षति की सूचना नहीं है। सिंघी दालान में कुछ दिनों पूर्व एक मुकदमे के फैसले के बाद मजिस्ट्रेट और पुलिस की मौजूदगी में गोदाम को खाली कराया गया था। ऊपर के छत को भी तोड़ा गया था। ऊपर में अब भी बांस और उसके ऊपर करकट है। शुक्रवार की दोपहर तेज हवा के साथ एक करकट सड़क पर आ गिरा। महज संयोग था कि दो पहिया वाहन सवार गुजर रहे थे, वह बाल-बाल बचे। दूसरा करकट गली की ओर लटका हुआ है। इसी तरह से मंगल तालाब मलिन बस्ती के उत्तरी छोर, जो घघा गली की ओर चला जाता है, एक झोपड़ी के ऊपर रहे टीन का करकट आधा उड़ कर लटक गया। यह तो खैर था कि पूरी तरह से उड़ कर करकट नीचे नहीं गिरा। वरना उधर से गुजर रहे लोगों को अपनी आगोश में ले लेता। दूसरी तरफ बेगमपुर स्थित श्री जल्ला हनुमान मंदिर के नए रोड की तरफ रामनवमी में श्रद्धालुओं को पंक्तिबद्ध करने व धूप से बचाने के लिए बेरिकेडिंग और कपड़े का शेड लगाया गया था। वहां पर तोरण द्वार भी बनाया गया था। तेज हवा के बीच तोरण द्वार गिर गया और रोड पर उसका बांस-बल्ला गिरा पड़ा है। वहीं मंदिर के तरफ भी बांस बाहर को निकला हुआ है, जिससे आने-जाने वाले वाहन या पैदल जाने वाले भी चपेट में आकर घायल हो सकते हैं। दरअसल बिजली और टेलीफोन के खंभे से लेकर बिना नगर निगम की अनुमति से अनेक तोरण द्वार, फ्लैक्स, बैनर अशोक राजपथ, संपर्क पथ में लगाया गया है। मगर उसेससमय हटाया नहीं जाता है। नतीजा यह है कि पड़ रही भीषण गर्मी और चल रही तेज हवा के बीच वह उड़ कर कभी भी लोगों को घायल ही नहीं, बल्कि मौत के आगोश में भी धकेल सकता है। जरूरत इस बात की है कि नगर निगम के द्वारा अभियान चला कर बिना अनुमति प्राप्त अवैध तोरण द्वारा को जब्त किया जाए और जिनका भी बैनर उस पर लगा है, उस पर कार्रवाई की जाए।

## प्राण प्रतिष्ठान को ले निकाला गया कलश यात्रा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



दीवान मुहल्ला नौजर घाट स्थित प्राचीन श्री जगन्नाथ मंदिर में महाराजगंज कुंवर रूप नारायण सिंह ट्रस्ट की ओर से शिवलिंग के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान किया जाना है। इसे लेकर शुक्रवार को कलश शोभायात्रा से इसकी शुरूआत हुई। अनुष्ठान में 51 महिलाओं की ओर से कलश शोभायात्रा निकाली गई। गंगा नदी से मंत्रोच्चार के बीच जल लेकर महिलाएं मंदिर लौटीं। यहां आने के बाद प्राश्चित स्नान, जल यात्रा, पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश और जलाधिवास का अनुष्ठान वाराणसी से आए आचार्य वासुकीनाथ पांडेय के आचार्यत्व में पांच आचार्यों ने वैदिक पूजा-अर्चना से करायी। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष कमल नयन श्रीवास्तव अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि दूसरे दिन मंडप पूजन, कर्मकूठी, धूपाधिवास, पुष्पाधिवास, घृताधिवास, अन्नाधिवास, शय्याधिवास व महास्नान होगा। इसके अगले दिन प्राण प्रतिष्ठा, रुद्राभिषेक, श्रृंगार, महाआरती और पूणार्हुति के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। छोटी पटनदेवी स्थित प्राचीन शिव मंदिर के जीर्णोद्वार के बाद प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शुक्रवार को भी धार्मिक अनुष्ठान किया गया। शनिवार को नवनूतन पंच प्रतिमाओं के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर भ्रमण जुलूस निकाला जाएगा। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार से प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान होगा। रविवार को हवन पूजन व भंडारा के साथ अन्य आयोजन होगा।

## हाथीपांव से ग्रसित मरीजों को नई जीवन देने में अहम कड़ी साबित हो रहा है एकीकृत उपचार केंद्र (आईएडी)

### पेशेंट नेटवर्क के तीन सदस्य स्क्रीनिंग के लिए पहुंचे एकीकृत उपचार केंद्र

● फाइलेरिया विभाग के राज्य सलाहकार डॉ अनुज सिंह रावत व पिरामल के बासव रूज ने आईएडी का किया निरीक्षण

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



पटना। हाथीपांव से ग्रसित मरीजों के उपचार में एकीकृत उपचार केंद्र (आईएडी) काफी लाभप्रद साबित हो रहा है। बेशक, यह हाथीपांव से ग्रसित मरीजों की चुनौती भरी जिंदगी में एक नई जीवन देने में अहम कड़ी साबित हो रहा है एकीकृत उपचार केंद्र। उक्त उपचार केंद्र में न सिर्फ पटना जिले के हाथीपांव के मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। बल्कि राज्य के दूसरे जिले के अलावे दूसरे प्रदेश से भी हाथीपांव के मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। उक्त बातें शुक्रवार को एकीकृत उपचार केंद्र (आईएडी) के निरीक्षण के दौरान फाइलेरिया विभाग के राज्य सलाहकार डॉ अनुज सिंह रावत ने कही। इस दौरान एकीकृत उपचार केंद्र में उपचार करा रही बिहटा के कांति देवी से उन्होंने बात की। कांति देवी ने बताया कि हम तो इस बीमारी को लेकर काफी चिंतित और अवसाद में रहते थे। लगता था कि मेरी जिंदगी नरक के सामान हो गयी है। इसके चलते हम कहीं नहीं जा सकते थे। न ही ठीक से चल फिर सकते थे। इसी बीच हमें एकीकृत उपचार केंद्र के बारे में पता चला। मैं पिछले एक सप्ताह से यहां उपचार करा रही हूं। मेरा सूजन लगभग 50 से 60 फीसदी तक कम हो गया है। सचमुच यह उपचार केंद्र हाथीपांव मरीजों के लिए लिए काफी लाभप्रद साबित हो रहा है। वहीं कुरथौल से उपचार कराने पहुंची पिंकी देवी ने भी कहा कि मैं भी पिछले पांच दिनों से यहां उपचार करा रही हूं। हमें भी काफी फायदा हुआ है। वहीं फाइलेरिया के राज्य सलाहकार डॉ अनुज सिंह रावत ने उपचार में प्रयोग की जाने वाली सामग्री, प्रविधियों और सेवाओं के संबंध में आईएडी के पदाधिकारियों सहित मरीजों से भी विस्तार पूर्वक चर्चा की। डॉ. रावत ने सभी से साल में एक बार फाइलेरिया बीमारी से बचाव हेतु चलाए जाने वाले एमडीए कार्यक्रम के दौरान सर्वजन दवा सेवन के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान पिरामल के बासव रूज व प्रीति कुमारी भी मौजूद थीं। प्रोग्राम निदेशक बासव रूज ने बताया कि आईएडी संस्थान हाथीपांव मरीजों के लिए सचमुच में वरदान साबित हो रहा है। वहीं प्रीति कुमारी ने भी कहा कि मैं अभी तक हाथीपांव से ग्रसित मरीजों के उपचार में इतना लाभप्रद उपचार नहीं देखा था। यह बिल्कुल हाथीपांव से ग्रसित मरीजों के लिए स्वास्थ्य लाभ में काफी बेहतर साबित हो रहा है। इधर शुक्रवार को ही फुलवारी शरीफ प्रखंड के विभिन्न गांवों से पेशेंट नेटवर्क के सदस्य श्याम नारायण साह, शिव गोबिंद साव और बहादुर बेलदार एकीकृत उपचार केंद्र पहुंच कर अपनी बीमारी की स्क्रीनिंग करायी। इस दौरान आईएडी के समन्वयक आशीष मंगलम, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ अनुरानांचलम, सिफार के प्रखंड समन्वयक विकास चौहान, चार स्वास्थ्य कर्मी, दो नर्स और एक पेशेंट काउंसलर उपस्थित थे।

## मुजफ्फरपुर क्लब मुद्दे को 6 महीने में निपटाए: सुप्रीम कोर्ट

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

● क्लब की जमीन और संपत्ति को लेकर चल रहा है विवाद

● 41 साल पुराने इस विवाद में आया सुप्रीम हस्तक्षेप

पटना।मुजफ्फरपुर क्लब की जमीन और उसकी संपत्ति के मालिकाना हक को लेकर 41 साल से चल रहे मुकदमे में एक नया ट्वीस्ट आया है. सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को छह महीने के अन्दर निष्पादित करने के लिए पटना हाईकोर्ट को निर्देश दिया है. यह निर्देश पूर्व केन्द्रीय मंत्री उषा सिन्हा, उनके बेटे अनुनय कुमार सिन्हा और अनुनीत कुमार सिन्हा की विशेष अनुमति याचिका(सिविल) की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी व न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने दिया है. सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने क्लब की जमीन व संपत्ति की मासिक सुरक्षा राशि एक लाख प्रति माह के हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश को जारी रखा है. मुकदमे के पक्षकार अनुनय कुमार सिन्हा ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश मिलने की पुष्टि की है. उनकी ओर से वरिष्ठ एडवोकेट निरंजन रेड्डी, अभिमन्यु भंडारी, अभिषेक सिंह व अभिषेक चौधरी ने पीठ के समक्ष पक्ष रखा है. जैतपुर स्टेट परिवार की ओर से 1993 में मुजफ्फरपुर क्लब की कब्जे वाली जमीन पर मलिकाना हक को लेकर कोर्ट में टाइटल सूट दाखिल किया गया था. मार्ट 2015 में उप न्यायधीश ने जैतपुर स्टेट परिवार के उषा सिन्हा, अनुनय कुमार सिन्हा और अनुनीत कुमार सिन्हा के पक्ष में फैसला सुनाया. इसके विरूद्ध मुजफ्फरपुर क्लब एसोसिएशन ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कोर्ट में अपील दायर की. 06 मार्च 2021 को क्लब की जमीन और संपत्ति के मालिकाना हक को 41 साल से चल रहे टाइटल सूट, नीचली अदालत ने पूर्व मंत्री के पक्ष में फैसला सुनाया था. फैसले को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कोर्ट ने इस अपील को खारिज कर दिया. इसके बाद मुजफ्फरपुर क्लब की ओर से पटना हाईकोर्ट में अपील दाखिल की गई थी. पटना हाईकोर्ट ने नीचली अदालत के फैसले के निष्पादन की कार्रवाही पर रोक लगाते हुए मासिक सुरक्षा राशि एक लाख रूपए तय कर दिया. सुप्रीम कोर्ट में दाखिल विशेष अनुमित याचिका में कहा गया है कि प्रचलित बाजार दर से मासिक सुरक्षा की राशि कम है. इसमें वृद्धि करने की प्रार्थना की गई थी. सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने इस संबंध में पटना हाईकोर्ट की अंतरिम आदेश पर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया

# संकल्प पूरा करने वाले प्रधानमंत्री हैं मोदी : सम्राट चौधरी

## भाजपा अध्यक्ष ने किया दावा, आएंगे तो मोदी ही



**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार ने बीते एक दशक में देश के गरीब, पिछड़े, दलित, जरूरतमंदों को जो हक अदा किया है, वो ऐतिहासिक, अविस्मरणीय, अकल्पनीय है। श्री चौधरी शुक्रवार को समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित लोजपा(रामविलास) की प्रत्याशी शाम्भवी चौधरी जी के नामांकन समारोह सह आशीर्वाद सभा में शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए साफ लहजे में कहा कि यह विशाल जनसमूह इस बात का प्रमाण है कि आएँगे तो मोदी जी ही। उन्होंने कहा कि अगर देश में मोदी जी की गारंटी है तो समस्तीपुर के विकास के लिए शांभवी है तो संभव है। उन्होंने कहा कि पीएम ने देश को और बिहार को श्रेष्ठ बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने साफ कहा कि संकल्प पूरा करने वाला प्रधानमंत्री अगर कोई है तो वह मोदी है। उन्होंने कहा कि 500 सालों से प्रभु श्रीराम टेंट में पड़े इंतजार कर रहे थे और जब देश के लोगों का आशीर्वाद मोदी जी को मिला तो प्रभु श्रीराम भव्य मंदिर में प्रवेश कर गए। जब आपलोगों का आशीर्वाद मिला तो अखंड भारत का सपना पूरा हुआ, जम्मू कश्मीर से धारा 370 को कचड़े में फेंक दिया गया। यह मोदी जी का करिश्मा है। उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा वादा नहीं भूलती है। उन्होंने कहा कि आज बिहार में युवाओं को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजद अध्यक्ष सावन में मटन बना कर कांग्रेस के नेता को खिला रहे हैं जबकि उनके पुत्र और आगे निकलकर नवरात्रि में हेलीकॉप्टर में मछली खा रहे हैं और सनातन का अपमान कर रहे हैं। श्री चौधरी ने चेतावनी देते हुए कहा कि सनातन का अपमान करना बंद कर दें। उन्होंने उपस्थित लोगों से पूरे बिहार में एनडीए के प्रत्याशियों को जीताने की अपील की।

**तुष्टिकरण के लिए सनातनियों का अपमान बंद करना होगा**

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बेगूसराय लोकसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी गिरिराज सिंह के नामांकन समारोह सह आशीर्वाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बेगूसराय की धरती देशभक्तों की धरती है और यहां से 2024 में 2019 से भी एनडीए की प्रचंड जीत होगी। उन्होंने लोगों में उत्साह भरते हुए कहा कि नामांकन समारोह सह आशीर्वाद जनसभा में उमड़ा जनसैलाब ऐतिहासिक विजय पर मुहर है। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने की ओर चल पड़े हैं। उन्होंने राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि राजद के अध्यक्ष सावन में मटन बनाकर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को खिला रहे थे। उनके पुत्र उससे आगे निकलते हुए हेलीकॉप्टर में मछली खाते हुए वीडियो शेयर कर रहे है, वह भी नवरात्रि में। उन्होंने साफ तौर पर चेतावनी देते हुए कहा कि आप कुछ भी खाए लेकिन तुष्टिकरण के लिए सनातनियों का अपमान बंद करना होगा।

# यह वायदे की जगह गारंटी को गले लगाने का चुनाव है : विजय

## कहा- राष्ट्रनीति के संकल्प को साकार करने का चुनाव है



**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि पहले चरण के मतदान के साथ ही देश में लोकतंत्र के महापर्व की औपचारिक शुरूआत हो गई है। श्री सिन्हा ने कहा कि पहले चरण में जनता का जो मूड और मिजाज नजर आया उससे यह स्पष्ट है कि लोग राजनीति की जगह राष्ट्रनीति के पक्ष में जनादेश देने जा रहे हैं । जनता को भलीभांति पता है कि महज अपने और अपने परिवार के वर्तमान को सुरक्षित करने की कोशिश करने वालों के हाथों अपने भविष्य को दांव पर नहीं लगाया जा सकता । उसकी जगह साफ, सक्षम एवं सशक्त नेतृत्व में ही समृद्ध भारत का सपना साकार हो सकता है और समृद्ध भारत में ही आम आदमी का भविष्य सुरक्षित रह सकता है । श्री सिन्हा ने कहा कि लोगों को आज भी वह दौर याद है जब अपने और अपने परिवार के सत्ता को बरकरार रखने के लिए बिहार में समाज को धर्म और जाति के आधार पर बांटा जाता था । अपराधियों और अराजक तत्वों की तुष्टिकरण के लिए सीधे-सादे लोगों और सनातन की संतानों को बेवजह परेशान किया जाता था । उस दौर में बिहार चुनावी हिंसा और त्योहारों के दौरान उपद्रव के लिए बदनाम था । 2014 में देश में ठऊअ की सरकार बनने के बाद से स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है । प्रथम चरण के चुनाव में पूरे राज्य में हिंसा की कोई घटना नहीं हुई उसी तरह पिछले दिनों रामनवमी के महापर्व के दौरान भी एक भी अप्रिय घटना संज्ञान नहीं आयी । श्री सिन्हा ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए की डबल इंजन की सरकार राजनीति के लिए नहीं बल्कि राष्ट्रनीति के लिए काम करती है । इसलिए राष्ट्रीय एकता के लिए मोदी जी को सरकार ने संवैधानिक भावना का सम्मान करते हुए धारा 370 को एक झटके में समाप्त कर देश का वास्तविक एकीकरण सुनिश्चित किया । सनातन की संतानों की सदियों की प्रतीक्षा को खत्म करते हुए अयोध्या में भगवान राम के भव्य-दिव्य मंदिर का निर्माण कराया गया । यही नहीं अबू धाबी और दुबई में भी कोई सोच नहीं सकता था, वहां भी स्थानीय सरकारों की सहमति से हिन्दू मंदिरों का निर्माण कराया गया । जिससे आज दुनिया भर में सनातन को मानने वालों की शान बढ़ी है । श्री सिन्हा ने कहा कि वहीं दूसरी तरफ समाज में विभाजन पैदा कर केवल अपने परिवार का हित साधने वाले तुष्टिकरण का प्रसार करने वाले लोग हैं । ये लोग हर अवसर पर सनातन आस्था से जुड़ी चीजों का अस्तित्व नकारते रहते हैं । कभी भगवान श्री राम की भक्ति को नाटक कहते हैं तो कभी रामचरितमानस पर अशोभनीय बातें करते हैं । जिस राममंदिर के उद्घाटन की खुशी में पूरा देश भक्ति और उमंग से सराबोर था । उस राममंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम में ये लोग निमंत्रण मिलने के बावजूद नहीं शामिल हुए । श्री सिन्हा ने कहा कि नियुक्ति का झांसा देकर नौजवानों को ठगने का जो लोग प्रयास कर रहे हैं, उन्होंने 5-5 विभाग हाथ में रहते हुए अपने किसी विभाग में एक नौकरी नहीं दी । इसलिए पूरे देश के साथ साथ बिहार की जनता पूरी तरह मजबूत इरादे और गारंटी के साथ डिलीवर करने वाली मोदी जी की रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म करने का संकल्प और सामर्थ्य रखने वाली सरकार को एक बार फिर से भारी बहुमत के साथ चुनने जा रही है । बिना किसी संदेह के 4 जून को ठऊअ 400 के आंकड़े को पार करेगी ।

# पानी पर लिखाई जैसी है पीएम मोदी की गारंटी : तेजस्वी

- कहा- पीएम ने एक भी वादे को पूरा नहीं किया



पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर पीएम मोदी पर निशाना साधा है। शुक्रवार को चुनावी सभा में जाने से पहले मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने एक बार फिर पीएम मोदी की गारंटी पर हमला बोला है। तेजस्वी यादव ने कहा है कि, पीएम मोदी की गारंटी पानी पर लिखाई जैसी है। मोदी जो 2014 में कहे वो भी पूरा नहीं किए, 2019 में कहे वो भी पूरा नही किए, 2024 में भी बोल रहे हैं। जनता देख रही है कि क्या हो रहा है। इस बार जनता मौजूदा सरकार को लेकर गुस्से में है। सभी वोटर्स इस बार क्षेत्रीय मुद्दा पर वोट दे रहे हैं। तेजस्वी यादव ने दावा करते हुए कहा है कि,पहले चरण के चारों सीटों पर हम लोग जीत रहे हैं। इन सीटों पर हम भारी अंतर से जितेंगे। उन्होंने कहा कि, हमारे वोटरों में कोई कंफ्यूजन नहीं है सभी को पता है कहां वोट करना है। सभी लोग मौजूदा सरकार से गुस्से में है। स्थानीय मुद्दे हावी है मजबूती के साथ हम फर्स्ट पेज के चारों सीट पर चुनाव जीत रहे हैं। राहुल गांधी के ट्वीट को लेकर तेजस्वी यादव ने कहा कि उन्होंने सही कहा है भाजपा के नेता खुले मन से कह रहे हैं उसको लोग देख रहे हैं मोदी जी का जो गारंटी है वह पानी में लिखाई जैसा है। टीएमसी के ट्वीट पर उन्होंने कहा कि बंगाल का मामला है। वहीं मुख्यमंत्री आज चुनावी सभा के लिए हैं जिसको लेकर तेजस्वी यादव ने कहा कि, निकले हैं सही है अच्छा नहीं लग रहा था कि वह घर में बैठे हैं उनका हम सम्मान करते हैं। वहीं बांका के चांदन प्रखंड में चुनावी सभा को संबोधित कहा कि हम बिहार के युवा को नौकरी देना शुरू ही किए थे जिससे भाजपा को ठीक नहीं लगा और चाचा नीतीश पर कब्जा कर लिया। उन्होंने कहा कि, हम चाहते हैं कि बिहार में बेरोजगारी कैसे खत्म हो, महंगाई कैसे कम हो, अगर केंद्र में हमारी सरकार बनी तो सबसे पहला काम बेरोजगारी को दूर करते हुए महंगाई और बिजली दरों में कमी के साथ पुरानी पेंशन योजना शुरू करने का करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा की सरकार डरा कर देश चलाना चाहती है। भाजपा ईडी,सीबीआई का डर दिखाकर सरकार चला रही है। लेकिन हम डरने वाले नहीं है जब हमारे पिता ही नहीं रहे तो हम क्यों डरें। हमारी सरकार बनी तो फिर नौकरी की भरमार होगी, महिलाओं को भी सम्मान मिलेगा।

# फर्जी समाजवादियों का मंसूबा नहीं होगा कामयाब: उमेश

- कहा-400 सीटों पर एनडीए की जीत का लक्ष्य पूरा होगा

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा शुक्रवार को समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र की एनडीए प्रत्याशी शांभवी चैधरी एवं बेगुसराय लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी श्री गिरिराज सिंह के नामांकन समारोह में शामिल हुए। दोनों जगहों पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने स्थानीय जनता से एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में वोट करने की अपील की। श्री कुशवाहा ने कहा कि जनता भलीभाँति इस बात को समझती है कि विकसित भारत और विकसित बिहार के संकल्प को पूरा करने के लिए मोदी-नीतीश की जोड़ी कितनी आवश्यक है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राजद के शासन में पूरे बिहार में भय और असुरक्षा का माहौल होता था। आम जनता की बात छोड़िए, बड़े-बड़े अधिकारी और नेता भी खुद को असुरक्षित महसूस करते थे। 15 सालों तक बिहार की जनता को बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जीवन बसर करना पड़ा। स्वास्थ्य और शिक्षा की चैपट स्थिति थी लेकिन आज हमारा बिहार सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाला अर्थव्यवस्था बना है। नीतीश कुमार ने जब बिहार का कमान संभाला तो उन्होंने हर घर बिजली,पानी और शौचालय की सुविधाएं पहुंचायी। टोले और मोहल्लों में पक्की सड़के बनवाई जिससे आवगमन की सुविधाएं बेहतर हो। नीतीश कुमार ने विगत 18 वर्षो में न्याय के साथ समावेशी विकास का बेजोड़ उदारहण देश-दुनिया के सामने पेश करने का काम किया हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहयोग से बिहार विकास के नित-नए आयाम तय कर रहा है।

श्री कुशवाहा ने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में एक सीट की जो कसर बाकी रह गई थी उसे अबकी बार पूरा करना है, यही अपील और आग्रह करने हम आप सबों के बीच आयें है। यह जीत सिर्फ एनडीए उम्मीदवार की जीत नहीं बल्कि बिहार की तरक्की और नए पीढ़ियों के उज्जवज भविष्य की जीत साबित होगी। उन्होंने कहा कि परिवारवादी और भ्रष्टाचारी पार्टियों के झांसे में जनता नहीं आएगी। बिहार में 40 और देश में 400 सीटों पर एनडीए की प्रचंड जीत का लक्ष्य पूरा होगा।

# पहले चरण के सभी चार सीटों पर एनडीए की होगी जीत : जदयू

जदयू मीडिया पैनलिस्ट डॉ मधुरेंदु पांडेय ने आज दावा किया की पहले चरण के चार लोकसभा क्षेत्रों गया, नवादा, जमुई और औरंगाबाद में संपन्न हुए चुनाव में एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। डॉ पांडेय ने कहा कि विपक्ष को एक भी सीट नहीं मिलेगी। इस लोकसभा चुनाव में मतदान में हिस्सा लेने वाले जनता के प्रति आभार प्रकट करते हुए डॉ पांडेय ने कहा कि लोकतंत्र की यह महापर्व में हिस्सा लेकर जनता ने भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने का काम किया है। आगे उन्होंने राजद नेताओं द्वारा निरंतर अमर्यादित टिप्पणी किए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राजद नेता अपनी हार को भांपते हुए अपनी मानसिक संतुलन खो बैठा है। जमुई घटना की कड़ी निंदा करते हुए डॉ पांडेय ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव में अगर थोड़ी सी भी राजनीतिक नैतिकता बची हुई है तथा भारतीय संस्कृति और संस्कार का सम्मान करते हैं तो बिना देर किए वे लोजपा नेता श्री चिराग पासवान की मां से जाकर माफी मांगे और इस कृत्य में शामिल लोगों को दंडित कराने का काम करें। हालांकि डॉ पांडेय ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ऐसा करेगें नहीं। वे किसी की सलाह को सुनने और मानने वाले नहीं हैं क्योंकि वे जंगलराज के युवराज जो ठहरे। डॉ पांडेय ने कहा कि राजद की संस्कार में ही नहीं है कि वे किसी महिला का सम्मान करे। कार्यकर्ता की तो बात ही नहीं कीजिए उनके विधायक बिहार में ऐसे ऐसे कारनामों का अंजाम दिये है की उसे लिख पाने में शर्मिंदगी महसूस हो रहा है।

# पहले चरण के चारों सीटों पर राजद की जीत सुनिश्चित : गगन

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन आज हुए चारो लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में राजद को दिए जबरदस्त समर्थन के लिए मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए चारो सीटों पर राजद की जीत को सुनिश्चित बताया है। उन्होंने कहा कि चारो क्षेत्रों के कुल 9234 मतदान केन्द्रों से मिले फीडबैक के अनुसार राजद अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से काफी मतों के अन्तर से चुनाव जीतने जा रही है। राजद प्रवक्ता ने कहा राजद के प्रदेश कार्यालय से गया लोकसभा क्षेत्र के 3252 , नवादा के 2043 ,औरंगाबाद के 1998 एवं जमुई के 1941 के एक-एक बुथ पर उपस्थित अपने कार्यकताओं से फीडबैक लेने से जो स्थिति सामने आई है उससे यह स्पष्ट हो गया है कि चारो लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में राजद को सभी वर्गों का भरपूर समर्थन मिला है और विपक्षी उम्मीदवारों को मतदाताओं ने सीधे तौर पर खारिज कर दिया है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि बिहार की जनता तेजस्वी जी में बिहार का भविष्य देख रही है। आज मतदान केन्द्रों पर नौजवानों और महिला मतदाताओं में राजद के प्रति गजब का उत्साह देखने को मिला। एनडीए सरकार के दस वर्षों के शासन के प्रति लोगों में काफी आक्रोश है। एनडीए नेताओं के जुमलेबाजी से लोग उब चुके हैं। मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों की वजह से बेरोजगार नौजवानों में बेचैनी है। गाँवों में 83 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं। किसान त्रस्त है। महंगाई से छात्र, युवा और महिला सभी परेशान हैं। देश के हालात इतने बदतर है कि 80 करोड़ लोग आज गरीबी की मार झेल रहा है। तेजस्वी जी द्वारा सत्रह महिने के कार्यकाल में किए गए कामों से लोग काफी प्रभावित हैं। वहीं एनडीए नेताओं को अपनी चुनावी सभाओं में जनता से जुड़े मुद्दों पर बोलने के लिए कुछ है हीं नहीं। राजद प्रवक्ता ने कहा कि आज तो केवल शुरूआत है आगे वाले छः चरणों में जीत का फासला और भी बढ़ेगा और बिहार के चालीस सीटों पर इंडिया गठबंधन की ऐतिहासिक जीत होगी।

# जवाब देने की हिम्मत कब दिखायेंगे युवराज : राजीव

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने एपने एक्स हैंडल के जरिये तेजस्वी यादव को घेरते हुए उनसे कई सवाल पूछे हैं। अपने पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि जंगलराज के युवराज पर राहुल गाँधी का रंग इतना अधिक चढ़ गया है कि उन्हीं की तरह वह भी सीना ठोक कर झूठे बयान देने लगे हैं। जनता से झूठे वादे करने में तो उन्होंने अपनी ही पार्टी का रिकॉर्ड तो तोड़ा ही है और अब उन्हें नीतीश सरकार के कामों का झूठा श्रेय लेने में भी शर्म नहीं आ रही है। उन्होंने लिखा कि राहुल गांधी की तरह तेजस्वी भी हिट एंड रन वाले राजनीतिक सूरमा बन गये हैं। अपनी हर सभा में वह दूसरों से खूब सवाल पूछते हैं, लेकिन खुद से पूछे गये सवालों का जवाब देने में उनके पसीने छूट जाते हैं। वह बताएं कि लोगों के मन में उठ रहे प्रश्नों का जवाब देने की हिम्मत वह कब दिखायेंगे? सवाल पूछते हुए उन्होंने लिखा है कि जगह जगह घूम कर नौकरी देने का ढ़ोल पीट रहे तेजस्वी को बताना चाहिए कि क्या उन्हें नहीं पता कि नीतीश जी ने अपने निश्चयों के तहत 2020 की एनडीए सरकार में ही 10 लाख नौकरी व 10 लाख रोजगार देने की घोषणा करके इन बहालियों की प्रक्रिया शुरू करवा चुके थे। उन्हें बताना चाहिए कि जब इन बहालियों की प्रक्रिया शुरू होते वक्त वह सत्ता में नहीं थे, तब भला उनका इसमें क्या योगदान है? इसके अलावा क्या उन्हें याद नहीं है कि शिक्षकों की बहाली के समय उनके मंत्री कार्यालय तक नहीं जाते थे, यहां तक कि बहालियों की फाइल पर उनके मंत्री के दस्तखत तक नहीं है, ऐसे में वह इसका झूठा श्रेय कैसे ले सकते हैं? हकीकत में तेजस्वी जी को तो यह बताना चाहिए कि उनके 15 वर्षों के राज में बिना जमीन लिखवाए हुए कितने लोगों को नौकरी दी गयी थी? जमुई गाली काण्ड का मुद्दा उठाते हुए जदयू प्रवक्ता ने लिखा है कि तेजस्वी को बताना चाहिए कि राजद के नेताओं में बिहार की माता-बहनों को सम्मान देने के संस्कार क्यों नहीं है? चिराग पासवान को माँ की गाली देने वाले कार्यकताओं को उन्होंने अभी तक पार्टी से क्यों नहीं निकाला? क्यों इस घिनौने कृत्य के लिए उन्होंने अभी तक माफी नहीं मांगी है? उन्होंने लिखा कि तेजस्वी को बताना चाहिए कि उनके माता-पिता के कार्यकाल को जंगलराज क्यों कहा जाता था? उनके राज में अपहरणकताओं, रंगदारों और बाहुबलियों को कौन संरक्षण देता था? पश्चिम चंपारण को मिनी चंबल किसने बनाया हुआ था? उन्होंने लिखा कि तेजस्वी और उनकी पार्टी बार-बार आरक्षण का मुद्दा उठाती है, उन्हें बताना चाहिए कि उनके 15 साल के राज में कितने वर्गों को आरक्षण मिला या बढाया गया? क्या यह सच नहीं है कि उनकी पार्टी ने इस मुद्दे पर सिर्फ लोगों को बेवकूफ बनाया है, दिया कुछ नहीं है? एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि तेजस्वी को बताना चाहिए कि उनके माता-पिता के राज में एक तरफ जहां बड़ी संख्या में युवाओं का भविष्य चौपट हो गया, वहीं दूसरी तरफ तेजस्वी खेलने-कूदने की उम्र में ही बिना काम-धंधे के करोड़पति हो गये। वह बताएं कि उनकी इस कामयाबी का नुस्खा क्या है?

# गाली प्रकरण को लेकर चिराग ने तेजस्वी को लिखा पत्र

- असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



जमुई में महागठबंधन की एक चुनावी सभा के दौरान चिराग पासवान की मां को कहे अपशब्द को लेकर सियासत तेज हो गई है। चिराग पासवान ने तेजस्वी यादव कोपत्र लिखकर गाली-गलौज करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तेजस्वी को लिखे पत्र में चिराग ने लिखा कि तेजस्वी यादव जी, देश भर में चल रहे लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर इन दिनों आप काफी व्यस्त होंगे। आशा करता हूं कि आप और आपके परिवारजन सभी स्वस्थ होंगे। मैं ऐसी बातों को सार्वजनिक करने का पक्षधर कभी नहीं रहा, लेकिन कुछ बातें जनता के बीच भी आनी जरुरी हैं। मैंने सदैव आपको अपना छोटा भाई माना और आपके और अपने परिवार में कभी फर्क नहीं समझा। राबड़ी देवी एवं लालू प्रसाद यादव को हमेशा माता-पिता तुल्य माना। आपके संज्ञान में एक बात लाना चाहता हूं कि विगत कुछ दिनों पहले जब जमुई में आप एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे तभी कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा मुझे और मेरे परिवार को लेकर आपके सामने ही अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया। इतना ही नहीं, गाली-गलौज जैसी भाषा का प्रयोग भी किया गया, जो बेहद निंदनीय है। चिराग ने आगे लिखा, मुझे दुःख तब हुआ जब आपकी आंखों के सामने घटित इस घटना पर आप खामोश रहे। दुःख मुझे तब और ज्यादा हुआ जब आपकी पार्टी की प्रत्याशी जो खुद एक महिला होते हुए इस घटना को नजरंदाज करती रही। मंच के ठीक सामने पहली पंक्ति में खड़े लोग चिल्ला-चिल्लाकर मुझे और मेरी माँ को गाली दे रहे थे और आप खामोशी से खड़े थे। उस वक्त मंच पर इतना भी शोर नहीं था कि आपके कान में वो बातें नहीं आई हो। मंच पर आप खड़े थे और आपके ठीक नीचे कुछ फासले पर यह अपशब्द कहे जा रहे थे। मेरे ही नहीं किसी और के भी परिवार के बारे में ऐसी भाषा का प्रयोग या ऐसी भाषा का प्रोत्साहन अनुचित है। इस मामले में नेताओं की खामोशी असामाजिक तत्वों को बढ़ावा देती है। जनप्रतिनिधि होने के नाते हम सबको मयार्दा का परिचय देना चाहिए ताकि जो लोग हमें अपना आदर्श मानते है वो भविष्य में मर्यादित आचरण करें। उन्होंने लिखा कि, मैंने कभी राबड़ी देवी और अपनी माँ में कोई फर्क नहीं समझा। ऐसे में मुझे आपसे ये उम्मीद नहीं थी। मैं मानता हूँ कि राजनीतिक दलों के विचार अलग हो सकते हैं, मतभेद हो सकते हैं लेकिन वैमनस्य होना उचित नहीं है। किसी की माँ के बारे में ऐसी अभद्र भाषा मेरे लिए कल्पना से परे है। आपकी पार्टी के समर्थकों द्वारा की गई इस हरकत से 90 के दशक की जंगलराज की यादें ताजा हो गई है। उस दौर में माँ-बेटियों का घरों से निकलना भी दूभर था। महिलाओं को अपमानित और प्रताड़ित किया जाता था। आज इस घटना के बाद एक पुत्र होने के नाते मेरे लिए अपनी माँ के बारे में ऐसा शब्द सुनना कितना पीड़ादायक है, इसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते। मैं चाहता हूँ की आप अपनी पार्टी के कार्यकताओं और समर्थकों को कड़ा संदेश दें ताकि आइंदा मेरे साथ ही नहीं बल्कि बिहार में रह रही किसी भी माँ-बहन के लिए ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं किया जा सके। चिराग लिखते हैं कि, मैंने अपने पिता से रिश्तों की पहचान करना सीखा है। राजनीतिक रिश्तों के साथ पारिवारिक रिश्ते भी जरूरी होते हैं। अंत में, मैं आपसे सिर्फ इतना ही कहूँगा कि मैं अपनी माँ और बहनों को जैसा प्यार और सम्मान देता आया हूँ वैसा प्यार और सम्मान मैंने मीसा दीदी व अन्य बहनों एवं राबड़ी देवी जी को भी दिया है लेकिन शायद वो प्यार और सम्मान सिर्फ मेरे तरफ से था। इस बात का दुःख मुझे और मेरे परिवार को आज हुआ है। मैं आशा करता हूँ कि मेरी माताजी का अपमान करने वालों पर आप तत्काल कार्रवाई करेंगे।

# एनडीए के पक्ष में मतदाताओं ने किया वोटिंग: मंगल

पटना। सूबे के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने राज्य में संपन्न चार लोकसभा सीटों पर मतदाताओं की बड़ी भागीदारी को लेकर उन्हें बधाई दी है। साथ ही निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव कराने को लेकर स्थानीय-पुलिस प्रशासन की सराहना की है। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य के नवाद, गया, औरंगाबाद और जमुई में उत्साह के साथ मतदाताओं ने किया। मतदाता सुबह से ही वोट देने के कतार में लगे रहे। राज्य की जनता ने देश के विकास और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान किया। उम्मीद है कि आने वाले चरणों के चुनाव में मतदाता इसी तरह लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेकर मजबूत और सुरक्षित सरकार के लिए बढ़-चढ़ कर अपने मतदाधिकार का प्रयोग करेंगे। वोटिंग के लिए लोगों में उत्सुकता ऐसी थी कि पहले मतदान फिर जलपान और अन्य कोई काम किया। पहले चरण में ही मतदाताओं का आशीर्वाद एनडीए को मिल चुका है। संपन्न चारों सीट पर भाजपा की जीत सुनिश्चित है।

# रोहिणी को लेकर सम्राट के बयान पर क्यों चुप थे चिराग : मीसा

- कहा-कथनी और करनी में फर्क मत कीजिए
- महिला कोई भी हो अभद्र टिप्पणी नहीं होनी चाहिए

पटना। बिहार के राजनीतिक गलियारों में इस समय तेजस्वी यादव की जनसभा में चिराग पासवान की मां को कहे अपशब्द पर सियासत गरमाई हुई है। एनडीए ने इसकी शिकायत चुनाव आयोग से की है। वहीं, चिराग पासवान ने खुद तेजस्वी यादव को इस मामले में चिट्ठी लिखी है। ऐसे में लालू प्रसाद की बेटी मीसा भारती ने भी इस विवाद में अपनी एंट्री मार दी है और चिराग पर पलटवार किया है। मीसा भारती ने कहा है महिलाएं चाहे किसी भी पार्टी से जुडी हों, उनके प्रति अभद्र टिप्पणी नहीं होनी चाहिए। यह बहुत ही दुखद बात है। लेकिन मैं प्रधानमंत्री मोदी, बीजेपी नेताओं और चिराग पासवान से एक सवाल पूछना चाहती हूं। मीसा ने कहा कि चिराग पासवान आपका मुंह उस समय बंद हो गया था, जब सम्राट चौधरी ने रोहिणी आचार्य और मेरे पिता पर अभद्र टिप्पणी की थी। तब आपको तकलीफ नहीं हुई थी? तब आपने क्या रिएक्शन दिया था? क्या आपने उस समय कार्रवाई करने के लिए प्रधानमंत्री को कहा था? तो कथनी और करनी में फर्क मत कीजिए। ताली एक हाथ से नहीं बजती है। वहीं, मीसा भारती ने आगे कहा कि मैं यही कहना चाहती हूं कि किसी भी दल में जो महिलाएं हों, उनका सम्मान होना चाहिए। किसी को अभद्र टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। यह निंदनीय है और मैं इसकी घोर आलोचना करती हूं। लेकिन जब सम्राट चौधरी ने मेरी बहन और मेरे पिता पर अभद्र टिप्पणी की थी, तब चिराग पासवान ने कुछ क्यों नहीं बोला था। उधर, प्रधानमंत्री ने बिहार में रैली की थी। प्रधानमंत्री ने राजद और लालू परिवार पर निशाना साधा था। इस पर मीसा भारती ने पलटवार किया। मीसा भारती ने कहा, प्रधानमंत्री जी ने 10 साल में कुछ किया नहीं और अब अपनी नाकामी छिपाने के लिए इस तरह की बात करते हैं। राजद पर भाषण देने से क्या रोजगारी दूर हो जाएगी, क्या महंगाई कम हो जाएगी और क्या किसानों की आय दोगुनी हो जाएगी? उन्होंने पूछा कि क्या इससे बिहार को स्पेशल पैकेज मिल सकता है?

## कृषि सचिव बोलें- किसानों को अधिक मुनाफा मिलेगी

# किसानों को मक्का की खेती के लिए किया जा रहा है प्रोत्साहित :सजय

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



सूबे के किसानों को मक्का की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि कटिहार जिले के कोढ़ा प्रखंड क्षेत्र में किसानों द्वारा मक्का की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है। पीला सोना के रूप में जाना जाने वाला मक्का की कटनी होने लगी है। किसान प्रदीप कुमार चौरसिया द्वारा जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम अंतर्गत उन्नत तकनीक अपनाते हुए कटिहार जिले के मुसापुर गांव में मेढ़ पर मक्के की बुवाई की गई थी। किसान को मक्का की कटनी के दौरान लगभग 112 क्विंटल प्रति हेक्टेयर मक्का का उत्पादन हुआ। जिससे उनको एक हेक्टेयर में 1 लाख 58 हजार 500 शुद्ध मुनाफा प्राप्त हुआ। पिछले साल उन्हें फ्लैट बेड पर मक्का की खेती करने पर करीब 98 क्विंटल प्रति हेक्टेयर मक्का ही का उत्पादन हुआ था। रबी (2023-24) कटिहार जिले में जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के तहत कुल लगभग 450 एकड़ में मेढ़ पर मक्के की खेती की गई है।

**समय-समय पर मेढ़ पर मक्के की खेती से संबंधित प्रशिक्षण :**

उन्होंने कहा कि कृषि विभाग के प्रसार कार्यकर्त्ता तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से किसानों को समय-समय पर मेढ़ पर मक्के की खेती से संबंधित प्रशिक्षण के साथ-साथ एक एकड़ में फसल लगाने के लिए बीज भी उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही त्पैमक ठमक च्संदजमत डंबीपदम का खर्च, कीड़े-मकोड़े से बचाव के लिए छिड़काव के लिए दवाई इत्यादि भी दिया गया। श्री अग्रवाल ने कहा कि किसानों को मक्का की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा कई योजनाएँ चलाई जा रही है। दक्षिण बिहार में वर्षा कम होती है। इस वजह से किसान ज्यादा पानी की जरूरत वाली फसलें नहीं लगा पाते हैं। यहाँ धान की रोपाई और कटाई देर से होती है। इस कारण रबी मौसम में गेहूँ लगाने में देर होता है तथा उत्पादन कम मिलता है। मक्के की खेती कर जलवायु परिवर्तन के दौर में फसल चक्र सुधारने में मदद मिलेगी एवं किसानों को अधिक मुनाफा मिलेगी।

# पहले चरण में एनडीए का हो गया सफाया : भाकपा



पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि बिहार सहित पूरे देश में पहले चरण का लोकसभा चुनाव सम्पन्न हो गया। पहले चरण के चुनाव में ही भाजपा गठबंधन की हवा निकल गई है। देश की जनता ने महंगाई, तानाशाही और फासीवाद के खिलाफ वोट किया है। बिहार की चारों लोकसभा सीटों गया, औरंगाबाद, नवादा और जमुई में महागठबंधन समर्थित राजद उम्मीदवार की जीत हो रही है। राजग अपने में ही बटा हुआ है तो महागठबंधन एकजुट है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा ज्यों ज्यों चुनाव का चरण बढ़ेगा त्यों त्यों भाजपा की बौखलाहट भी बढ़ेगी। क्योंकि केंद्र की सत्ता से भाजपा की विदाई तय हो गई।जनता भावना पर नहीं मुद्दों पर वोट कर रही है। मोदी की गारंटी पानी पर लिखाई के समान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में जो वादे किए, वो कभी नहीं निभा पाये। युवाओं को प्रत्येक साल दो करोड़ नौकरी नहीं मिली। गरीबों के खाते में 15-15 लाख रुपये नहीं मिले। किसानों की आमदनी दो गुनी नहीं हुई। सभी गरीबों को पक्का घर नहीं मिला। मंहगाई कम नहीं हुयी बल्कि सभी आवश्यक वस्तुओं की कीमत कई गुना बढ़ गई। आम जनता मंहगाई और बेरोजगारी से परेशान है।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या 02/टी.आर.डी./डी.एन.आर./ओ.टी./24–25

मंडल रेल प्रबंधक पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**निविदा संख्या : टी.आर.डी./डी.एन.आर./ओ.टी./02/24–25, कार्य का नाम एवं स्थान :** किऊल आर.आर.आई. के संबंध में शेष कार्य का विस्तृत प्राक्कलन। **कार्य की अनुमानित लागत (मूल्य टी.आई.एन):** 1,09,14,989.58, **अग्रधन राशि:** 2,04,600/–

**निविदा खुलने एवं जमा करने की तारिख और समय:** निविदा 12.00 बजे तक www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन जमा करनी होगी। खुलने की तारीख यानी 06.05.2024 को और उसी दिन 12.30 बजे खोला जाएगा। **5. वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है और कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है आदि:** विस्तृत निविदा सूचना, पात्रता मानदंड और निविदा दस्तावेज सी.आर.आई.एस वेबसाइट **http:/www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं और नोटिस का पूरा विवरण डी.ई.ई. (टी.आर.डी.)/पूर्व मध्य रेलवे/दानापुर के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। यदि आवश्यक हुआ तो सभी शुद्धिपत्र वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।

**मंडल रेल प्रबन्धक, पूर्व मध्य रेल, दानापुर**

**पीआर/110/डीएनआर/ईटीआरडी/टी/24–25/36**

## संक्षिप्त खबरें

### न्यायालय के आदेश पर दो वारंटी गिरफ्तार

मधुबनी रहिका थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार के नेतृत्व में न्यायालय द्वारा निर्गत अधिपत्र के आधार पर ग्राम रामपुर से दो वारंटी को किया गिरफ्तार। गिरफ्तार वारंटी न्यायालय से फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष ने बताया कि यह गिरफ्तारी समकालीन अभियान के तहत ग्राम रामपुर से मो0यासीन व मो0फारूक दोनो थाना रहिका जिला मधुबनी को न्यायिक हिरासत में लेने हेतु व्यवहार न्यायालय मधुबनी भेज दिया गया। मौके पर सहायक अवर निरीक्षक मो मोईन के साथ अन्य पुलिस बल तैनात थे।

### वारंटी गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के तीन विभिन्न जगहों से पुलिस ने तीन वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार वारटी की पहचान मुक्तापुर गांव निवासी राजा पासवान, भागीरथपुर गांव निवासी राम जन्म सहनी एवं मलकोली गांव निवासी संतोष कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी नीतिश चंद्र धारिया ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी समस्तीपुर कोर्ट भेजा गया है।

### जानलेवा हमला मामले में पांच आरोपियों को पांच साल कारावास

समस्तीपुर जानलेवा हमला मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद प्रथम अपर जिला व सत्र न्यायाधीश पवन कुमार झा ने पांच आरोपियों को दोषी पाने के बाद पांच पांच साल सश्रम कारावास की सजा सुनाने के साथ ही 25-25 हजार रुपये आर्थिक जुमार्ना लगाया। सजा पाने वालों में वैनी जोपी के मुजौना गांव निवासी अमित झा, सुमित झा, ऋषिकेश झा, नरेश झा और दीपक झा शामिल है। सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं। आर्थिक जुमार्ना अदा नहीं करने पर सभी को छह छह महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। इन आरोपियों को भादवि की धारा 307/34 में पांच पांच साल सश्रम कारावास और भादवि की धारा 341/34 में एक एक साल के साधारण कारावास की सजा मिली है। कोर्ट ने सभी सजा साथ साथ चलाने का आदेश दिया है। न्यायालय सूत्रों के अनुसार, मुजौना गांव के राजेश कुमार पर सभी ने 7 अगस्त 2015 पर जानलेवा हमला किया था। तलवार और फरसा के वार से राजेश गंभीर रूप से जख्मी हुआ था। इस मामले में राजेश ने वैनी जोपी में कांड संख्या 257/2015 के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी थी। न्यायालय में अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक रमेश प्रसाद सिंह और बचाव पक्ष की ओर से ठाकुर विक्रम सिंह ने अपना अपना पक्ष रखा।

### स्प्रिट मामले में दो फरार तस्कर गिरफ्तार

मधुबनी रहिका थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पंडौल थाना क्षेत्र के ग्राम यमसम से विकास कुमार चौरसिया व रघुनाथपुर गांव से कमलेश कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। बताते चले कि कुछ दिन पूर्व रहिका थाना क्षेत्र के जगतपुर स्थित जीवछ पुल से 300 मीटर आगे मधुबनी जाने वाली मुख्य मार्ग पर चेकिंगअभियान के तहत एक टेंपो पर सवार तीन युवक बैठे हुए थे जिसमें टेंपो से उतर कर दो युवक भागने में सफल रहे एक युवक को टेंपू पर ही पकड़ लिया गया जिससे पूछने पर बताया कि मैं टेंपो का चालक टेंपू जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर इफ07ढउ 9251 उसे टेंपो का मालिक भी हूं मेरा नाम गुड्डू कुमार राम पिता गंगाराम ग्राम यमसम कुआं टोल थाना पंडोल जिला मधुबनी को न्यायिक हिरासत में लेने हेतु पूर्व में भेजा गया।दो भागने वाले युवक विकास कुमार चौरसिया व कमलेश यादव विकास और कमलेश दोनों को पंडौल थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया।

# सोना लूट कांड का हुआ उद्भेदन, 5 अभियुक्त गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। पुलिस ने पिछले दिनों सदर थानान्तर्गत सोना लूट-कांड का सफल उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में अबतक 5 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी देते हुए राकेश कुमार ने बताया कि बीते 10 अप्रैल को सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत रामदयालु स्थित कोलकता ज्वैलर्स नामक आभूषण दुकान में अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा हथियार के बल पर सोना-चांदी लूट-पाट की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में वादी गोपाल कुमार के फर्दब्यान के आधार पर सदर थाना में मामला दर्ज किया गया।कांड की गंभीरता व सफल उद्भेदन हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर के निर्देशन व नगर पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर के अनुश्रवण एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, नगर-2 के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त विशेष टीम में पुलिस उपाधीक्षक-सह-थानाध्यक्ष, मुजफ्फरपुर साइबर थाना, प्रभारी जिला आसूचना इकाई एवं थानाध्यक्ष सदर की टीम को भी शामिल किया गया।

गठित विशेष टीम को सहायक पुलिस अधीक्षक, नगर मुज०पुर द्वारा भी लगातार आवश्यक सहयोग प्रदान की जा रही थी। गठित विशेष टीम द्वारा सी०सी०टी०वी० फुटेज का निरंतर अवलोकन एवं तकनीकी बिंदुओं के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त, मास्टरमाईंड कुख्यात अपराधकर्मी रिपु झा उर्फ अनुपम झा पिता अवधेश झा , ग्राम बैकुंठपुर थाना राजा पाकड़ जिला बैशाली, एवं इसके सहयोगी जयहिन्द मौर्या पिता लालचन्द्र मौर्या ग्राम कुसैला थाना केराकट जिला-जौनपुर (उ०प्र०) मनीष सेठ पिता ओमप्रकाश सेठ ग्राम दानगंज थाना चोलापुर जिला-वाराणसी (उ०प्र०) को लूट की सोना एवं चांदी के साथ वाराणसी (उ०प्र०) से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी के उपरांत टीम द्वारा वापस जिला लाने के क्रम में जिलांतर्गत फकुली थाना क्षेत्र अंतर्गत ढ़ोली पुल के पास अपराधकर्मी रिपु झा उर्फ अनुपम झा द्वारा शौच करने का बहाना बनाकर व सुरक्षा/निगरानी में प्रतिनियुक्त पुलिस बल से हथियार छिनकर पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग की गई। जिसके कारण पुलिस टीम का वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।टीम द्वारा जवाबी कार्रवाई के रूप में चेतावनी, आत्मरक्षार्थ एवं नियंत्रित फायरिंग की गई। फायरिंग के क्रम में कुख्यात अपराधकर्मी रिपु झा उर्फ अनुपम झा को पैर में गोली लगने से जख्मी हो गया। घायल अपराधकर्मी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उचित उपचार हेतु एस० के०एम०सी०एच०, मुजफ्फरपुर में भर्ती कराया गया है। एसएसपी ने बताया कि दुर्दांत अपराधकर्मी रिपु झा उर्फ अनुपम झा का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। इसने कई राज्यों के शहरों में हत्या, लूट-डकैती आदी जैसी घटनाओं को अंजाम दिया है। इसपर छतीसगढ़ में वर्ष 2021 में न्यायालय परिसर, रायपुर, छतीसगढ एवं वर्ष 2023 में इलाज के दौरान शौच के बहाने सुरक्षा में प्रतिनियुक्त पुलिसकर्मियों पर हमला करके जिला अस्पताल दुर्ग, मेडिकल वार्ड से भागने का भी आरोप है।उपरोक्त गिरफ्तार तीनों अपराधकर्मियों के अलावा इस लूट-पाट की घटना में संलिप्त दो अन्य अभियुक्त पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

# समस्तीपुर संसदीय क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी शांभवी चौधरी ने नामांकन पत्र किया दाखिल



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर-23 ( अजा ) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास ) के उम्मीदवार शांभवी चौधरी के द्वारा चार सेटों में नामांकन पत्र दाखिल किया गया। नामांकन के समय उम्मीदवार के चार प्रस्तावक पूर्व सांसद अश्वमेध देवी, राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर, रोसरा विधायक वीरेंद्र कुमार और विनय कुमार चौधरी उपस्थित थे। नामांकन के लिए प्रत्याशीयों के समर्थकों को बाहर ही रोक दिया गया था। पटेल गोलंबर से लेकर अनुमंडल कार्यालय तक सड़क वन-वे कर दिया गया है। वहीं समस्तीपुर एसपी विनय तिवारी स्वयं सुरक्षा व्यवस्था जायजा ले रहे थे। पुलिस कर्मियों को कई तरह के निर्देश दिये। बाहर में जदयू नेता दुर्गेश राय, अंनत कुशवाहा, रंजीत कुमार मौजूद थे। नामांकन के बाद एनडीए कार्यकताओं में काफी उत्साह का माहौल देखा गया। नामांकन के बाद शांभवी चौधरी से पत्रकारों ने बात करने का प्रयास किया मगर उन्होंने पहले बात करने से मना कर दिया। बाद में उनके प्रस्तावक के आग्रह पर पत्रकारों बात की। बात चीत के दौरान उन्होंने कहा कि हमे जनता का सेवा करने का अवसर मिला है। यहां की जनता अगर हमे अशीर्वाद देती है तो उनसे किये गये हर वादों को पूरा करना हमारा प्रथम कर्तव्य रहेगा। नामांकन पत्र दाखिल खारिज किये जाने को लेकर प्रत्याशी के साथ 4 लोगों को ही अंदर आने की जिला प्रशासन ने अनुमित दी है। इस कारण से उनके समर्थकों को समाहरणालय गेट पर प्रतिनियुक्त सुरक्षा कमियों ने अंदर जाने की अनुमित नहीं दिये। नामांकन को लेकर शहर में दिन भर जाम की स्थिति बनह रही। कड़ी धूप में आम यात्री जाम फंसे रहे। नामांकन दाखिल करने के दौरान सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए थे। प्रत्याशियों ने सभी आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी के अलावा कई अधिकारी मौजूद थे। प्रत्याशी के समर्थकों वाहन लगाने के लिए पटेल मैदान में पार्किंग स्थल बनाया गया है। समस्तीपुर और उजियारपुर संसदीय क्षेत्र में गुरूवार से नामाकंन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। शुक्रवार को पहला नामाकंन एनडीए प्रत्याशी शाभवी चौधरी ने समस्तीपुर संसदीय क्षेत्र से की है। उधर नामांकन को देखते हुए समाहरणालय की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कलेक्ट्रेट के सामने वाली सड़क को वन वे भी कर दिया गया है।

# चीलचिलाती धूप में खड़े होकर मतदाता ने किया मताधिकार प्रयोग

## जिला प्रशासन की ओर से मतदाता के लिए कोई व्यवस्था नहीं ,लेकिन सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी राकेश कुमार, पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन ने 17 अप्रैल को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करके संवाद कक्ष में बताया गया था कि प्रत्येक बूथ पर चिलचिलाती धूप से बचने हेतु मतदाता के लिए टेंट या पंडाल बनाने का निर्देश दिया गया और साथ में पीने के लिए पानी का व्यवस्था रहेगी।जब मेरे संवाददाता लक्ष्मीपुर प्रखंड अंतर्गत काला पंचायत के बूथ नम्बर 53 और 54 पर पहुंचे तो नजारा उल्टा पाया।उक्त बूथ पर प्रतिनुक्त पुलिस जवानों ने बताया कि यहां पर पीने की पानी का कोई व्यवस्था नहीं है।वहीं मताधिकार का प्रयोग कर लौट रहे युवा,बुजुर्ग महिला पुरुष ने बताया कि मतदान केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था थी।लेकिन हम मतदाताओं के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी।

वहीं काला निवासी कंचनी देवी ने बताया कि मैं अपने छोटे बेटे को गोद में लिए चिलचिलाती धूप में लाइन में खड़े होकर मतदान किए।यहां पर जिला प्रशासन की ओर से कोई व्यवस्था नहीं थी, ना पीने के पानी का और ना ही धूप से बचने के लिए कोई टेंट या पंडाल की। वहीं मतदान करने आई 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला द्रोपत्ति देवी ने बताया कि मैं बुखार से पीड़ित हूं।उसके बाबजूद भी मैं वोट देने आई।इस चिलचिलाती धूप में खड़े होकर मतदान किए हैं।यहां पर पीने का पानी एवम छायादार में खड़े होकर मतदान करने का कोई व्यवस्था नहीं है।यही बात मतदान करने आई कविया देवी,शंकर शर्मा एवम अन्य लोगों ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से चिलचिलाती धूप से बचने के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी और ना ही पीने का पानी का। इसे में कुछ खड़े युवा मतदाता ने बताया कि बिहार सरकार का दावा सब खोखला है।हम मतदाताओं का वोट लेने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कागज पर सभी व्यवस्था रहेगी लेकिन धरातल पर देख लें ,कोई भी व्यवस्था नहीं है। ऐसे ही लोकसभा चुनावों में हम लोग मतदान करने को मजबूर होते हैं।

# सोना लूट कांड का अभियुक्त पुलिस एनकाउंटर में घायल

## पुलिस अभिरक्षा में हो रहा इलाज

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। पुलिस अभिरक्षा से भाग रहे सोना लूट कांड के अभियुक्त के पैर में पुलिस द्वारा गोली मारी गई है जिसका पुलिस अभिरक्षा में मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच में इलाज चल रहा है। बताते चलें कि पिछले दिनों सदर थाना क्षेत्र के आरडीएस कॉलेज के पास कोलकाता ज्वेलर्स से दिनदहाड़े अपराधियों ने हथियार के बल पर तकरीबन 51 लाख रुपए मूल्य के सोने के लूट की वारदात को अंजाम दिया था।जिसके बाद एसएसपी राकेश कुमार के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया था। विशेष टीम लगातार इन अपराध कर्मियों के पीछे लगी हुई थी। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर विशेष टीम ने कार्रवाई करते हुए जम्मू कश्मीर से सोना लूट कांड के मुख्य आरोपी अनुपम झा को गिरफ्तार किया था और अपने साथ मुजफ्फरपुर ला रही थी.। इसी क्रम में शुक्रवार यानी आज अहले सुबह तकरीबन 4 बजे मुजफ्फरपुर जिले के फकुली थाना क्षेत्र में पहुंचते ही गिरफ्तार आरोपी अनुपम झा ने शौच जाने की बात कही, जिसके बाद पुलिस द्वारा उसे शौच ले जाय जानें लगा. इसी दौरान मौके का फायदा उठाकर गिरफ्तार अपराध कमी अनुपम झा ने एक पुलिसकर्मी की पिस्तौल छीन ली और पुलिस पर ही फायरिंग करते हुए भागने की कोशिश करने लगा। इसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए आत्मरक्षा में गोलियां चलाई जिसमें गिरफ्तार अपराधी अनुपम झा को पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उसे अपने अभीरक्षा में लेते हुए इलाज के लिए मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच में भर्ती कराया है।

# सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने भारत नेपाल सीमा पर किराने समान किया जब्त



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी सशस्त्र सीमा बल 48 वीं वाहिनी जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत नेपाल सीमा चौकी जानकीनगर के जिम्मे वारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को सफलता मिली है, इलाके में लगातार हो रही तस्करी के क्रम को रोकने के लिए गुप्त सूचना के आधार पर सीमांत चौकी जानकीनगर एवं सीमांत चौकी कमला के जवानों द्वारा संयुक्त गस्ती के दौरान सहायक उप निरीक्षक प्रणव सरदार एवं सहायक उप निरीक्षक संचार की अगुवाई में अन्य जवानों के साथ की गई कार्यवाही में भारतीय-नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 276/06 से लगभग 50 मीटर भारतीय क्षेत्र में पोल्ट्री फार्म के नजदीक भारत से बोलोरो पिकअप पर नेपाल ले जाया जा रहा भारी मात्रा में किराने के समान के साथ एक व्यक्ति चौथी भगत उम्र 29 साल सुपुत्र मोलहा भगत गांव व डाकघर कटैया पुलिस स्टेशन बासोपट्टी जिला मधुबनी बिहार को जब्त कर गिरफ्तार किया गया है। जब्त किए गए किराने के समान बोलोरो पिकअप एवं गिरफ्तार व्यक्ति को अग्रिम कार्यवाही हेतु सीमा शुल्क कार्यालय जयनगर के सुपुर्द कर दिया गया है । भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय में भी इसी प्रकार अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा । गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट 48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है, ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके । आगामी चुनाव के मध्य नजर जो भी तत्व या सामग्री मतदाता को गलत तरीके से प्रभावित करने में मददगार होगी उन सभी पर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही साथ देश की सुरक्षा और अखंडता को बनाए रखने के लिए जो भी आवश्यक होगा वह प्रत्येक प्रयास किया जा रहा है।

# नेपाल के पूर्व केंद्रीय मंत्री ने किया बाबा गरीब नाथ का दर्शन-पूजन पुरोहित महासभा ने किया स्वागत



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर:: नेपाल के पूर्व केंद्रीय मंत्री अनिल कुमार झा मुजफ्फरपुर पहुंचे। बाबा गरीब नाथ का विधिवत पूजा अर्चना किया।

मीडिया फार बॉर्डर हार्मनी के संस्थापक वरीय पत्रकार अमरेंद्र तिवारी ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत और नेपाल के बीच सामाजिक रिश्ता बहुत पुराना है। बाबा पशुपतिनाथ और मुजफ्फरपुर में बाबा गरीब नाथ के दर्शन से श्रद्धालुओं को हर मनोकामना पूर्ण होती है। बताया कि भारत नेपाल के बीच जो बेटी रोटी रिश्ता है ।दूसरे देश के साथ नहीं हो सकता है। कहा का बाबा गरीबनाथ के दर्शन के लिए हर साल नेपाल के श्रद्धालु आते हैं। इसके साथ श्रद्धालु अरेराज में बाबा सोमेश्वर नाथ का भी दर्शन करते हैं। यहां से श्रद्धालु नियमित बाबा पशुपतिनाथ का दर्शन करने जाते हैं।

बाबा गरीब नाथ धाम मंदिर के प्रधान पुजारी व चाणक्य विद्यापति सोसाइटी के अध्यक्ष पंडित विनय पाठक ने उन्हें माला पहनकर अंग वस्त्र देकर आशीर्वाद दिया। इस मौके पर अखंड भारत पुरोहित महासभा की और से सम्मान पत्र व अंग वस्त्र दिया गया। महासभा के अध्यक्ष पुरोहित हरिशंकर पाठक में उनका स्वागत किया। इस मौके पर समाजसेवी सुमणकांत झा, राम बालक भारती, व अन्य उपस्थित रहे।

# अगले 5 दिनों तक अधिकतम तापमान होगा 42 डिग्री, सेल्सियस, प्रचंड लू की सम्भावना

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। अगले 5दिनों तक अधिकतम तापमान 39से 42डिग्री सेल्सियस रहेगा।तीन दिनों तक प्रचंड लूं चलने की सम्भावना है। यह जानकारी ग्रामीण कृषि मौसम सेवा , डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा 20से 24अप्रैल तक के लिए जारी मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान में दी गई है।मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 38.1 एवं 20.8 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 77 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 37 प्रतिशत, हवा की औसत गति 11.5 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 7.7 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 10.1 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 25.3 एवं दोपहर में 37.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा। मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान,20-24 अप्रैल के अनुसार , पूवार्नुमान की अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आसमान में हल्के बादल देखे जा सकते हैं। हाँलाकि इस अवधि में मौसम के शुष्क रहने का अनुमान है। अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है, जिसके कारण अधिकतम तापमान 39-42 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। जबकि न्यूनतम तापमान 23-26 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है। अगले 3 दिनों तक प्रचंड लू की स्थिति बने रहने की सम्भावना है।पूवार्नुमानित अवधि में औसतन 14 से 18 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से पछिया हवा चलने की सम्भावना है।सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 60 से 70 प्रतिशत तथा दोपहर में 30 से 40 प्रतिशत रहने की संभावना है। किसानों को सलाह दी गई है कि शुष्क मौसम की संभावना को देखते हुए किसान भाई गेहूँ एवं अरहर की कटनी तथा दौनी प्राथमिकता देकर संपन्न करें। खड़ फसलों में सिंचाई शाम के समय में करें। ध्यान दें कि, सिंचाई करते समय हवा की गति कम हों। बसंतकालीन मक्का की फसल जो घुटने की ऊचाई के बराबर हो गयी हो, मिट्टी चढ़ाने का कार्य करें। आवश्यक नमी हेतु सिंचाई करें। इन फसलों में तना छेदक कीट की निगराणी करें। शुष्क एवं गर्म मौसम इस कीट के फैलाव के लिए अनुकूल वातावरण है। अण्डे से निकलने के बाद इस कीट की छोटी-छोटी सुडियों मक्का की कोमल पत्तियों को खाती है तथा मध्य कलिका की पत्तियों के बीच घुसकर तने में पहुँच जाती है तथा गुदा को खाती हुई जड़ की तरफ बढ़ते हुए सुरंग बनाती है। फलस्वरुप मध्य कलिका मुरझाई हुई नजर आती है जो बाद में सुख जाती है। इस प्रकार पौधे की बढ़वार रुक जाती है एवं उपज में काफी कमी आती है। इस कीट के रोकथाम हेतु क्लोरपाईरिफॉस 20 ई०सी० दवा का 2.5 मि०ली०/लीटर पानी की दर से घोल बनाकर फसल में समान रुप से छिडकाव करें। गरमा सब्जियों जैसे भिन्डी, नेनुआ, करैला, लौकी (कद्दू), और खीरा की फसल में आवश्यकतानुसार निकाई-गुड़ाई एवं सिंचाई करें। सब्जियों में कीट एक रोग-व्याधि की निगरानी प्राथमिकता से करते रहें। कीट का प्रकोप इन फसलों में दिखने पर मैलाथियान 50 ई०सी० या डाइमेथोएट 30 ई०सी० दवा का मि० ली० प्रति लीटर पानी की दर से घोलकर छिड़काव करें।

# तेजस्वी प्रसाद यादव के 17 महीनों का काम विरोधियों के 17 वर्षों के काम पर भारी : आलोक कुमार मेहता

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



लोकसभा आम निर्वाचन के चौथे चरण में उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र में 13 मई को मतदान होना है। इसको लेकर 18 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। 19 अप्रैल को महागठबंधन के प्रत्याशी के तौर पर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता ने उजियारपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए दो सेटों ने निवार्ची पदाधिकारी अजय कुमार तिवारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। प्रथम सेट में नामांकन पत्र के प्रस्तावक 134 विधान सभा क्षेत्र के राम लवलीन राय व दूसरे सेट के प्रस्तावक 130 पातेपुर विधान सभा क्षेत्र के मुमताज आलम हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने के के बाद निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष आलोक कुमार मेहता के द्वारा शपथ लिया गया। नामांकन के दौरान उनके साथ में मोरवा विधायक रणविजय साहू व मोहिउद्दीननगर की पूर्व विधायक एज्या यादव मौजूद थी। बता दे के नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद आलोक कुमार मेहता तेजी से मुसरीघरारी में आयोजित तेजस्वी प्रसाद यादव की सभा के लिए प्रस्थान कर गए। नामांकन दाखिल करने के बाद बाहर निकालने के दौरान आलोक कुमार मेहता ने कहा कि समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र में उनके कार्यकाल के दौरान 2004 से 2009 के विकास के कई महत्वपूर्ण कार्य हुए, जो आज भी नजर आता है। इसी तरह उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र में भी विकास के कार्य किए जाएंगे और उसे चमकाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव व राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व आरजेडी की 17 महीने की उपलब्धि विरोधियों के 17 साल की कार्यकाल पर भारी है। नामांकन दाखिल करने के बाद बाहर निकलने पर महागठबंधन कार्यकताओं ने जिंदाबाद का नारा लगाते हुए आलोक कुमार मेहता को फूल-मालाओं से लाद दिया। बता दें कि उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत छह विधानसभा सीटें आती हैं। जिसमें पातेपुर, उजियारपुर, मोरवा, सरायरंजन, मोहिउद्दीननगर और विभूतिपुर विधानसभा सीटें शामिल है। इसमें पातेपुर विधानसभा सीट आरक्षित है और यह वैशाली जिला अंतर्गत आता है। वहीं उजियारपुर, मोरवा, सरायरंजन, मोहिउद्दीननगर और विभूतिपुर विधानसभा क्षेत्र समस्तीपुर जिले में आते हैं। बता दें कि बता दें कि उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है और नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल है। यहां 13 मई को मतदान होना है और चार जून को मतगणना होना है।

# मोदी सरकार देश के युवाओं एवं किसानों को गर्त में ले जाने का कर रही है काम : तेजस्वी

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



तेजस्वी यादव ने चौथे चरण में होने चुनावी जनसभा में आलोक कुमार मेहता के पक्ष में लोगों को वोट करने का अपील शुक्रवार को किया। उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र के बीएलौथ पंचायत के खेल मैदान में बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सह नेता विपक्ष तेजस्वी यादव का आगमन हेलीकॉप्टर से हुआ। तेजस्वी यादव उजियारपुर लोकसभा से राजद प्रत्याशी आलोक कुमार मेहता के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे। तेजस्वी यादव के यहां पहुंचते ही कार्यकताओं ने तेजस्वी यादव जिंदाबाद महागठबंधन जिंदाबाद के नारे लगाए। पहले से मौजूद नेताओं और कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व डिप्टी सीएम सह नेता विपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार आती है तो 15 अगस्त के अवसर पर युवाओं को एक करोड़ सरकारी नौकरी दी जाएगी। गैस की कीमत को कम कर 500 रुपाए मात्र कर दिया जयेगा। हर रक्षाबंधन त्योहार पर गरीब बहनों के खाते में 1 लाख रुपए दिया जाएगा। उन्होंने कहा डबल इंजन की सरकार 17 साल में कुछ नहीं कर सकी। मेरे सरकार में आने के बाद 17 महीने में ही 5 लाख नियुक्ति पत्र चाचा से बंटवाया है। उन्होंने देश में 200 यूनिट फ्री बिजली देने की बात कही है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा देश के संविधान को खत्म करने में लगी हुई है। साथ ही मोदी सरकार देश के युवाओं एवं किसानों को गर्त में ले जाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत हर एक विधानसभा में आलोक मेहता के पक्ष में लोगों से वोट मांगने की बात कही है। उन्होंने चुनावी जनसभा में आलोक कुमार मेहता के पक्ष में वोट करने की अपील की है। उन्होंने कहा लालू यादव ने इन्हें प्रत्याशी बनकर भेजा है। आपलोग उजियारपुर से सांसद बनाकर दिल्ली भेजें। ताकि उजियारपुर में चहुंमुखी विकास हो सके। तेजस्वी यादव ने कहा कि पहले चरण में चार जगहों पर चुनाव हुई है। वहां लालटेन खिल रहा है। उन्होंने अंत में आलोक कुमार मेहता को जीत की माला पहनाई। इसके साथ ही उन्होंने समस्तीपुर से कांग्रेस प्रत्याशी को भी जीतने का ऐलान किया। इस दौरान वीआईपी अध्यक्ष मुकेश सहनी ने कहा कि नीतीश कुमार ने मेरी पार्टी को खरीदकर तोड़ दिया। जिसका अति पिछड़े वर्ग के लोग वोट से जवाब देंगे। उनहोंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। मंच पर उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र के राजद प्रत्याशी आलोक कुमार मेहता, पूर्व मंत्री अब्दुल बारीसिद्दीकी, पूर्व विधायक एज्या यादव भी मौजूद रहे। समारोह की अध्यक्षता एवं मंच संचालन राजेश्वर महतो ने किया। आयोजित समारोह को राजद विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन, पूर्व विधायक अशोक कुमार वर्मा, पूर्व विधायक अशोक सिंह, पूर्व विधायक प्रेमा चौधरी, पूर्व विधायक सुनील कुमार पुष्पम, पूर्व विधायक मंजू प्रकाश, राजद विधायक राजवंशी महतो, पूर्व विधायक अजय कुमार बुलगानी, पूर्व प्रत्याशी अरविंद सहनी, रोमा भारती, विनोद राय आदि ने संबोधित किया। मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### लोकसभा चुनाव को ले आशा कार्यकताओं के बिच बैठक अयोजित

मधुबनी खजौली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खजौली के सभागार में शुक्रवार के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शाहिद एकबाल ने आशा कार्यकताओं के साथ बैठक की। जिसमें आवश्यक बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा हुई. खासकर लोक सभा चुनाव को लेकर विशेष प्रशिक्षण दिया गया. उन्होनें सभी आशा कार्यकताओं को निदेश दिया गया विभागीय निदेशानुसार आशा कार्यकर्ता अपने-अपने पोषक क्षेत्र के बूथ पर आवश्यक दवाईयों के साथ मतदान प्रारंभ होने से मतदान समाप्ति अवधि तक मतदान केंद्र पर तैनात रहेगे. मतदान के दौरान कैसे ड्यूटी करना है इसके बार में विस्तार से बीसीएम शंभू कुमार ने बताया। साथ ही सभी आशा कार्यकताओं को परिवार नियोजन के बारे में भी जानकारी दी गयी. इस मौके पर डा. शाहिद इकबाल , बीसीएम शंभू कुमार, पंकज कुमार, राजन कुमार, बबलू कुमार बीएमसी यूनिसेफ के बीएमसी कालीचरण झा सहित सभी आशा, एएनएम उपस्थित थे।

# चुनाव के मद्देनजर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को दिया गया प्रशिक्षण

प्रात: किरण, संवाददाता



हाजीपुर। आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आज सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा ने बताया कि हाजीपुर लोकसभा सुरक्षित सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया दिनांक 26 अप्रैल को चुनाव आयोग द्वारा अधिसूचना जारी करते ही प्रारंभ हो जाएगी। नामांकन की अंतिम तिथि 3 मई, स्क्रुटनी की तिथि 4 मई तथा नाम वापसी की अंतिम तिथि 6 मई निर्धारित की गई है। 28 अप्रैल रविवार एवं 1 मई को घोषित मजदूर दिवस के अवकाश के दिन नामांकन का कार्य स्थगित रहेगा। नामांकन हेतु निवार्ची पदाधिकारी का कार्यालय 11:00 बजे से 3:00 बजे अपराह्न तक कार्यरत रहेगा। उक्त अवधि में ही अभ्यर्थियों को अपने नामांकन पत्र एवं अन्य प्रपत्र उपलब्ध कराने होंगे। हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित होने के कारण अभ्यर्थियों से उनके जाति प्रमाण पत्र तैयार रखने को कहा गया। इसके अलावा अन्य वांछित दस्तावेज जैसे मतदाता सूची में नाम की अभिप्रमाणित प्रति, एफिडेविट, जमानत राशि की रसीद इत्यादि भी पूर्व से ही तैयार कर लेने का निर्देश दिया गया जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि उनके कार्यालय के 100 मीटर के दायरे में केवल तीन वाहन प्रति अभ्यर्थी आने की अनुमति दी जाएगी। निवार्ची पदाधिकारी के कक्ष में प्रति अभ्यर्थी अधिकतम पांच व्यक्ति को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। किसी भी परिस्थिति में 3:00 बजे अपराह्न के बाद कोई भी नामांकन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उप निर्वाचन पदाधिकारी , वरीय उप समाहर्ता सह नोडल पदाधिकारी, प्रशिक्षण कोषांग ने निर्वाचन प्रक्रिया के आरंभ से परिणाम की घोषणा तक के सभी मुख्य बातों पर विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि उनकी सुविधा हेतु निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय के बाहर एक हेल्प डेस्क रहेगा, जिसमें उनको आवश्यकता अनुसार जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। नामांकन पत्र में कोई भी कॉलम खाली नहीं छोड़ना है। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र में प्रचार प्रसार हेतु अनुमति के लिए उनके कार्यालय के बाहर सिंगल विंडो कार्यरत है। कोई भी सुविधा पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर ही दी जाएगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता के आगमन पर हेलीपैड का निर्माण अभ्यर्थियों के द्वारा स्वयं करवाना होगा जबकि इसकी अनुमति जिलाधिकारी कार्यालय से जांच में संतोषजनक पाए जाने पर दी जाएगी। प्रचार प्रसार के दौरान आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करना अनिवार्य होगा । किसी के निजी अथवा सरकारी जगह पर पोस्टर बैनर नहीं लगाना है। जातिगत/ धार्मिक टिप्पणी नहीं की जानी है। धार्मिक स्थलों का इस्तेमाल प्रचार प्रसार के लिए नहीं किया जाए। मतदाताओं को प्रलोभन, सामग्री वितरण, राशि वितरण इत्यादि ना किया जाए। कहीं पर भोज भात अथवा भंडारे का आयोजन न किया जाए। कहीं भी आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला सामने आने पर सी विजिल एप के माध्यम से शिकायत दर्ज की जा सकती है। इस पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। सहायक कर आयुक्त सह नोडल पदाधिकारी, अभ्यर्थी व्यय कोषांग ने बताया की नामांकन के पूर्व अभ्यर्थी एक अलग खाता अवश्य खोलना है, जिसमें नामांकन के दिन से परिणाम के घोषणा तक सभी खर्च इसी खाते के माध्यम से किया जाना है तथा प्रतिदिन होने वाले व्यय का बिल वाउचर अच्छी तरह से संधारित करके रखना है। फ्री एंड फेयर इलेक्शन के लिए खर्च में पारदर्शिता रखें। निर्धारित तिथि को आय व्यय की जांच हेतु रजिस्टर एवं बिल वाउचर के साथ उपस्थित होना है।

प्रशिक्षण में अपर जिला दंडाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी हाजीपुर, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी, सहायक कर आयुक्त सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 22 वर्षों से सड़क पर ही चल रहा है पड़ाव शुल्क वसूली केंद्र

प्रात: किरण, संवाददाता

महनार ।महनार नगर परिषद व सहदेई बुजुर्ग अंचल के ठीकेदार। एन एच पर ही बैठ कर यात्री वाहनों से पड़ाव सुल्क वसूली कर रहे है। विदित हो कि नगर परिषद आरम्भ काल से ही सड़क को ही पड़ाव बना कर सड़क पर ही पड़ाव शुल्क वसूली कर रहा है और वर्ष 2002 में जिला पदाधिकारी के आदेश पर सहदेई बुजुर्ग अंचल के नाम पर महनार नगर परिषद के मुहाने पर वाहन पड़ाव खोल दिया गया । नगर परिषद के वाहन पड़ाव से इस पड़ाव की दूरी मात्र 3 किलोमीटर है जबकि एक पड़ाव से दूसरे पड़ाव की दूरी 15 किलोमीटर होनी चाहिए।

इन दोनों पड़ाव में वाहन खड़ी नही हो कर सड़क पर ही वाहन खड़ी होती है और जाम लगाती है किंतु इस मामले में मुख्य सचिव, आयुक्त व जिला पदाधिकारी सभी खामोश है। सहदेई बुजुर्ग के नाम पर मुरौवतपुर में चल रहे वाहन पड़ाव पर सवाल अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष भाजपा नेता दिलीप सिंह ने उठाया था किंतु 6 माह बाद भी इस पर जांच तक नही हुई। यह पड़ाव का कोई नीलामी नही होता है बल्कि एक व्यक्ति विशेष के नाम से अनुबंध है और वसूली गई राशि का आधा हिस्सा सहदेई बुजुर्ग अंचल नजारत में जमा करना है और आधी राशि पड़ाव के रख रखाव में खर्च करना है। अनियमतता का यह आलम है कि वाहन वालों को शुल्क प्राप्ति की कोई रसीद तक नही दी जाती है और ना ही कभी औचक रूप से कोई अधिकारी यह जांच करते है कि कितनी राशि की वसूली हुई। शुल्क वसूलने वाले कि इच्छा पर निर्भर करता है कि वह कितना वसुला और कितना नजारत में जमा किया। यदि इसकी नीलामी कर दी जाती तो सरकार के राजस्व में भारी वृद्धि हो जाती किन्तु पिछले 22 साल से यह इसी तरह चल रहा है। वैसे भी मुरौवतपुर से सहदेई बुजुर्ग की दूरी दस किलोमीटर है और यह पड़ाव सहदेई बुजुर्ग के नाम से है तो इस पड़ाव की स्थापना यहां से दस किलोमीटर दूर होनी चाहिए थी किन्तु चाहे वह जंगल राज हो या सुशासन, सब मे एक ही स्थिति है।

# एमपी कॉलेज में समावेशी स्वीप कार्यक्रम का हुआ बड़ा आगाज

## मतदाताओं को मत प्रतिशत बढ़ाने का दिया बड़ा मूल मंत्र




प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा लोक सभा चुनाव के दौरान मत प्रतिशत बढ़ाने को लेकर निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी विजय प्रकाश मीणा के निर्देशन व जिला उप विकास आयुक्त अवधेश कुमार आनंद के अध्यक्षता में मधेपुरा के चांदनी चौक स्थित एमपी कॉलेज परिसर में समावेशी स्वीप कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम में मौजूद सैकड़ों की संख्या में नए मतदाताओं को जिला प्रशासन के दर्जनों अधिकारियों ने मत प्रतिशत बढ़ाने हेतु कई बड़ा मूलमंत्र दिया। वहीं आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बारी बारी से मौजूद मतदाताओं को संबोधित कर कहा कि लोक तंत्र की मयार्दा को अक्षुम रखने हेतु इस बार मधेपुरा लोक सभा चुनाव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें ताकि आपके मधेपुरा का नाम प्रदेश हीं नहीं पूरे देश में रोशन हो सके। इस मौके पर सहायक अपर समाहर्ता कृतिका मिश्रा ने नए मतदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। बता दें कि विगत लोक सभा चुनाव के दौरान मत प्रतिशत काफी कम थी जिस को लेकर इस बार डीएम विजय प्रकाश मीणा ने जिले भर में लगातार समावेशी स्वीप कार्यक्रम आयोजित कर मत प्रतिशत बढ़ाने हेतु कई कार्यक्रम चला रहे हैं जिससे आगामी लोक सभा चुनाव में मधेपुरा का मत प्रतिशत करीब 75 से 80 प्रतिशत हो सके और मधेपुरा का नाम प्रदेश हीं नहीं बल्कि पूरे देश में रोशन हो सके। वहीं कार्यक्रम के मौके पर मधेपुरा के डीडीसी अवधेश कुमार आनंद ने बताया कि आज एमपी टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में नए बने मतदाताओं को मत प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदान में बढ़ चढ़ का हिस्से लेने हेतु समावेशी स्वीप कार्यक्रम के तहत जन जागरूकता अभियान चलाया गया ताकि जहां जिस बूथ पर मत प्रतिशत कम है उसे बढ़ाया जा सके हालांकि डीएम विजय प्रकाश मीणा के निर्देशन में जिले के अलग अलग जगहों पर भी जिला प्रशासन टीम के द्वारा जन जागरूकता अभियान एक मुहिम के तरह चलाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक मत प्रतिशत बढ़ सके और मधेपुरा का नाम रोशन हो सके। इस कार्यक्रम के मौके पर कॉलेज के सचिव एमडी इफ्तखार अहमद रहमानी, प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर निशि लता, प्राध्यापक जाहिदा तबस्सुम, खालिदा खातून, कुमारी नीतू रानी के अलावे शिक्षोतर कर्मी आशुतोष कुमार, प्रशांत कुमार, ललन कुमार, डीईओ एमडी सईद अंसारी, जिला कल्याण पदाधिकारी राम कृपाल यादव, स्वीप नोडल अधिकारी कुमारी निकिता, बाल संरक्षक अधिकारी विजेता रंजन, सोनी राज, एमडीएम डीपीएम मिथलेश कुमार आदि अधिकारी मौजूद थे।

# अग्नि पीड़ित कि मदद को पहुँचे समाजसेवी



प्रात: किरण संवाददाता

लालगंज। लालगंज प्रखंड की शहदुल्लाहपुर पंचायत में भीषण अग्निकांड के पीड़ितों का आशियाना छीन गया है। वे बेघर हो गए हैं। खाने पीने और पहनने के लिए उनके पास कुछ नहीं बचा है। ऐसे में सामाजिक कार्यकर्ता अशोक सिंह और इंजिनियर अखिलेश कुमार सिंह गांव में पहुंच कर अग्निपीड़ितों के लिए सुखी खाद्य सामग्री, राशन के अलावा वस्त्र भी लेकर पहुंचे हैं।

ताकि दो वक्त की रोटी के साथ इस झुलसाने वाली गर्मी में तन ढकने के लिए वस्त्र भी उपलब्ध हो। अशोक सिंह का कहना है कि मैं नौकरी से भले ही रिटायर हो गया हूं मगर समाज सेवा से कभी रिटायर नहीं हो सकता। हमारा गांव समाज कैसे आगे बढ़े मुश्किल हालातों से कैसे निकले इसके लिए प्रयासरत रहता हूं। वहीं दूसरी ओर इंजिनियर अखिलेश कुमार सिंह का कहना है कि आश्वासन की घूंट से नहीं प्रत्यक्ष रूप से मदद करना हमारा उद्देश्य है। ऐसे जिनका आशियाना जलकर राख हो गया हो जो दाने दाने को मोहताज हो उनके लिए तत्काल जो मदद हो सके वो हम उपलब्ध कराने पहुंचे हैं। जिसमें भोजन के साथ साथ वस्त्र भी लाएं है। वैसे प्रशासनिक स्तर पर इन्हें जो भी योजना का लाभ मिलना चाहिए वो भी दिलवाने का प्रयास करूंगा।

# सुक्की गांव स्थित प्रोत्साहन सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम अयोजित

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी खजौली प्रखंड़ क्षेत्र सुक्की गांव स्थित वार्ड पांच में शुक्रवार को बिहार सरकार पटना के सेवा निवृत्त शिक्षा उप निदेशक दिनेश साफी के आवास पर भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीम राव अम्बेडकर की 133 वीं जयंती एव परम श्रध्देय दिवंगत महंथी साफी की 10 वीं स्मृति दिवस के अवसर पर बिहार वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं का प्रोत्साहन सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का अध्यक्षता सुक्की पंचायत के मुखिया अशोक कुमार सिंह एव मंच संचालन शिक्षक मुनीन्द्र दास द्वारा किया गया.इस कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित करके बिहार सरकार पटना के सेवा निवृत उप निदेशक दिनेश साफी बैंक मैनेजर रंजीत कुमार एक्सक्यूटिव न्यायाधीश सुधीर कुमार मुखिया अशोक कुमार सिंह शिक्षक मुनीन्द्र दास सेवा निवृत्त शिक्षक देव चंद्र पासवान समाजसेवी विशेश्वर झा,राम चरित्तर सिंह,पूर्व जिप सदस्य प्रमोद कुमार सिंह,सुकदेव सिंह,मदन झा, सेवा निवृत शिक्षक कुशेश्वर राम, डा. रामाशीष सिंह सहित अन्य लोग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया.इस कार्यक्रम के दौरान आयोजक कर्ता सेवा निवृत शिक्षा उप निदेशक दिनेश साफी द्वारा उपस्थित सभी लोगो को पाग,दोपता से सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में बिहार वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 024 में उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय सुक्की से कुल 28 छात्र,छात्राएं जो प्रथम श्रेणी से उत्तीण करने वाले छात्र विकास कुमार, आँचल कुमारी, विपिन कुमार, अविनाश कुमार, ज्योति कुमारी, सुजाता कुमारी, खुशबू कुमारीसहित अन्य 28 छात्र,छात्राओं को पुस्तक, मेडल एव मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया. वही डा. भीम राव अम्बेकडर जी की जीवनी पर आधारित निबंध ,भाषण,एव चित्रांक प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रविन्द्र कुमार धीरेंद्र हंस अजय कुमार एव चित्रकला में आदर्श कुमार , नीतीश कुमार, गणेश कुमार छात्र , छात्राएं को पुस्तक मेमोंट , मेडल देकर सम्मानित किया गया. इस कार्यक्रम के दौरान शिक्षक देवचंद्र पासवान, राम चलित्तर सिंह, समाजसेवी विशेश्वर झा,पूर्व जिप सदस्य प्रमोद सिंह, सेवा निवृत शिक्षक अशोक कुमार, मुनीन्द्र दास सहित अन्य लोगो ने डा. भीम राव अंम्बेडर की जीवनी एव दिवंगत महंथी साफी की जीवनी प्रकाश डाल कर उनके बताये गए राह पर चलने का निर्देश दिया गया.इस। कार्यक्रम के मौके पर जीवछ साफी, रंजीत कुमार, सुधीर कुमार, निशांत कुमार, रीना देवी, दिनेश्वरी देवी,प्रियंका कुमारी, प्रकृति,प्रभाष,सुकदेव सिंह,किसान भूषण सम्मानित रामराजी सिंह,मदन झा, सेवा निवृत शिक्षक रामावतार सिंह,डा. रामाशीष सिंह,समाजसेवी कमलेश सिंह ,सुरेंद्र सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# मेडिकल बोर्ड ने शुरू किया मतदानकर्मियों का हेल्थ चेक अप



प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर। आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में प्रतिनियुक्त किए गए मतदान पदाधिकारी एवं कर्मियों के द्वारा चुनाव कार्य से मुक्त करने हेतु बड़ी संख्या में दिए गए आवेदन के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा द्वारा असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी की अध्यक्षता में बोर्ड गठित कर स्वास्थ्य जांच करने के निर्देश के आलोक में आज पांच सदस्यीय मेडिकल बोर्ड द्वारा जिला परिषद सभागार में स्वास्थ्य जांच शुरू किया गया। अब तक प्राप्त 140 कर्मियों के द्वारा आवेदन दिया गया है जिसमें से 60 कर्मियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।

यह कल भी जारी रहेगा।

# बेहतर शिक्षा के साथ रोजगार को लेकर पहली बार मतदान का प्रयोग करने पर युवाओं में दिखा उत्साह

प्रात: किरण संवाददाता



गिद्धौर लोकतंत्र के महापर्व में एक अच्छी सरकार बने, युवाओं को रोजगार, शिक्षा की व्यवस्था हो इसकी इच्छा लेकर मतदान केंद्र पर पहली बार मतदान करने पहुंचे युवा वर्ग के लोगों में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। पहली बार मत का प्रयोग कर रही प्रिया कुमारी, सनोज कुमार, खुशबू कुमारी, अमित कुमार पासवान, सहित अन्य युवा वर्ग के लोगों ने बताया कि घर के मम्मी पापा दादा दादी बड़े जिनका मतदाता सूची में नाम है वह जब मत का प्रयोग करने के लिये मतदान केंद्र पर पहुंचते थे तो हमलोगों में उत्साह होता था कि हमलोग भी मतदान का प्रयोग एक अच्छी सरकार बनाने के लिए करेंगे और वह पल इस बार पहली बार आया जब केंद्र में एक अच्छी सरकार बनाने में हमलोगों की अहम भूमिका होगी। युवा वर्ग के लोगों ने बताया कि एक अच्छी सरकार केंद्र में बने इसके लिए हर मतदाताओं को अपना मत का प्रयोग करना चाहिए।

ताकि देश विकसित और विकास की योजना शिक्षा, रोजगार सहित अन्य चीजों में भी दिया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में पहली बार मत का प्रयोग करने वाले कई युवाओं ने बताया कि हमलोगों के परिजन मजदूर व किसान है जिससे हमलोगों के घरों का जीवन यापन होता है। इसलिए एक अच्छी सरकार बनाए जो कृषि के क्षेत्र में भी अपना ध्यान आकृष्ट कर सके। हम लोगों को जीवन सुझारु रूप से चल सके।

# सीएम नीतीश कुमार जेडीयू एमएलसी के निजी आवास पर केरेंगे रात्रि विश्राम

## 5 दिनों तक करेंगे अन्य लोक सभा क्षेत्रों में जनसभा को संबोधित

- जिला मुख्यालय में सुरक्षा का है पुख्ता इंतजाम



प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा पहुंचे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शहर के पूर्णिया गोला चौक स्थित एमएलसी ललन सर्राफ के निजी आवास पर रात्रि विश्राम करेंगे।वहीं अगले 5 दिनों तक मधेपुरा से हीं अन्य विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसको लेकर जिला मुख्यालय में सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया है चप्पे-चप्पे पर पुलिस बलों की तैनाती की गई है, खासकर शहर के पूर्णिया गोला चौक पर सुबह से हीं पुलिस पदाधिकारी और मजिस्ट्रेट तैयारियों का जायजा ले रहे थे, जदयू के प्रदेश महासचिव बिजेंद्र यादव ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे नीतीश कुमार मधेपुरा पहुंचे, अगले 5 दिनों तक वह मधेपुरा से हीं अन्य विभिन्न जगहों पर हेलीकॉप्टर से चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। उधर जिला अध्यक्ष डॉक्टर रमेश ऋषिदेव ने कहा कि नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के प्रति लोगों में काफी विश्वास है मुख्यमंत्री के आने को लेकर लोगों में उत्साह भी है, उन्होंने कहा कि मधेपुरा में अभी जनसभा की तिथि तय नहीं की गई है। बता दें कि दूसरे चरण में 5 लोकसभा क्षेत्र में चुनाव होनी है।

# लोकसभा चुनाव के पहले चरण में गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्वक मतदान संपन्न



- तेज गर्मी और उमस में भी वोट देने पहुंचे मतदाता

प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर/जमुई। आम चुनाव के पहले चरण में जमुई लोकसभा (सुरक्षित) सीट के लिए शुक्रवार को वोट डाला गया। जिसमें लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत गिद्धौर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में मतदाताओं ने चुनावी महापर्व में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। तेज धूप और उमस के बीच मतदाता अपने घरों से निकले और मतदान करने बूथों तक पहुंचे। वहीं शांतिपूर्ण मतदान कराने को लेकर स्थानीय प्रशासन सजग नजर आया। सभी बूथों पर सुरक्षाबल एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी रही। वहीं उच्चाधिकारी भी बूथों पर विधि व्यवस्था संधारण के लिए दौरा करते नजर आए। बड़ी संख्या में बुजुर्ग मतदाताओं ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। हैं फर्स्ट टाइम वोटर्स में गजब का उत्साह देखने को मिला। गिद्धौर प्रखंड के अखिलेश्वर प्लस टू हाई स्कूल रतनपुर गांव के मतदान केंद्र में वोट डालने पहुंचे फर्स्ट टाइम प्रिया कुमारी, बबली मिश्रा, प्रियांशु आनंद, शिवम मिश्रा सहित अन्य ने बताया कि वोट गणराज्य का महापर्व और इसमें अपनी भागीदारी निभाकर हमें अत्यंत उत्साह और गौरव का अनुभव हो रहा है। इसके आलावा गिद्धौर के पतसंडा पंचायत के अंतर्गत रावणेश्वर संस्कृत महाविद्यालय में बनाए गए पोलिंग बूथ पर झाझा विधानसभा क्षेत्र से विधायक दामोदर रावत, ने वोट दिया। साथ ही प्रखंड क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों ने भी अपने निर्धारित बूथों पर मताधिकार का प्रयोग किया। खबर लिखे जाने तक शाम के 4 बजे गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र में 52.45 प्रतिशत कुल संख्या 31262 पोलिंग हुआ। जिसमें महिला मतदाता 52.84 प्रतिशत कुल संख्या 15066 एवं पुरुष मतदाता 52.09 प्रतिशत कुल संख्या 16196 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव परिणाम 4 जून को आयेंगे। वहीं चुनाव संपन्न होते सभी जीत हार के आकलन में जुट गए हैं।

# भाजपा कार्यालय में पूजा पाठ के बाद कार्यालय का किया गया शुभारंभ



प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर। भाजपा कार्यालय में पूजा पाठ कर कार्यालय का किया गया शुभारंभ। पूरी विधि विधान से भाजपा कार्यालय में भगवान का पूजा किया गया साथ ही कार्यालय का भी शुभारंभ किया गया ।कार्यक्रम में जिला से जिला भर से कार्यकर्ता उपस्थित हुए। कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम सिंह कुशवाहा ने कहा कि आज अपने आप को हम गुरबाणी महसूस करते हैं जिस कार्यालय का शिलान्यास पार्टी नेतृत्व के द्वारा मुझे करने का अवसर प्राप्त हुआ उस कार्यालय का शुभारंभ करने का भी मुझे अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सभी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता को अंग वस्त्र देकर भाजपा जिला अध्यक्ष ने सम्मानित किया। भाजपा जिला प्रवक्ता डॉक्टर मनोज ने बताया इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज गौतम ,मनेंद्रनाथ सिंह ,चंद्रभूषण तिवारी भाजपा नेता बीके सिंह, भाजपा जिला प्रभारी संजय सहाय संजीव चौरसिया ,बच्ची मिश्रा प्रियरंजन दास, पंकज यादव ने संबोधित करते हुए बताया जिला भर का कार्यकर्ता का सपना साकार हुआ।

# उत्पन्न जाम की समस्या को देखते हुए चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान

प्रात: किरण संवाददाता



महुआ ।महुआ अनुमंडल मुख्यालय बाजार के विभिन्न मार्गों और बाजारों में अतिक्रमणकारियों के कब्जे को देखते हुए महुआ के अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के बाद स्थानीय प्रशासन हरकत में आया और महुआ नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजीव कुमार और महुआ के अंचलाधिकारी वर्षा रानी के संजूक्त नेतृत्त्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के बाद इस अभियान के दौरान महुआ के गोला रोड मुजफ्फरपुर रोड , बच्चन शर्मा चौक समेत कई अन्य मार्ग और बाजारों से अतिक्रमण हटाया गया।जैसे ही अतिक्रमण हटाने के लिए महुआ के स्थानीय प्रशासनिक पदाधिकारी और पुलिस बल मौके पर पहुंची की अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। जिससे अतिक्रमण हटाने के दौरान महुआ अनुमंडल मुख्यालय बाजार में घंटो अफरातफरी मची रही। अतिक्रमण हटाने के दौरान मौके पर मौजूद नगर परिषद के कर्मियों ने दर्जनों दुकानदारों के द्वारा अवैध करकट,खंभे,पिलर आदि गार कर नगर परिषद के बाजार और मुख्य सड़क मार्ग को अतिक्रमित कर लिए जानें के कारण उक्त सामानों को जब्त करते हुए ट्रैक्टर पर लाद कर अपने साथ ले गई। ज्ञात हो की अतिक्रमणकारियों के द्वारा अवैध रूप से बाजारों में कब्जा कर लिए जाने के कारण जाम की एक गंभीर समस्या उत्पन्न हो चुकी है। जिससे प्रतिदिन महुआ अनुमंडल क्षेत्र के साथ-साथ अनुमंडल मुख्यालय बाजार में आने वाले सभी यात्रियों को ही काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस दौरान महुआ नगर परिषद के कार्यपालक अधिकारी संजीव कुमार ,अंचलाधिकारी वर्षा रानी, महुआ नगर परिषद की सफाई पर्यवेक्षक सुनील कुमार आदि के साथ-साथ भारी संख्या में नगर परिषद के कर्मी और पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी भी इस अतिक्रमण हटाओ अभियान में शामिल थे।

सम्पादकीय

# उम्मीदों की संकल्प पत्र

लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनात पार्टी (भाजपा) ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया, जिसे वे संकल्प पत्र कहते हैं। यह युवाओं, महिलाओं, किसानों व गरीबों पर केंद्रित है। संकल्प पत्र जारी करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हम परिणाम लाने के लिए काम करते हैं। हमारा फोकस निवेश से लेकर नौकरी तक का है। मुफ्त राशन योजना जारी रहेगी। पांच लाख तक मुप्त इलाज जारी के रहने के साथ ही इसके दायरे में अब ट्रांसजेंडर भी आएंगे। पाइप के जरिए घर-घर गैस पहुंचाई जाएगी। तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने व महिलाओं को लखपति दीद बनाने की भी बात दोहराई। उन्होंने का जिन्हें कोई नहीं पूछता, उन्हें मोदी पूजता है।गरीबों को लूटने वाले जेल जा रहे हैं, भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई चालू रहने की बात भी उन्होंने की। विपक्ष ने इसे भाजपा का केंद्र से विदाई का घोषणापत्र बताया। एक राष्ट्र-एक चुनाव समान नागरिक संहिता लाने जैसे मुद्दों को दोहराने के साथ ही भाजपा ने तीन तलाक, अनुच्छेद 370 हटाने व राम मंदिर बना मर अपना वायदा निभाने की गारंटी देने का प्रयास भी किया है। घोषणा पत्र की अमूमन बातें प्रधानमंत्री अपने भाषणों में पहले ही करते रहे हैं। इसलिए इसमें कुछ नया तो नहीं कहा जा सकता। मुफ्त योजनाओं के जारी रखने की बात से जनता को यह आासन जरूर मिल जाता है कि सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में भी इन्हें बंद नहीं कर देगी।कांग्रेस अपने घोषणा को न्याय पत्र का नाम देकर इसी रास्ते पर नजर आ रही है। पार्टी ने महिलाओं को सरकारी नौकरियों में आरक्षण, गरीब लड़कियों को आर्थिक मदद, मुफ्त स्वास्थ्य बीमा, युवा-नारी-किसान-श्रमिक-आर्थिक व पर्यावरणीय न्याय के बूते सभी को समेटने के प्रयास किया है। यह सच है कि मतदाता को लुभाने वाले ये घोषणा पत्र कुछ तक प्रभावी होते हैं। मगर देश में इस वक्त युवा मतदाताओं की बढती दर ने राजनीतिक दलों को संकट में ला खड़ा किया है।इस नए मतदाता को प्रभावित करना उतना आसान भी नहीं है। जिन्हें शिक्षा, रोजगार व बेहतर भविष्य की आशाएं हैं। काफी हद तक वे मुफ्त योजनाओं व बड़े-बड़े वायदों से प्रभावित हुए बगैर नहीं रह सकते। मगर उनके भीतर अपने बेहतर भविष्य व सुकून भरे जीवन को लेकर आस्त रहने के सवाल भी हैं। राजनीतिक पार्टियां घोषणाएं कितनी भी कर लें मगर सच तो यह है कि मतदाता को प्रभावित कर पाना आसान भी नहीं है। इनका भरोसा जीतना वाकई दुष्कर कार्य है।

# कांग्रेस का सिमटता प्रभाव और खतरनाक सोच

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

कर्नाटक विधानसभा में पिछले दिनों कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डीके सुरेश ने कहा कि केंद्र सरकार दक्षिण भारत के राज्यों को कम पैसा मुहैया करवाती है। इससे हो सकता है कि हम दक्षिण के राज्य भविष्य में भारत से अलग होने की सोचें। वैसे तो पूछा जा सकता है कि सुरेश बाबू को दक्षिण के राज्यों का प्रतिनिधि किसने बनाया? तमिलनाडु में कांग्रेस कामराज के बाद से लुप्त प्रजाति में शामिल हो चुकी है। डीएमके चुनाव के मौसम में उसे कन्धे पर इस लहजे में उठा लेती है जैसे नई पीढ़ी के ज्ञान के लिए ऐतिहासिक चीजों का प्रदर्शन किया जाता है। लेकिन सुरेश बाबू ने जब से यह रहस्योद्घाटन किया है तब से कम से कम प्रदेश में कांग्रेस के लोगों में यह भय बैठ गया है कि कहीं पार्टी विभाजन को लेकर किसी एजेंडा पर तो नहीं चल रही? पिछले दिनों कर्नाटक में कांग्रेस की एक विशाल जनसभा हो रही थी। उसमें कांग्रेस में सोनिया गान्धी परिवार का प्रतिनिधित्व करने वाले पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे भी मंचासीन थे। कांग्रेस के एक विधायक लक्ष्मण संवादी भी मंच पर थे। वे भाषण दे रहे थे। उनके मन में इच्छा हो रही थी कि वे मंच पर से ह्यभारत माता की जयह्व का नारा लगाएं। लेकिन डर रहे थे कि कहीं इस नारे से पार्टी अध्यक्ष बुरा न मान जाएं। कुछ देर तक लक्ष्मण के मन में डर और श्रद्धा के बीच द्वन्द्व चलता रहा होगा। लेकिन अन्त में राष्ट्रीयता की जीत हुई। उन्होंने मंच पर से ही मल्लिकार्जुन खडगे से पूछा कि यदि आप बुरा न मनाएं तो मैं भारत माता की जय का एक नारा लगा लूं। आखिर क्या कारण है कि कांग्रेस के कार्यकर्ता जानते हैं कि अब पार्टी में ह्यभारत माता की जय या जय श्री राम का जयघोष करना खतरे से खाली नहीं है। इसका अर्थ स्पष्ट है कि कांग्रेस का आम कार्यकर्ता तो देश को अखंड रखने के लिए या फिर अखंड भारत के लिए लालायित है, लेकिन उसका नेतृत्व अपने संकुचित राजनीतिक हितों के लिए भारत को तोडे की हद तक भी जा सकता है।

महात्मा गांधी से लेकर सोनिया परिवार तक की यह यात्रा सचमुच चौंकाती है। यह यात्रा रघुपति राघव राजा राम से शुरू हुई थी और राम मंदिर के निर्माण के विरोध तक ही नहीं, बल्कि राम के अस्तित्व को ही नकारने तक पहुंच गई है। यही कारण है कि पार्टी प्रधान की हाजिरी में कांग्रेस का विधायक भारत माता की जय का नारा लगाते हुए भी डरता है कि कहीं पार्टी एक्शन न ले ले। दरअसल पिछले कुछ अरसे से भाजपा ने जनसंघ के समय से चले आ रहे अपने अखंड भारत के संकल्प को ज्यादा जोर से कहना शुरू कर दिया है। तब भी शायद कोई इसको ज्यादा तवज्जो न देता यदि भाजपा ने भारतीय संविधान में से अनुच्छेद 370 को न हटा दिया होता। इससे लोगों में यह विश्वास जगने लगा है कि पार्टी घोषणा पत्र/संकल्प पत्र में जो लिखती है, उसे पूरा करती है। चाहे उसमें कितना ही समय क्यों न लगे। इसके पहले चरण में तो पाकिस्तान के कब्जे से वे इलाके मुक्त करवाना है जो उसने 1947 में कश्मीर पर हमला करके भारत से छीन लिए थे। इसके संकेत प्रधानमंत्री मोदी अनेक बार दे भी चुके हैं। इससे पाकिस्तान का चिंतित होना स्वाभाविक ही है। लेकिन लगता है पाकिस्तान से ज्यादा चिंता इससे कांग्रेस के नेतृत्व को हो रही है। उस चिंता को व्यक्त करने का तरीका सामान्य नहीं है। उसका कहना है कि भारतीय जनता पार्टी देश को विभाजित करना चाहती है। आरोप इस प्रकार का है कि आम भारतीय को यह हज्म नहीं होता।

सोनिया गांधी परिवार ने ऐसा आरोप मुस्लिम लीग या सीपीएम पर लगाया होता तो शायद भारत के लोग इस पर ज्यादा आश्चर्यचकित न होते। लेकिन यह परिवार ऐसा नहीं कर सकता, क्योंकि इन दोनों के साथ केरल में परिवार का राजनीतिक समझौता है। इसलिए उसने यह आरोप भाजपा पर लगाना आसान मान लिया। लेकिन भाजपा आखिर विभाजन करवाना कैसे चाहती है? परिवार का कहना है कि भाजपा नार्थ-साऊथ डिवाइड के रास्ते पर चल रही है। लेकिन लोग आखिर इसके लिए प्रमाण की मांग करेंगे ही। वैसे यह जरूरी नहीं है कि राहुल गांधी जो भी कहते रहते हैं, उसके लिए कुछ प्रमाण भी उनके पास होते ही हों। वे स्वयं को इस प्रकार के सभी बंधनों से आजाद मानते हैं। सुरेश बाबू का तर्क यदि गहराई से देखा जाए तो कुछ बातें स्पष्ट हो रही हैं। कांग्रेस का कहना है कि 1. उत्तर भारत, पश्चिमी भारत और कुछ सीमा तक पूर्वी भारत के लोग भारतीय जनता पार्टी को वोट देते हैं, इसलिए केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनती है। 2. दक्षिणी प्रान्तों के लोग भारतीय जनता पार्टी को वोट नहीं देते, इसलिए भारतीय जनता पार्टी इन दक्षिणी क्षेत्रों से नाराज है। 3. भारतीय जनता पार्टी अपनी यह नाराजगी इन दक्षिणी राज्यों से बदला लेकर निकालती है। बदला लेने का तरीका यही अपनाती है कि इन राज्यों को कम पैसा आवंटित किया जाता है। 4. कांग्रेस के वरिष्ठ मंत्री डीके सुरेश इसका एक ही हल बताते हैं कि फिर दक्षिण के राज्यों को देश से अलग होना पड़ेगा। सुरेश बाबू के तर्कों को निश्चय ही देखना पड़ेगा। सुरेश बाबू कर्नाटक से ताल्लुक रखते हैं। कर्नाटक में मुख्य रूप से दो ही राजनीतिक दल हैं। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस। वहां एक बार भाजपा और दूसरी बार कांग्रेस सत्ता में आती है। इससे कोई भी अक्लमंद आदमी यह तो नहीं कहेगा कि कर्नाटक के लोग भाजपा को वोट नहीं देते। दूसरा उदाहरण तेलंगाना का ले सकते हैं। तेलांगना में मुख्य रूप से तीन राजनीतिक दल हैं। कांग्रेस, भारत राष्ट्र समिति और भारतीय जनता पार्टी। इन तीनों दलों को कुछ अंतर से सम्मानजनक वोट मिलते हैं। इसलिए तीनों राजनीतिक दलों की स्थिति राज्य में बराबर है। शेष दक्षिण के तीन राज्य हैं आंध्र प्रदेश, केरल और तमिलनाडु। तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा की स्थिति लगभग बराबर ही है। इन दोनों की स्थिति नगण्य है। इसका अर्थ हुआ कि दक्षिण के राज्यों में भाजपा और कांग्रेस की स्थिति लगभग बराबर ही है। फिर सुरेश बाबू किस हैसियत से मानते हैं कि कांग्रेस को सभी दक्षिणी राज्यों के प्रतिनिधि के तौर पर बोलने का अधिकार है। सुरेश बाबू एक बात शायद भूल रहे हैं कि पिछले दिनों जब राज्यसभा के चुनाव में कांग्रेस का एक प्रत्याशी जीता था, तो कर्नाटक विधानसभा के भीतर ही उसके समर्थकों ने खुशी में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए थे। तब कांग्रेस के ही कुछ बड़े लोगों ने उसकी निंदा करने की बजाय यह तर्क दिया था कि पाकिस्तान हमारा मित्र देश है

# नेताओं के बिगड़े बोल पर सख्ती से नियंत्रण जरूरी

**नियंत्रण और अनुशासन के बिना राजनीतिक शुचिता एवं आदर्श राजनीतिक मूल्यों की कल्पना नहीं की जा सकती। नीतिगत नियंत्रण या अनुशासन लाने के लिए आवश्यक है सर्वोपरि राजनीतिक स्तर पर आदर्श स्थिति हो, तो नियंत्रण सभी स्तर पर स्वयं रहेगा और इसी से देश एक आदर्श लोकतंत्र को स्थापित करने में सक्षम हो सकेगा। अक्सर चुनावों के दौर में राजनीति में बिगड़े बोल एवं नफरत की राजनीति कोई नई बात नहीं है। चर्चा में बने रहने के लिए ही सही, राजनेताओं के विवादित बयान गाहे-बगाहे सामने आ ही जाते हैं, लेकिन ऐसे बयान एक ऐसा परिवेश निर्मित करते हैं जिससे राजनेताओं एवं राजनीति के लिये घृणा पनपती है। बिगड़े बोल का दोषी मानते हुए चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला को 48 घंटे के लिए चुनाव प्रचार करने से रोका दिया है। मथुरा से भाजपा प्रत्याशी एवं सिने अभिनेत्री हेमा मालिनी को लेकर की गई टिप्पणी को अपमानजनक मानते हुए आयोग ने सुरजेवाला के खिलाफ यह सख्त कार्रवाई की एवं कड़ा कदम उठाया है। लेकिन क्या इस एक्शन को सचमुच सख्त कहा जाना चाहिए? क्या आपत्तिजनक बयानबाजी और खास तौर से महिला सम्मान को ठेस पहुंचाने वालों के लिए इतनी ही सजा काफी है? ये सवाल इसलिए भी कि चुनावों को हम लोकतंत्र का महोत्सव कहते आए हैं और ऐसे बयान चुनावी उत्सवप्रियता में खलल डालने वाले साबित होते हैं। राजनीति में वाणी का संयम एवं शालीनता बहुत जरूरी है, क्योंकि शब्द आवाज नहीं करते, पर इनके घाव बहुत गहरे होते हैं और इनका असर भी दूर तक पहुंचता है और देर तक रहता है।**





**ललित गर्ग**
**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

लोकसभा चुनाव का प्रचार उग्र से उग्रतर होता जा रहा है। जैसे-जैसे चुनाव की तिथियां नजदीक आती जा रही है, प्रचार-अभियान में नफरती सोच एवं हेट स्पीच का बाजार बहुत गर्म है। राजनीति की सोच ही दूषित एवं घृणित हो गयी है। नियंत्रण और अनुशासन के बिना राजनीतिक शुचिता एवं आदर्श राजनीतिक मूल्यों की कल्पना नहीं की जा सकती। नीतिगत नियंत्रण या अनुशासन लाने के लिए आवश्यक है सर्वोपरि राजनीतिक स्तर पर आदर्श स्थिति हो, तो नियंत्रण सभी स्तर पर स्वयं रहेगा और इसी से देश एक आदर्श लोकतंत्र को स्थापित करने में सक्षम हो सकेगा। अक्सर चुनावों के दौर में राजनीति में बिगड़े बोल एवं नफरत की राजनीति कोई नई बात नहीं है। चर्चा में बने रहने के लिए ही सही, राजनेताओं के विवादित बयान गाहे-बगाहे सामने आ ही जाते हैं, लेकिन ऐसे बयान एक ऐसा परिवेश निर्मित करते हैं जिससे राजनेताओं एवं राजनीति के लिये घृणा पनपती है। बिगड़े बोल का दोषी मानते हुए चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला को 48 घंटे के लिए चुनाव प्रचार करने से रोक दिया है। मथुरा से भाजपा प्रत्याशी एवं सिने अभिनेत्री हेमा मालिनी को लेकर की गई टिप्पणी को अपमानजनक मानते हुए आयोग ने सुरजेवाला के खिलाफ यह सख्त कार्रवाई की एवं कड़ा कदम उठाया है। लेकिन क्या इस एक्शन को सचमुच सख्त कहा जाना चाहिए? क्या आपत्तिजनक बयानबाजी और खास तौर से महिला सम्मान को ठेस पहुंचाने वालों के लिए इतनी ही सजा काफी है? ये सवाल इसलिए भी कि चुनावों को हम लोकतंत्र का महोत्सव कहते आए हैं और ऐसे बयान चुनावी उत्सवप्रियता में खलल डालने वाले साबित होते हैं।

राजनीति में वाणी का संयम एवं शालीनता बहुत जरूरी है, क्योंकि शब्द आवाज नहीं करते, पर इनके घाव बहुत गहरे होते हैं और इनका असर भी दूर तक पहुंचता है और देर तक रहता है। इस बात को राजनेता भी अच्छी तरह जानते हैं इसके बावजूद जुबान से जहरीले बोल सामने आते ही रहते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे हो या राजद नेता लालूप्रसाद यादव प्रधानमंत्री को लेकर जो कुछ कहा हो भाजपा नेता ने सोनिया-राहुल को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हो, सार्वजनिक रूप से ऐसी टिप्पणियों को हेट स्पीच के दायरे से बाहर नहीं रखा जा सकता। राष्ट्रीय एकता एवं राजनीतिक ताने-बाने को ध्वस्त कर रहे जहरीले भाषणों की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। विशेषतः महिला नेताओं एवं उम्मीदवारों पर की जा रही कथित विवादास्पद एवं अशालीन टिप्पणियां लोकतंत्र पर बदनुमा दाग बन रही है। इसी तरह सुरजवाला को हरियाणा की एक चुनावी सभा में हेमा मालिनी को लेकर की गई टिप्पणी के लिए दोषी ठहराया गया है।

सुरजेवाला हो या कांग्रेस के अन्य नेता- इन सबको अपनी गलती का अहसास नहीं हुआ हो, ऐसा हो नहीं सकता। लेकिन पहले बयानबाजी कर बाद में लीपापोती करने में जुटना नेताओं का शगल होता जा रहा है। ज्यादा विवाद उठने लगे तो ऐसे तीखे एवं कड़वे बयानों के वीर एवं योद्धा यह कहकर पल्ला झाड़ते नजर आते हैं कि उनके बयान को तोड़मरोड़ कर दिखाया गया है। कांग्रेस सहित अनेक राजनीतिक दलों के नेता ऐसे वक्तव्य देते हैं और विवाद बढ़ता देख बाद में सफाई देने से भी नहीं चूकते। आधुनिक तकनीकी एवं संचार-क्रांति के जमाने में हर व्यक्ति पत्रकार की भूमिका में हैं, सोशल मीडिया के दौर में जब हर हाथ में कैमरायुक्त मोबाइल रहने लगा है चुनावी सभाओं में कोई बयान सार्वजनिक हुए बिना रह ही नहीं सकता। बात केवल सुरजेवाला की ही नहीं है, इससे पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व हिमाचल प्रदेश में मंडी से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी कंगना रनौत को लेकर ऐसी ही अपमानजनक टिप्पणियां सामने आई थीं। चुनाव आयोग के संज्ञान में यह सब भी सामने आया था लेकिन बयान देने वालों को चेतावनी पत्र देकर ही छोड़ दिया गया। सुरजेवाला को लेकर आयोग के आदेश के बारे में यह जरूर कहा जा सकता है कि लोकसभा चुनाव प्रचार के इस दौर में आयोग ने किसी नेता को प्रचार से रोकने जैसा फैसला पहली बार किया है। अड़तालीस घंटे की रोक अवधि पूरी होने के बाद सुरजेवाला फिर चुनाव प्रचार कर सकेंगे, लेकिन इस बात की गारंटी कौन देगा कि आगामी दिनों में वे अपना बर्ताव संयत रखेंगे। वे अक्सर संकीर्णता एवं राजनीति का उन्माद एवं ह्यहेट स्पीचह्व के कारण चर्चा में रहते हैं।

राजनेताओं के नफरती, अमर्यादित, उन्मादी, द्वेषमूलक और भड़काऊ भाषणों को लेकर चुनाव आयोग का सक्रिय होना नितान्त अपेक्षित है, जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने भी समय-समय पर बिगड़े बोलो पर कड़ी टिप्पणियां की है। भाषा की मयार्दा सभी स्तर पर होनी चाहिए। कई बार आवेश में या अपनी बात कहने के चक्कर में शब्दों के चयन के स्तर पर कमी हो जाती है और इसका घातक परिणाम होता है। मुद्दों, मामलों और समस्याओं पर बात करने की बजाय जब नेता एक-दूसरे पर निजी हमले करने लगें तो यह उनकी हताशा, निराशा और कुंठा का ही परिचायक होता है। कांग्रेस पार्टी ने भाषा एवं बयानों की मयार्दा को लांघा है। दरअसल, कांग्रेस में यह रिवाज ही बन चुका है। चुनाव में वह कुछ बुनियादी समस्याओं पर बोलने की बजाय है, कोई न कोई ऐसी नफरती एवं गैरजरूरी बयानबाजी कर ही देता है जिसका परिणाम आखिरकार पार्टी को भुगतना पड़ता है। इसी कारण पार्टी लगातार जनआधार खो रही है, रसातल में धंसती जा रही है और सुरजेवाला जैसे नेताओं को सजा भी मिलती है। पार्टी कोई सी भी हो, चुनावी सभाओं में नेता अपने विरोधियों के खिलाफ जहर उगलने से नहीं चूकते। नेता चाहे सत्ता पक्ष से जुड़े हों या प्रतिपक्ष से, अक्सर भाषणों में हदें पार कर देते हैं। सुप्रीम कोर्ट के समय-समय पर दिए गए निदेर्शों की भी इन्हें परवाह नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों ही चुनाव आयोग को मजबूत करने के प्रयास करते हुए उसे अपनी ताकत का अहसास भी कराया है। कोर्ट ने यहां तक कहा कि कुछ गलत होने पर उसे प्रधानमंत्री के खिलाफ कार्रवाई करने से भी नहीं हिचकना चाहिए। चुनाव आयोग सख्ती दिखाए तो किसकी मजाल कि भरी सभाओं में जहर उगलती भाषा का इस्तेमाल कर जाए। दरअसल, इस तरह के प्रकरणों में आचार संहिता से ज्यादा नेताओं की आचरण संहिता की जरूरत रहती है। महिला हो या पुरुष, किसी के लिए भी अभद्र भाषा का इस्तेमाल कतई नहीं होना चाहिए। होना तो यह चाहिए कि राजनीतिक दल आगे आकर पहल करें। आयोग से पहले खुद अपने ऐसे नेताओं पर सख्ती करे, जिनके विवादास्पद बयान चुनावी माहौल में जहर घोलने का काम करते हैं एवं नारी अस्मिता एवं अस्तित्व पर आघात करते हैं। लोकतंत्र का महापर्व चुनाव राजनीतिक दलों एवं नेताओं के भविष्य को निर्धारित करने का दुर्लभ अवसर है। ऐसे में सोचने की बात तो यह है कि राजनीतिक भावनाओं एवं नफरती सोच को प्रश्रय देने वाले राजनीतिक दल भी खतरे से खाली नहीं हैं। उनका भविष्य कालिमापूर्ण है। उनकी नफरती कोशिशों पर दुनिया की नजरे टिकी हैं। वे क्या बोलते हैं, क्या सोचते हैं, इसी से भारतीय लोकतंत्र की गरिमा दुनिया

# आखिर यूपी में क्या सियासी गुल खिलाएगी राहुल-अखिलेश की जोड़ी? इसे ऐसे समझिए

**यहां के शानदार मंच से दोनों नेताओं ने भाजपा की मोदी सरकार के प्रति जो तल्खी दिखाई, उससे यह सवाल उभरकर सामने आया कि आखिर यूपी में क्या सियासी गुल खिलाएगी राहुल-अखिलेश की जोड़ी? आपको पता होना चाहिए कि यूपी में कांग्रेस-सपा गठबंधन होने के बाद पहली बार दोनों नेता एक साथ, एक मंच पर दिखाई दिए और पत्रकारों के लाख कुरेदने के बावजूद भी संतुलित और सधे हुए अंदाज में जो बातें कहीं, उसके राजनीतिक मायने स्पष्ट हैं। पहला यही कि कांग्रेस-सपा की यह युगलबंदी लंबी चलेगी। क्योंकि पीएम पैदा करने वाले इस प्रदेश से यदि भाजपा और एनडीए गठबंधन को खदेड़ना है, तो पीएम के हवा-हवाई मुद्दों की बजाए राहुल गांधी-अखिलेश यादव के जमीनी मुद्दों यानी कांग्रेस की गारंटी (जिसमें इंडिया गठबंधन के मुद्दों को समाविष्ट किया गया है) की बात पर जोर देना होगा। कांग्रेस की गारंटी का मतलब समाज के समस्त दबे-कुचले लोगों के परवरिश और उत्थान की बात, जैसा कि उसमें समाविष्ट किया हुआ है। साफ शब्दों में कहें तो किसान-मजदूर-कारीगर, युवा, महिलाएं, कुटीर-लघु कारोबारी आदि के हित।**





**कमलेश पांडे**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार है**

उत्तरप्रदेश में पहले चरण के मतदान से दो दिन पहले यानी गत बुद्धवार को दिल्ली से सटे गाजियाबाद महानगर के कौशांबी स्थित फाइव स्टार होटल रेडिसन ब्लू सभागार में, गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र की इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा के समर्थन में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जो संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित किया, उसके सियासी मायने स्पष्ट हैं। यहां के शानदार मंच से दोनों नेताओं ने भाजपा की मोदी सरकार के प्रति जो तल्खी दिखाई, उससे यह सवाल उभरकर सामने आया कि आखिर यूपी में क्या सियासी गुल खिलाएगी राहुल-अखिलेश की जोड़ी?

आपको पता होना चाहिए कि यूपी में कांग्रेस-सपा गठबंधन होने के बाद पहली बार दोनों नेता एक साथ, एक मंच पर दिखाई दिए और पत्रकारों के लाख कुरेदने के बावजूद भी संतुलित और सधे हुए अंदाज में जो बातें कहीं, उसके राजनीतिक मायने स्पष्ट हैं।

पहला यही कि कांग्रेस-सपा की यह युगलबंदी लंबी चलेगी। क्योंकि पीएम पैदा करने वाले इस प्रदेश से यदि भाजपा और एनडीए गठबंधन को खदेड़ना है, तो पीएम के हवा-हवाई मुद्दों की बजाए राहुल गांधी-अखिलेश यादव के जमीनी मुद्दों यानी कांग्रेस की गारंटी (जिसमें इंडिया गठबंधन के मुद्दों को समाविष्ट किया गया है) की बात पर जोर देना होगा। कांग्रेस की गारंटी का मतलब समाज के समस्त दबे-कुचले लोगों के परवरिश और उत्थान की बात, जैसा कि उसमें समाविष्ट किया हुआ है। साफ शब्दों में कहें तो किसान-मजदूर-कारीगर, युवा, महिलाएं, कुटीर-लघु कारोबारी आदि के हित।९ दूसरा, रामनवमी के दिन ही इंडिया गठबंधन के पहले संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन होने और इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा नेता अखिलेश यादव द्वारा देशवासियों और पत्रकारों को रामनवमी की बधाई देने का स्पष्ट मकसद है कि इंडिया गठबंधन सनातन मयार्दाओं की उपेक्षा अब नहीं करेगा। क्योंकि 2014 और 2019 का नजीर उसके सामने है। लिहाजा, 2024 में पुरानी गलतियों से सबक लेने की कोशिश की गई है। शुरूआत भी अच्छी है। तीसरा, इस प्रेस वार्ता में राहुल गांधी का यह कहना कि ये चुनाव विचारधारा का चुनाव है, काफी अहम है। उनके शब्दों में, ह्यएक तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन देश में लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रही है। इससे साफ है कि कांग्रेस अपने पुराने मुद्दे पर अडिग है और सावधानी पूर्वक नए मुद्दों से खुद को जोड़ रही है, जो अच्छी बात है। चतुर्थ, बकौल राहुल गांधी, ह्लइस चुनाव में 2-3 बड़े मुद्दे हैं। वह है महंगाई, बेरोजगारी और भागीदारी। लेकिन इसके बारे में ना तो प्रधानमंत्री बात कर रहे हैं और ना ही बीजेपी बात कर रही है।ह्व यही वजह है कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर सीधे हमला बोलते हुए कहा कि हमारे प्रधानमंत्री कभी मुद्दों पर बात नहीं करते। मुद्दों पर बात करने की बजाय कभी वह समुद्र की गहराईयों में चले जाते हैं, तो कभी वह आसमान में सी प्लेन पर चले जाते हैं। संभवतया जनता भी इस बात को समझने लगी है, जिससे यूपी में राहुल-अखिलेश का ग्राफ ऊंचा उठने के संकेत मिलने लगे हैं। पांचवां, राहुल गांधी ने कहा कि पीएम ने एक साक्षात्कार में इलेक्टोरल बॉन्ड को सही बताया और चुनाव में पारदर्शिता लाने के लिए इसे जरूरी बताया। यदि यह सच है तो इस सिस्टम को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द क्यों किया? उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों ने भाजपा को चुनाव के नाम पर करोड़ों की रकम दी, भाजपा उनका नाम क्यों नहीं उजागर कर रही है। उन्होंने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए यहां तक कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड अपने आपमें दुनिया का सबसे बड़ा संगठित घोटाला है। इसमें सरकारी एजेंसी और बीजेपी नेतृत्व की दोनों भूमिका संदेहास्पद है। इस प्रकार इलेक्टोरल बांड सबसे बड़ा एक्सटॉर्शन है। पीएम मोदी भ्रष्टाचार के चैंपियन हैं। विपक्ष के नेता का ऐसा तेवर तभी दिखता है, जब सत्तारूढ़ सरकार का अवसान सुनिश्चित होने का फीडबैक कार्यकर्ता देते हैं। छठा, राहुल गांधी से पहले संवाददाता सम्मेलन की शुरूआत करते हुए अखिलेश यादव का यह कहना कि ह्लमुझे खुशी है आज हम मिलकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं, बेहद अहम है।ह्व उन्होंने तो साफ कहा कि यूपी में गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक भाजपा का सफाया होने जा रहा है। भाजपा की हर बात झूठी निकली। न किसान की आय दोगुनी हुई, न युवाओं को रोजगार मिला, विकास के वादे भी अधूरे हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड ने इनकी पोल खोल दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बन गई है। लूट और झूठ भाजपा की पहचान बन गई है। इसलिए मोदी-योगी सरकार से मुक्ति के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। कार्यकताओं को तालमेल बिठाकर चलना होगा। सप्तम, अखिलेश यादव का यह कहना कि गाजियाबाद यानी पश्चिम उत्तरप्रदेश से चल रही हवा पूर्वी यूपी में गाजीपुर तक जाएगी और पूरे देश में बदलाव लाएगी। हमारा इंडिया गठबंधन गाजियाबाद से गाजीपुर तक क्लीन स्वीप करेगा। हमें पूरी उम्मीद है कि इस बार केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, काफी अहम है। उनका यह कहना कि इस बार पश्चिम से बदलाव की हवा चली है। जनता भाजपा के झूठ और वादा खिलाफी से तंग आ चुकी है। इलेक्टोरल बॉन्ड ने भाजपा की बैंड बजा दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बनकर रह गई है। उनकी इन बातों से साफ संकेत मिलता है कि उनके द्वारा शुरू किया हुआ पीडीए अभियान अपनी जमीनी पकड़ बना चुका है,

# राजनीतिक और लोकतांत्रिक सत्ता का सबसे बड़ा भागीदार प्रदेश

डॉ. सी.पी. राय

देश में राजनीतिक और लोकतांत्रिक सत्ता का उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा भागीदार प्रदेश है, जहां की 80 सीट देश का भाग्य तय करती हैं। कहा जाता है कि दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर जाता है। आज तक देश के जितने भी प्रधानमंत्री हुए हैं, उनमें से आधे उत्तर प्रदेश से रहे। पिछले दो चुनावों में उत्तर प्रदेश ने भाजपा के लिए आधार का काम किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार दो बार से बनारस से सांसद हैं।इस बार उत्तर प्रदेश बहुत खामोश है। यह खामोशी सभी दलों को बेचैन किए हुए है। राजनीतिक पंडितों का मानना है की अगर मतदाता का रु झान सत्ता की तरफ होता है तो वो चुनाव शुरू होने के साथ ही दिखाई देने लगता है। ज्यों-ज्यों चुनाव उठान लेता है, सत्ता समर्थक मतदाता ज्यादा मुखर होता जाता है। इस बार वो या तो खामोश है, या अलग-अलग खांचे में सत्ता से जुड़े प्रत्याशियों के प्रति नाराजगी जता रहा है। भाजपा ने अपने काफी सांसदों को फिर से टिकट दिया है। इनमें से अधिकांश जीतने के बाद लौट कर अपने क्षेत्र में गए ही नहीं या जिस केंद्रीकृत तरीके से भाजपा की सत्ता चल रही है, और उसमें केंद्र तथा प्रदेश के चंद लोगों को छोड़ कर किसी की भी प्रभावी भूमिका नहीं है। यहां तक कि मंत्री, सांसद और विधायक का अधिकारी या दरोगा फोन तक उठाने की जहमत नहीं करते। जनप्रतिनिधि जनता या कार्यकर्ता की आवश्यक मदद करने में असफल रहे हैं, और इसलिए भी लोगों से कटे रहे। इसलिए उनका क्षेत्र में जबरदस्त विरोध है। एक दूसरा विरोध, जो बड़े पैमाने पर हाल में दिखा, सहारनपुर में हुआ जब क्षत्रिय समाज ने विशाल सम्मेलन किया जिसमें भाजपा का विरोध करने का फैसला किया गया। कुछ राजनीतिक पंडित मानते हैं कि अज्ञात कारणों से एक हवा चल गई है कि यदि केंद्र में दुबारा मोदी सरकार आ गई तो उसमें न तो राजनाथ सिंह के लिए स्थान होगा और न गडकरी के लिए और उससे भी ज्यादा चर्चा व्यापक है कि उस स्थिति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी मोदी और अमित शाह तुरंत हटा देंगे क्योंकि योगी इन लोगों के सामने मजबूत विकल्प के रूप में उठ खड़े हुए हैं। इस अफवाह का असर भी मतदाता के एक बड़े वर्ग को प्रभावित करता दिख रहा है।इस बार के चुनाव को अचानक उठ खड़े हुए इलेक्टोरल बॉन्ड के बवंडर ने भी ग्रहण लगा दिया है। इसके उजागर होने के बाद पीएमकेयर फंड को लेकर शंका के बादल घुमडे लगे हैं। देखा गया है कि जब भी कोई सत्ता नौकरशाही और व्यवस्था को सारी ताकत सौंप कर खुद को सुरक्षित समझने लगती है, दरअसल तभी वो ज्यादा असुरक्षित हो जाती है क्योंकि राजनीति नेता या कार्यकर्ता, कैसा भी हो, को जनता का लिहाज करना ही होता है। दरवाजे पर आए व्यक्ति के लिए निकलना ही होता है। नौकरशाही के साथ ऐसी कोई मजबूरी नहीं है। जनता के साथ उनके व्यवहार का खमियाजा सरकार को भुगतना पड़ता है। यही स्थिति इस बार नासूर जैसी दिख रही है।उत्तर प्रदेश में कैराना से इकरा हसन, सहारनपुर से इमरान मसूद, आजमगढ़ से धमेंद्र यादव, बदायूं से शिवपाल यादव के पुत्र, मैनपुरी से डिंपल यादव, बांदा से शिवशंकर पटेल, बिजनौर से यशवीर सिंह, हाथरस से जसवीर बाल्मिकी, फतेहपुर सीकरी से भाजपा विधायक चौधरी बाबू लाल के पुत्र रामेर सिंह, अलीगढ़ से बृजेंद्र सिंह, लालगंज से दरोगा सरोज, मछली शहर से तूफानी सरोज, फरूखाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य, फिरोजाबाद से अक्षय यादव, बरेली से प्रवीण सिंह ऐरन, मुजफ्फरनगर से हरेंद्र मलिक, रामपुर से विपक्षी प्रत्याशी, अमरोहा से दानिश अली, कानपुर से आलोक मिश्र, उन्नाव से अनु टंडन, गाजीपुर से अफजाल अंसारी, अंबेडकर नगर से लालजी वर्मा, गोंडा से श्रेया वर्मा, घोसी से राजीव राय, बासगांव से सफल प्रसाद, बस्ती से राम प्रसाद चौधरी, संभल से जियाउर्रहमान वर्क सहित मुलायम सिंह यादव के परिवार वाली अन्य सीट तथा अमेठी और रायबरेली सहित करीब 45 सीटें ऐसी हैं

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
पटना, शनिवार, 20 अप्रैल, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### आग लगने से दो झोपड़ी सहित मवेशी जल कर खाक

सुगौली: सुगौली नगर के वार्ड संख्या 11 के निमुई के राय टोला स्थित मंटू राय के दो झोपड़ी के घर में अचानक लगी आग से पूरे इलाके में भगदड़ मच गई।बताया जाता है मंटू राय की पत्नी घर खाना बना कर बैठी हुई थी तभी अचानक पछुवा हवा चलने और चिंगारी उड़ने से फूस के मकान के अन्य भागो चिंगारी जा गिरी जिससे घर अचानक आग लग गई। आग लगने से पूरा राय टोला सकते में आ गया। चुकी राय टोला में अधिकतम घर फूस का झोपड़ी है।वही मंटू राय के घर में आग लगने से घर रखे अनाज दो बकरी नगद सत्रह हजार रुपये और बेटी के शादी के लिए रखे गये गहने भी जल कर खाक हो गये।वही आग की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार ने अग्निशमन वाहन को भेजा अग्नि वाहन पहुँच कर किसी तरह आग पर काबू पाया। वही इस आग लगने मंटू राय का पूरा घर जल कर राख हो गया।

### मौहम्मद दिलशाद आलम निर्विरोध चुने गए गौसपुर चकमजाहिद पंचायत के उप मुखिया

महुआ। महुआ प्रखंड के गौसपुर चकमजाहिद पंचायत में में हुए उपमुखिया के चुनाव में पंचायत के वार्ड सदस्य मो. दिलशाद आलम निर्विरोध उपमुखिया चुने। मौहम्मद दिलशाद आलम को उपमुखिया के लिए कराए गए चुनाव के दौरान 12 वार्डो में से 9 वार्ड का बहुमत प्राप्त हुआ। जिससे दिलशाद आलम निर्विरोध रूप से पश्चायत के उप मुखिया चुने गए।उनके उप मुखिया बनने की खबर सुनते ही उनके समर्थकों के साथ-साथ उनके चाहने वाले मित्रों और सगे संबंधियों में भी खुशी की लहर दौड़ पड़ी। उप मुखिया चुने जाने के बाद महुआ के प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार ने उन्हें अपने हाथों से उप मुखिया का प्रमाण पत्र सौंपा। उप मुखिया बनने के बाद कार्यालय से बाहर आते ही उनके समर्थकों ने उन्हें फूल माला से लाभ दिया और अबीर गुलाल लगाकर अपनी खुशी जाहिर की।

# ईवीएम डिस्पैच सेंटर का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

प्रात: किरण, संवाददाता



मोतिहारी। 10-रक्सौल एवं 11-सुगौली विधानसभा क्षेत्र के लिए सुगौली में बनाये जा रहे डिस्पैच सेंटर का जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक कांतेश मिश्रा ने निरीक्षण किया। लोकसभा निर्वाचन 2024 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर 10-रक्सौल विधानसभा क्षेत्र एवं 11-सुगौली विधानसभा क्षेत्र के लिए +2 नंद हाई स्कूल, सुगौली में बनाए जा रहे डिस्पैच सेंटरो का डीएम और एसपी के द्वारा निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल आईएएस शिवाक्षी दीक्षित, अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुगौली, रामगढ़वा एवं रक्सौल, अंचल अधिकारी सुगौली, कार्यपालक पदाधिकारी सुगौली नगर पंचायत उपस्थित थे। जिलाधिकारी के द्वारा एसडीओ तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी को माइक्रो लेवल की योजना बनाकर डिस्पैच सेंटरों को पूर्ण रूपेण तैयार कर लेने का निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि मतदान की तिथि से 10 या 15 दिन पहले जिला स्ट्रांग रूम से यहां ईवीएम लाया जाएगा और उसका कमिशिनंग भी यही किया जाएगा। कमिशिनंग कार्य के लिए 20-20 टेबल की व्यवस्था रखी जाए। मतदान की तिथि के दो दिन पहले डिस्पैच सेंटर पर पार्टी मिलान के लिए पोलिंग पार्टी को बैठाने की पुरी प्लानिंग कर बेहतर व्यवस्था कर ली जाए। यहां पर पुलिस बल के बैठने, साथ ही रिजर्व मतदान कर्मी के बैठने की भी बेहतर व्यवस्था कराई जाए। डिस्पैच सेंटर पर प्रॉपर रूप से बैरिकेडिंग की व्यवस्था कराई जाए, ताकि कार्यों में सहूलियत मिल सके। यहां पर पेयजल, बिजली,शौचालय आदि सभी जरूरी चीजों की उपलब्धता देखी गई तथा इसे और बेहतर करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि वाहन कोषांग के बेहतर संचालन के लिए अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था बनाई जाए तथा प्रवेश एवं निकास की अलग व्यवस्था के साथ ट्रैफिक एवं रूट लाइनिंग क्लियर रखा जाए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा यहां ईवीएम रखने के लिए बनाए गए वज्रगृह का निरीक्षण किया गया और जरूरी निर्देश दिया गया। डीएम के द्वारा ईवीएम सुरक्षा मामले मे आयोग द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा वहां पर केंद्रीय पैरा मिलिट्री फोर्स के आवासन स्थल का निरीक्षण किया गया एवं वहां भी सभी मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

## जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने राजकीय नंद उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया

प्रात: किरण, संवाददाता

सुगौली : लोकसभा चुनाव को लेकर जिला अधिकारी सौरभ जोरवाल व पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार ने राजकीय नंद उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर का शुक्रवार को निरीक्षण किया। टीम के अधिकारियों ने चुनाव को लेकर विभिन्न जगहों की जानकारी ली। चुनाव में प्रयोग होने वाला सामग्री एवं वहां लगाने को लेकर जगह का चयन किया जा रहा है। डी एम ने बताया कि बज्रगृह व डिस्पैच के लिए व्यवस्था की जाय। चुनाव में लगे कर्मचारियों को बैठने या अन्य व्यवस्था को लेकर जगह का चयन करे। इसी के तहत विद्यालय परिसर को देखा जा रहा है कि चुनाव में प्रयोग होने वाले कार्य में किसी से प्रकार से परेशानी नहीं हो सके। ईवीएम मशीन रखना व कम से कम 6 हजार लोगों को रहने बैठने की व्यवस्था पर भी चर्चा किया गया।टेंट का निर्माण,वाहन पार्किंग, बिजली व्यवस्था,आदि पर चर्चा किया गया। पोलिंग पार्टी के लिए टेबल आदि की व्यवस्था करना है। चुनाव कर्मियों को बैठने व रहने की जगह को चिन्हित किया जाय। डीएम ने अधिकारियों को कई निर्देश उन्होंने दिया। साथ ही कहा की व्यवस्था की तैयारी पूरी होनी चाहिए,ताकि चुनाव कर्मियों को किसी प्रकार से परेशानी नहीं हो उसकी पूरी तैयारी कर ले। मौके पर बीडीओ तेज प्रताप त्यागी सहित कई आला अधिकारी मौजूद रहे।

# बहनोई के साथ घुमने गई शाली को मारी गोली



- घटना कुंडवा चैनपुर के हसनपुर बलुआ गांव की
- क्षेत्र में सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

प्रात: किरण, संवाददाता

ढाका, (पुर्वीचम्पारण)-भारत नेपाल सीमावर्ती कुण्डवा चैनपुर थाना क्षेत्र के हसनपुर बलुआ गांव में गुरुवार की रात्रि अपराधियों ने अपने बहनोई के साथ घुमने गई शाली को गोली मार दी। गोली रात के नौ बजे के करीब उस समय मारी जब वह अपने बहनोइ ढाका थाना क्षेत्र के पचपकडी गांव निवासी मनरदीप कुमार बैठा के साथ अपने घर हसनपुर बलुआ से अपने बहनोई के बाईक पर बैठ कर घुमने गई थी।घटना के संबंध में युवती के बहनोई मनरदीप कुमार बैठा ने बताया की रात का समय था शाली और बहनोई सड़क किनारे लौखान रोड में बात कर रहे थे।की अचानक दो युवक आये और मेरे शाली को दुपट्टा खिंचकर अपने साथ चलने के लिए जोर जबरदस्ती करने लगा।इतने में बाईक स्टार्ट कर शाली और बहनोई भागना चाहे तो दाढ़ी वाला युवक ने हथियार निकाल कर गोली मार दी। और पुल के तरफ दोनों अपराधी भाग निकले।घटना में संलिप्त अपराधियों की संख्या दो बताई जा रही है। घायल युवती बलुआ निवासी महेंद्र बैठा की पुत्री खुशबू (22)वर्ष बताई जा रही है। गोली युवती के कमर मे लगी है।जिसे परिजन गंभीर हालत मे ढ़ाका अस्पताल लेकर गये जहाँ से चिकित्सको ने गंभीर हालत में मोतीहारी रेफर कर दिया । युवती का इलाज मोतीहारी के एक निजी नर्सिंग होम में किया जा रहा है।पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि घटना की सभी पहलुओं से जाँच की जा रही है।मामले मे इलाजरत खुशबू ने अज्ञात के खिलाफ फर्दब्यान दर्ज कराया है। बहुत जल्द ही घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों को चिन्हित कर कारवाई कि जाएगी।

## जनता दरबार का हुआ अयोजन, 22 आवेदनकर्ताओं के समस्याओं पर हुई सुनवाई




प्रात: किरण, संवाददाता

मोतिहारी। समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन सभागार, मोतिहारी में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन द्वारा जिलेभर के विभिन्न प्रखंडों से आए 22 आवेदनकताओं की समस्याओं पर सुनवाई की गई । प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए अपर समाहर्ता ने कहा कि आज जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान सुनिश्चित किया जाएगा । आज स्वास्थ्य, शिक्षा, आपूर्ति, पंचायती राज विभाग, भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित अधिकांश आवेदन प्राप्त हुए जिसका शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया । इस अवसर पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सदर मोतिहारी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## वाहन जांच कर रहे पुलिस पदाधिकारी और बाइक चालक से हुई दुर्घटना में तीनों हुए घायल



प्रात: किरण, संवाददाता

सुगौली : थाना क्षेत्र के छपवा मोतिहारी मुख्य पथ में शुक्रवार को वनशक्ति स्थान के निकट तेज रफ्तार बाइक पर सवार दो युवकों ने चेकिंग कर रहे पुलिस अधिकारी एस आई विश्वजीत पंडित को गंभीर रूप से चोटिल कर दिया।जिससे वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए।घटना को देख पुलिस ने उठाया और प्रारंभिक चिकित्सा के लिए पीएससी सुगौली में भेज दिया। जहाँ चिकित्सको के द्वारा एसआई की प्राथमिक उपचार की गई। डॉक्टर ने गंभीर हालत देखते हुए घायल एसआई को बेहतर इलाज के लिए मोतिहारी रेफर कर दिया। वहीं दोनों बाइक सवार भी गंभीर रूप से घायल होगा। जिन्हें इलाज के लिए सुगौली पीएचसी में भर्ती कराया गया। दोनों की प्राथमिक उपचार किया गया। दोनों युवकों को भी मोतिहारी रेफर कर दिया गया। दोनों युवक की पहचान पकड़ीदयाल के राहुल कुमार व रोशन कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है दोनों बाइक सवार बेतिया की ओर जा रहे थे। अचानक बाइक के संतुलन खो जाने के कारण यह दुर्घटना हुई।थाना अध्यक्ष मुन्ना कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# मतगणना कार्य के लिए प्रतिनियुक्त कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



प्रात: किरण, संवाददाता

मोतिहारी।जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह - जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण सौरव जोरवाल के निर्देश के आलोक में लोकसभा आम चुनाव 24 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के क्रम में शुक्रवार को सीएस डीएवी पब्लिक स्कूल बनकट,मोतीहारी में जिला के मास्टर ट्रेनरों के द्वारा मतगणना कार्य के लिए प्रतिनियुक्त सभी 2018 मतगणना कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें 963 काउंटिंग असिस्टेंट, 692 काउंटिंग सुपरवाइजर तथा 363 काउंटिंग माइक्रो आब्जर्वर शामिल थे। प्रशिक्षण की व्यवस्था एक ही पाली में अपराह्न 3 बजे से 5:30 बजे तक कराई गई थी। प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर नजर रखने के लिए प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन राजेश्वरी पांडे, प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला शिक्षा पदाधिकारी संजीव कुमार, जिलाधिकारी के विशेष कार्य पदाधिकारी गौरव कुमार के द्वारा लगातार नजर रखा गया एवं सभी कक्षों का भ्रमण कर लगातार निरीक्षण किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर प्रशिक्षकों के द्वारा मतगणना सुपरवाइजर एवं मतगणना सहायक को ईवीएम के कंट्रोल यूनिट के सहारे सभी तरह की तकनीकी जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि प्रपत्र 17- सी भी रहेगा उससे भी मिलान कर लेना होगा। कंट्रोल यूनिट के रिजल्ट सेक्शन का रिजल्ट बटन दबाने के पश्चात डिस्प्ले पर सभी उम्मीदवारों को प्राप्त मत प्रदर्शित होगा जिसे विहित प्रपत्र में अंकित किया जाएगा। इस दौरान काउंटिंग माइक्रो ऑब्जर्वर द्वारा पूरी प्रक्रिया का सूक्ष्म निरीक्षण किया जाएगा।

# डीएम के निर्देश पर रक्सौल शहर में फर्जी क्लिनिकों पर की गई छापेमारी

**रक्सौल शहर व आसपास कुकुरमुत्ते की तरह फैले हैं अवैध संस्थान, रेड की सूचना पर मचा हड़कंप**

प्रात: किरण, संवाददाता

रक्सौल।अनुमण्डलीय अस्पताल रक्सौल द्वारा गठित मेडिकल टीम के द्वारा शहर में कुकुरमुत्ता की तरह फैले फर्जी क्लिनिक,नर्सिंग होम व जांच घरों पर छापेमारी की गई।इस दौरान डॉक्टर विजय कुमार के नेतृत्व में मेडिकल टीम का गठन किया गया और इस धावा दल के द्वारा शहर के कौड़िहार,नागा रोड, ब्लॉक रोड सहित कई जगहों पर छापेमारी की गई। इस छापेमारी की सूचना रक्सौल शहर व इसके आसपास के क्षेत्र में आग की तरह फैल गई और अवैध स्वास्थ्य केंद्रों के संचालकों ने अपने-अपने शटर गिराना शुरू कर दिया और फरार होनें लगे। बता दें कि जिला पदाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं सीएस के द्वारा सभी संबंधित सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारियों को इस प्रकार की छापेमारी करने का सख्त निर्देश जारी किया गया है। उक्त निर्देश के आलोक में रक्सौल में मेडिकल टीम का गठन किया गया और छापेमारी की गई।धावा दल के अध्यक्ष डॉ विजय कुमार ने बताया कि जांच के दौरान उनके संचालन का वैध रजिस्ट्रेशन, कार्यरत चिकित्सकों के प्रमाण पत्र और अन्य कई प्रकार के आवश्यक कागजातों की मांग की गई है जो किसी स्वास्थ्य केंद्र के संचालन हेतु आवश्यक होते हैं। इनके द्वारा प्रस्तुत कागजातों की जांच के बाद दोषी पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आज के इस औचक छापेमारी के बाद अवैध स्वास्थ्य केद्रों के संचालकों में हड़कंप मचा है. और वह भूमिगत होने लगे हैं।

## युवाओं कि बढ़ती भारत में जनसंख्या, जिगर कि चिंता: डॉ ए कुमार

प्रात: किरण, संवाददाता

पटना। लिवर डिजीज की तरफ इशारा करते हैं शरीर में नजर आने वाले ये संकेत, भूलकर भी न करें अनदेखा लिवर हमारे शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग है जो खून फिल्टर करने के साथ ही शरीर से टॉसिन्स को बाहर निकालने में मदद करता है। यही वजह है कि लिवर की महत्वता और इसकी सेहत को लेकर जागरूकता फैलाने के मकसद से हर साल 19 अप्रैल को मनाजा जाता है। इस मौके पर आज जानेंगे लिवर डिजीज के कुछ वॉर्निंग्स साइन्स। लिवर हमारे शरीर में बेहद अहम भूमिका निभाता है। ऐसे में हेल्दी रहने के लिए लिवर का हेल्दी रहना भी जरूरी है। लिवर खराब होने पर हमारा शरीर कई संकेत देता है। दुनियाभर में आज वर्ल्ड लिवर डेमनाया जा रहा है। हर साल 19 अप्रैल को यह दिन लिवर हेल्थ के प्रति जागरूकता फैलाने और लिवर डिजीज की रोकथाम के मकसद से मनाया जाता है। लिवर हमारे शरीर का सबसे अहम अंग है, जो कई सारे जरूरी कार्य कर हमें हेल्दी रखने में मदद करता है। यह हमारे शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकालने में मदद करता है और साथ ही यह खून को फिल्टर करने में भी मदद करता है। ऐसे में जरूरी है कि सेहतमंद रहने के लिए अपने लिवर को भी हेल्दी बनाया जाए। इन दिनों खराब जीवनशैली की वजह से लोग कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का शिकार होते जा रहे हैं। लिवर डिजीज इन्हीं समस्याओं में से एक है, जिससे आजकल कई लोग प्रभावित है। शरीर में लिवर से जुड़ी समस्या होने पर कुछ संकेत नजर आते हैं, जिनकी पहचान कर आप समय रहते इसका इलाज कर सकते हैं। आइए जानते हैं ऐसे ही कुछ वॉर्निंग्स साइन्स के बारे में-थकान लगातार थकान और कमजोरी लिवर डैमेज का संकेत हो सकता है, क्योंकि लिवर एनर्जी मेटाबॉलिज्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अगर आप पर्याप्त आराम के बावजूद भी बिना किसी वह थकान महसूस कर रहे हैं, तो यह संकेत हो सकता है कि आपके लिवर को देखभाल की जरूरत है। पेट के आसपास चर्बी पेट के आसपास अत्यधिक चर्बी लिवर खराब होने का संकेत हो सकती है। यह जमा हुआ फैट फैटी लिवर डिजीज जैसी स्थितियों से जुड़ा हुआ है, जो संभावित लिवर की डिस्फंक्शन का संकेत देता है। पीलिया त्वचा और आंखों का पीला पड़ना, जिसे पीलिया कहा जाता है, लिवर की खराबी का एक सामान्य संकेत है। यह तब होता है जब लीवर बिलीरुबिन को प्रभावी ढंग से प्रोसेस करने में असमर्थ होता है। पेट दर्द पेट के ऊपरी दाहिने हिस्से में, जहां लिवर स्थित है, असुविधा या दर्द होना भी लिवर की समस्याओं का लक्षण हो सकता है। यह हल्के दर्द से शुरू होकर तेज और लगातार होने वाले दर्द में बदल सकता है। यूरिन और मल के रंग में बदलाव गहरे रंग का यूरिन और हल्के या मिट्टी के रंग का मल लिवर की समस्याओं का संकेत हो सकता है। बिलीरुबिन की उपस्थिति के कारण यूरिन गहरे रंग का हो सकता है, जबकि मिट्टी रंग ता मल तब होता है, जब लिवर पित्त यानी बाइल को ठीक से एक्सक्रीट करने में असमर्थ होता है। त्वचा में खुजली लगातार खुजली या प्रुरिटस, लिवर की खराबी का संकेत हो सकता है। यह ब्लड स्ट्रीम में बाइल सॉल्ट के निर्माण के कारण होता है, जिससे त्वचा में जलन होती है। अगर आपको बिना कारण त्वचा में खुजली हो रही हैं, खासकर हाथों और पैरों पर, तो तुरंत किसी डॉक्टर से संपर्क करे। एसिडिटी और हार्टबर्न एसिडिटी और सीने में जलन पीलिया, पेट दर्द और सूजन जैसे अन्य लक्षणों के साथ लिवर की डैमेज का संकेत दे सकता है। लिवर डिस्फंक्शन पाचन को बाधित करता है, जिससे एसिड रिफ्लक्स और गैस्ट्रिक असुविधा हो सकती है।

# ईडीआईआई ने पीजीडीएम इन एंटरेप्रेन्योरिशप पीजीडीएम इन इनोवेशन, एंटरेप्रेन्योरशिप एण्ड वेंचर डेवलपमेन्ट प्रोग्रामों के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**यूएसएएसबीई आउटस्टैंडिंग एंटरेप्रेन्योरशिप प्रोग्राम अबरॉड अवॉर्ड 2014 द्वारा सम्मानित**

- ऑल इंडिया काउन्सिल फॉर टेकनिकल एजुकेशन द्वारा अनुमोदित
- नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रेडिटेशन द्वारा मान्यता प्राप्त



प्रात: किरण, संवाददाता

पटना। एंटरेप्रेन्योरशिप डेवलपमेन्ट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ई.डी.आई.आई), ने अपने 2-वर्षीय पीजीडीएम प्रोग्रामोंरू पीजीडीएम इन एंटरेप्रेन्योरिशप पीजीडीएम इन इनोवेशन, एंटरेप्रेन्योरशिप एण्ड वेंचर डेवलपमेन्ट के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। ये प्रोग्राम उभरते एंटरेप्रेन्योर्स और उन लोगों के लिए डिजाइन किए गए हैं जो समाज पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करना चाहते हैं। 2024-2026 बैच के लिए आवेदन की अंतिम दिनांक 27 अप्रैल 2024 है, और इंटरव्यू की शुरूआत 30 अप्रैल 2024 को होगी। उम्मीदवार सीधे वेबसाईट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए बसपबा डॉ पंकज भारती एसोसिएट प्रोफेसर ई.डी.आई.आई. ने कहा कि ई.डी.आई.आई. का पीजीडीएम-ई, प्रोग्राम अपने 27वें बैच में है, जो उद्यमियों एवं मैनेजमेन्ट के पेशेवरों के लिए डिजाइन किया गया व्यापक दो-वर्षीय, फुल टाईम कोर्स है। इस कोर्स में छह ट्राइमेस्टर्स हैं, जहां छात्रों को एंटरेप्रेन्योरशिप से जुड़े विभिन्न पहलुओं में कौशल हासिल करने, क्रिटिकल थिकिंग एवं हैण्ड्स-ऑन लर्निंग (व्यवहारिक कौशल) सीखने का मौका मिलता है। इसके स्पेशलाइजेशन्स में शामिल हैंरू उद्यम के विकास पर फोकस करने वाला न्यू एंटरप्राइज क्रिएशन (एनईसी); पारिवारिक कारोबार के लिए फैमिली बिजनेस मैनेजमेन्ट (एफबीएम) और स्थायी विकास के लिए इनोवेटिव लीडर्स बनाने वाला सोशल एंटरेप्रेन्योरशिप (एसई)। इस कोर्स में छात्रों को गहन प्रशिक्षण, संरक्षण और मार्गदर्शन दिया जाता है, उनके चुने हुए मार्ग के आधार पर विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट के साथ यह कोर्स पूरा होता है। उन्होंने ने आगे बताया कि ई.डी.आई.आई. का पीजीडीएम इन इनोवेशन, एंटरेप्रेन्योरशिप एण्ड वेंचर डेवलपमेन्ट दो-वर्षीय फुल टाईम प्रोग्राम है जिसे एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त है। यह व्यापक कोर्स आधुनिक आइडिया को स्थायी बिजनेस अवसर में बदलने के छात्रों के कौशल को अपग्रेड करता है। टेक्नोलॉजी आधारित इनोवेशन पर फोकस करते हुए छात्रों को अपने आधुनिक तरीके से लीड करने, पूंजी सुरक्षित करने और कॉम्पलेक्स मार्केट के बारे में जानने का मौका मिलता है। व्यवहारिक लर्निंग, विशेषज्ञों के मार्गदर्शन और इंडस्ट्री के एक्सपोजर के साथ छात्र उद्यम में सफलता हासिल करने के लिए जरूरी कौशल विकसित कर सकते हैं और समाज पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न कर सकते हैं। प्रवेश के लिए योग्यता के मानदण्डः किसी मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी से न्यूनतम 50 फीसदी अंकों के साथ ग्रेजुएशन क्वालिफाइंग मैनेजमेन्ट टेस्ट स्कोर (कैट/मैट/जैट/ एटीएमए/सी-मैट) फाइनल ईयर के ग्रेजुएट्स आवेदन कर सकते हैं उन छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिन्होंने टेक स्टार्टअप्स स्थापित किए हैं, जो स्टार्ट-अप स्थापित करने में रूचि दिखा रहे हैं या जिन्होंने भारत सरकार की स्टार्ट-अप योजना के तहत पेंटेंट/ टेक्नोलॉजी कमर्शियलाइजेशन/ स्टार्ट-अप सर्टिफिकेशन के लिए आवेदन किया है। 40 वर्षों की धरोहर के साथ ई.डी.आई.आई. का दुनिया भर में 1800 से अधिक सफल एल्युमनाई का नेटवर्क है और संस्थान ने 1000 से अधिक पारिवारिक कारोबारों को सक्षम बनाया है। ऐसे में महत्वाकांक्षी छात्र ई.डी.आई.आई. के साथ बदलावकारी यात्रा की शुरूआत करने के लिए इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। ई.डी.आई.आई. राज्य सरकार के विभागों, मंत्रालयों, कॉर्पोरेट्स एवं बहुआयामी एजेन्सियों के साथ मिलकर ऐसे प्रोग्राम लाता रहा है जो बिहार में उद्यमिता को सशक्त बनाएं। ऐसे ही कुछ उल्लेखनीय प्रोग्रामों में शामिल हैंः बिहार कौशल विकास प्रोग्राम जिसके तहत ई.डी.आई.आई. ने कुशल युवा प्रोग्राम के तहत बिहार के युवाओं को रोजगार कौशल प्रदान करने के लिए बिहार कौशल विकास निगम के साथ साझेदारी में आठ केन्द्र स्थापित किए हैं। जीआईजैड द्वारा स्पॉन्सर्ड संस्थान ने क्षमता निर्माण, काउन्सलिंग एवं मार्गदर्शन के माध्यम से वंचित समुदायों में स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण लघु-उद्यम विकास प्रोग्राम-प्रोजेक्ट संवृद्धि लॉन्च किया है। ईडीआईआई ने राज्य में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए बिहार सरकार के उद्योग विभाग के साथ साझेदारी की है। ई.डी.आई.आई. पूरे राज्य में उद्यमिता विकास हस्तक्षेप भी करेगा और अनुकूल वातावरण के निर्माण के लिए हितधारकों को संवेदनशील बनाएगा। ई.डी.आई.आई. ने बिहार राज्य की भावी महिला उद्यमियों के लिए उद्यमिता जागरुकता प्रोग्रामों का संचालन किया है। राष्ट्रीय महिला आयोग के साथ साझेदारी में देश भर में 100 ऐसे प्रोग्राम आयोजित किए जाएंगे, और महिलाओं को उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया जाएगा। बिहार राज्य में उद्यमिता एवं कौशल विकास प्रोग्राम के तहत कई गतिविधियां की गई हैं इस प्रोग्राम का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों के युवाओं जैसे एससी/एसटी/ महिलाओं, दिव्यांगों, पूर्व कर्मचारियों और बीपीएल को स्वरोजगार, उद्यमिता में सक्षम बनाना है।

## मैंने जो विधानसभा के चुनाव में वादा किया था वह पूरा किया : तेजस्वी यादव



- इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ललित कुमार यादव ने अपना नामांकन दाखिल किया

प्रात: किरण, संवाददाता

दरभंगा। दरभंगा लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के राजद उम्मीदवार पूर्व मंत्री ललित कुमार यादव ने शुक्रवार को अपना नामांकन दाखिल किया। इस नामांकन सभा में पूर्व उपमुख्यमंत्री व प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने एक जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि दरभंगा से ललित कुमार यादव ,मधुबनी से मोहम्मद अली अशरफ फातमी एवं वीआईपी पार्टी से झंझारपुर से सुमन महासेठ के पक्ष में बोट देने के लिए जनता से अपील की। इसके लिए सभी जनता को बहुत-बहुत धन्यवाद और इस बार दरभंगा के प्रत्याशी ललित कुमार यादव को राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने विश्वास कर प्रत्याशी बनाया है और इस बार इनको भारी मतों से विजय बनाना है। तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि मैंने जो विधानसभा के चुनाव में वादा किया था वह वादा जनता के बीच पूरा किया हूं और 17 महीना में जो हमने काम किए हैं वह एनडीए के द्वारा 17 साल में भी काम नहीं हुआ। अगर इस बार मेरी सरकार आती है तो प्रतिवर्ष करोड़ नौजवान को रोजगार देने का काम करेंगे । उन्होंने कहा कि संविधान बचाने के लिए,लोकतंत्र बचाने के लिए एवं आरक्षण बचाने के लिए भाजपा को देश से भागना आवश्यक है। वहीं वीआईपी पार्टी के मुखिया मुकेश सहनी ने भी सभा को संबोधित किया और बताया कि इस बार महागठबंधन के प्रत्याशी ललित कुमार यादव को भारी मतों से विजय बनाएंगे इसके लिए संकल्प कर लिया हूं। सभा का अध्यक्षता राजद के जिला अध्यक्ष उदय शंकर यादव एवं मंच संचालन अनिल झा के द्वारा किया गया। जनसभा में राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व मंत्री समीर महासेठ, राज्यसभा सांसद फैयाज अहमद सीपीएम के राज्य सचिव ललन चौधरी,युवा प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव, विधायक रामवृक्ष सराय, एमएलसी शशि यादव, उर्मिला ठाकुर ,पूर्व विधायक अनिल सहनी, पूर्व अध्यक्ष बिहार विधान सभा उदय नारायण चौधरी, पूर्व डीजीपी अशोक कुमार गुप्ता, बहादुरपुर पूर्व विधायक भोला यादव ,माले नेता धीरेंद्र झा, राजद नेता राम विनोद झा उर्फ कमल सेठ, लक्ष्मण पासवान दरभंगा उपमेयर नाजिया हसन, भोला सहनी, वीआईपी के जिला अध्यक्ष विनोद बंपर, सुनीति रंजन दास ,माले जिला सचिव बैजनाथ यादव, सीपीएम जिला सचिव अविनाश कुमार ठाकुर उर्फ मंटू ठाकुर, सीपीआई जिला सचिव नारायण जी झा, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सीताराम चौधरी,मिथिलेश कुमार झा।

## अगनबाड़ी केंद्रों पर मनाया गया अन्नप्राशन दिवस , रंगोली बना आकर्षण का केंद्र

प्रात: किरण, संवाददाता

घोड़ासहन । विभागीय निर्देश के आलोक मे शुक्रवार को प्रखंड अन्तर्गत संचालित सभी आंगन बाड़ी केन्द्रो पर अन्नप्राशन दिवस मनाया गया। इस दरम्यान सेविकाओ द्वारा बनायी गयी रंगोली आकर्षण का केंद्र रहा। मौके पर धातृ व गर्भवती महिलाओं को सही पोषण सहित नियमित खानपान की जानकारी दी गयी। सीडीपीओ कुमारी अंजना ने बताया कि अन्नप्राशन के दिवस मौके पर सेविकाओ द्वारा पोषक क्षेत्र के लाभार्थी महिलाओ को उनके बच्चे को सही आहार दिये जाने के लिए प्रेरित किया गया है । सेविकाओ ने छः माह के शिशु को खीर खिलाकर उपरी आहार की शुरूआत किया । बताया गया कि पौष्टिक आहार के रूप में छः माह तक बच्चे को केवल मां का दूध एवं उसके बाद ऊपरी आहार दिया जाना चाहिये। बहुत सी महिलाएं और किशोरी को एनीमिया की शिकायत है , जिसका असर उनके होने वाले बच्चों में भी पड़ सकता है। अन्नप्राशन दिवस पर पर्यवेक्षिकाओ मे किरण कुमारी, संगीता कुमारी अपने पोषक क्षेत्र मे भ्रमणशील रहकर कार्यक्रम का जायजा लिया ।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

इंद्रपुरी (रोहतास) कुछ दिनों में होने वाली लोकसभा चुनाव को लेकर इंद्रपुरी पुलिस हुई अलर्ट। जिस चुनाव को ध्यान में रखते हुए स्थानीय पुलिस ने औरंगाबाद एवं रोहतास चेक पोस्ट पर सोनपुर बराज के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें चार पहिया से लेकर दो पहिया एवं नीजी सहित सार्वजनिक वाहनों के हर तरह की गतिविधियों पर निगरानी रखा। इस बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि वाहन जांच सब 60 हजार रु का चलान कटा गया।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार किशोर की मौत

नसरीगंज(रोहतास):शुक्रवार को करीब 10 बजे कछवां थाना क्षेत्र अंतर्गत कैथी गांव के समीप स्टेट हाईवे 81 नासरीगंज-बिहटा मुख्य पथ पर अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से एक साइकिल सवार बालक शंकर कुमार उम्र 14 वर्ष पिता कृष्णा राम ग्राम कैथी थाना कछवां जिला रोहतास की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना की जानकारी मिलते ही मृतक किशोर के परिजन जैसे ही घटना स्थल पर पहुंचे तो मुख्य सड़क पर पड़े शव को देख दहाड़ मारकर रोने लगे। साथ ही साथ घटना के बाद आक्रोशित स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सड़क को जाम किया गया था। जिसे थाना के द्वारा समझा - बुझाकर सड़क जाम को हटवाया गया। साथ ही साथ पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए मृतक किशोर के परिजन के समक्ष कानूनी कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराने हेतु सदर अस्पताल सासाराम भेजा दिया। इस संबंध में अभी तक आवेदन प्राप्त नहीं है। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने दी।

### अवैध बालू लदे ट्रैक्टर साथ आरोपी गिरफ्तार

राजपुर (रोहतास) राजपुर पुलिस ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को किया जब्त, मामले में पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार। थानाध्यक्ष शशि भूषण कुमार ने बताया कि अमियावर निवासी रितेश सिंह को अवैध बालू लदे ट्रैक्टर के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा कि जब्त ट्रैक्टर के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारी के पास रिपोर्ट भेज दी गई है। साथ ही साथ मामले में संलिप्त एक आरोपी को भी गिरफ्तार कर संबंधित मामला दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### इंडो नेपाल सीमा गंडक बराज एसएसबी कैम्प परिसर में सीमा मित्रों ने की बैठक

बगहा(नसीम खान)। एसएसबी 21 वीं बटालियन के सीमा पर तैनात गंडक बराज बी समवाय स्थित परिसर में एसएसबी ने सीमा मित्रों की बैठक आहूत की जिसमे मुख्य मुख्य सीमा मित्र बैठक में शामिल हुए। बैठक में एसएसबी के बी समवाय अधिकारी इंस्पेक्टर प्रदीप मंडल, एएसआई अंग्रेज सिंह ने सीमा मित्र मुखिया पन्नालाल, रवि गुप्ता, सरपंच मैनुद्दीन अंसारी व अन्य गण्यमान्य लोगों के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा में सहयोग, आगलगी से बचाव, सर्पदंश के उपाय, नागरिक कल्याणकारी योजना में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर और आम लोगों के लिए मवेशी चिकित्सा समेत मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन जैसे मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। बताते चलें कि एसएसबी समाजिक सरोकार से जुड़े कल्याणकारी योजनाओं पर कार्य करते रहती है। गांव गांव व गली मोहल्ले में योजनाओं से सम्बंधित शिविरें लगाकर कर समाज कल्याणकारी कार्यों को सीमा मित्रों के सलाह व मशवरें पर समाजिक कार्य करती रहती है।

### सुस्ता सौर्य मिनिग्रिड परियोजना ठप अंधकार में डूबा विवादित सुस्ता गांव

बगहा(नसीम खान)। इंडो नेपाल सीमा स्थित विवादित सुस्ता गांव पालिका के वार्ड नम्बर 5 में स्थापित सुस्ता मिनिग्रिड सौर्य परियोजना पिछले 10 दिनों से तकनीकी खराबी के वजह से विद्युत उत्पादन बंद कर दिया है। जिससे भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं में बेचैनी बढ़ गई है। बतादें कीइंडो नेपाल सीमा पर दुर्गम इलाके में बसे सुस्ता गांव बुनियादी सुविधाओं से बंचित है। नेपाल सरकार के द्वारा अनुदानित राशि से श्री तपसन एनर्जी प्रा.लि. नागार्जुन 2 के द्वारा 4,80,52,268 ( नेपाली करेंसी ) लागत से सौर्य ऊर्जा प्लांट की स्थापना 12 सितंबर 2020 की गई थी। महज तीन वर्ष के दरमियान सुस्ता सौर्य ऊर्जा मिनी ग्रिड प्लांट ठप हो गया। सुस्ता निवासी आजाद खा और चंद्रिका कुर्मी ने बताया कि सुस्ता सौर्य मिनिग्रिड परियोजना पूरे होने के पश्चात नेपाल विद्युत प्राधिकरण को हस्तांतरण नहीं किया गया बल्कि प्लांट का निजीकरण करते हुए विद्युत सप्लाई की जाने लगी ताकि उपभोक्ताओं से बिजली बिल के नाम पर निजी लाभ के लिए मनमानी उगाही की जा सके। इधर मिनी ग्रिड के ठप होने से उपभोक्ता जल्द विजली सप्लाई की मांग कर रहे हैं।

# स्नातक परीक्षा को कदाचारमुक्त कराने के लिए वीर कुंवर सिंह केंद्र हुआ सख्त

प्रात: किरण संवाददाता

### मुन्ना भाई के खिलाफ एक्शन मूड में दिखे केंद्राधीक्षक



बिक्रमगंज (रोहतास) स्नातक पार्ट-थ्री परीक्षा के छठे दिन शुक्रवार को वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय, धारूपुर परीक्षा केंद्र पर कदाचारमुक्त परीक्षा को लेकर महाविद्यालय प्रशासन दिखा सख्त।

जिससे परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों में हड़कंप मच गया। जबकि शहर में बने अन्य परीक्षा केंद्रों पर जारी परीक्षा केंद्र में सबसे अधिक परीक्षार्थियों की संख्या 2793 वीर कुंवर सिंह

महाविद्यालय, धारूपुर केंद्र पर निर्धारित है। जहां शुक्रवार को पहली पाली में विभिन्न ग्रुप-ए की साइंस विषय की जीईएस और दूसरी पाली ग्रुप-बी के विभिन्न कला संकाय विषय की जीईएस परीक्षा संचालित हुई। जो दोनों पालियों में सभी परीक्षार्थियों की संख्या सूची 1920 थी। जहां छठे दिन संचालित परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। लेकिन छठे दिन भी केंद्र पर कोई परीक्षार्थी निष्कासित नही हुए लेकिन कुछ अनुपस्थित जरूर रहें। वही संचालित परीक्षा में केंद्र पर लगातार सघन जांच को देखते हुए नकलची परीक्षाथीर्यो में दहशत कायम थी। इस संबंध में वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय, धारूपुर केंद्राधीक्षक डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कदाचारमुक्त स्नातक संचालित परीक्षा के छठे दिन भी परीक्षा केंद्र पर दोनों पालियों में मुन्ना भाई, मोबाइल, ब्लूटूथ, गेस पेपर सहित अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरणों सहित चिट पुर्जे के खिलाफ केंद्र के मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर परीक्षा केंद्र के अंदर सघन जांच कर हो रही है। यह अभियान संचालित परीक्षा के निर्धारित तिथि 20 अप्रैल तक दो पालियों में पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक जारी रहेगी।

## भाजपा जिला कार्यालय में एनडीए के प्रमुख नेताओं की बैठक हुई

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। भाजपा जिला कार्यालय मे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन घटक दलो के प्रमुख नेताओं और जिलाध्यक्षो की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता लोजपा (रामविलास) के जिलाध्यक्ष राजेश्वर पासवान और संचालन भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने किया। धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय लोक मोर्चा जिलाध्यक्ष रोहित कुशवाहा ने किया। बैठक के दौरान सभी नेता और जिलाध्यक्षो ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन प्रत्याशी आर के सिंह के पक्ष मे प्रचार-प्रसार करने और आरा लोकसभा से रिकॉर्ड मतो से जीत दिलवाने के लिए एकजुटता से कार्य करने पर बल दिया। नेताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यो को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। राजग गठबंधन के घटक दलो भाजपा, जदयू, लोजपा (रामविलास), लोजपा (पारस), रालोमो, हम सेक्युलर के जिलाध्यक्षो द्वारा लोकसभा चुनाव की तैयारी पर विचार व्यक्त किया गया। सभी घटक दल के नेता और कार्यकर्ता साथ मिलकर एकजुटता के साथ प्रचार प्रसार करेंगे।

बैठक मे बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री श्रीभगवान सिंह कुशवाहा, पूर्व मंत्री जय कुमार सिंह, पूर्व विधायक प्रभुनाथ राम, जदयू जिलाध्यक्ष संजय सिंह, हम सेक्युलर जिलाध्यक्ष महेश्वर मिश्रा, भाजपा के शाहाबाद क्लस्टर संयोजक सिद्धार्थ शंभु, सह संयोजक अशोक भट्, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम रंजन चतुवेर्दी, राष्ट्रीय लोक मोर्चा नेता जागा कुशवाहा आदि थे।

## अग्निकांड से बचाव के लिए ऐसे रहे सचेत एवं आग लगने पर निम्न नंबर पर करें सम्पर्क

प्रात: किरण संवाददाता

चेनारी(रोहतास): अप्रैल महीने के मध्य से जिले में तेजी से बढ़ रही गर्मी के दृष्टिगत संभावित अग्निकांडों से बचाव को लेकर चेनारी अंचल अधिकारी सुश्री पूजा शर्मा ने जनसामान्य को बचाव के टिप्स देते हुए सचेत किया है एवं निम्न नंबरों को जारी किया है जिस पर आग लगने की स्थिति में बचाव हेतु सम्पर्क किया जा सकता है। उन्होनें कहा कि गर्मी में जब तेज पछुआ हवा चलती है तो गांवों में अग्निकांड बड़े पैमाने पर होते है, जिसके परिणाम स्वरूप घर, खेत, खलिहान एवं जान-माल को भारी क्षति पहुंचती है। जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण इन घटनाओं से होने वाली क्षति को कम करने के लिए जागरूकता अभियान चला रहा है अंचल अधिकारी पूजा शर्मा ने बताया कि बहुत छोटी-छोटी सावधानियां बरत कर हम अग्निकांड की घटनाओं को रोक सकते हैं उन्होंने कहा कि गर्मी में लगने वाली आग से गांव अत्यधिक प्रभावित होते हैं। ऐसे में रसोई घर यदि फूस का हो तो उसकी दीवार पर मिट्टी का लेप अवश्य लगा दें। रसोई घर की छत ऊंची रखी जाए। आग बुझाने के लिए घर में बोर में भरकर बालू अथवा मिट्टी तथा बाल्टी, डब्बा, टैक में हमेशा पानी भरकर अवश्य रखें। हवन आदि का काम सुबह 9:00 बजे से पहले संपन्न कर ले। शॉर्ट सर्किट की आग से बचने के लिए बिजली वायरिंग की समय पर मरम्मत कर लें। मवेशियों को आग से बचने के लिए मवेशी घर के पास पर्याप्त मात्रा में पानी का इंतजाम रखें एवं उनकी निगरानी अवश्य करते रहें। गर्मी के दिनों में दिन में तेज हुआ गर्म हवाएं चलती है इसलिए जहां तक संभव हो गर्मियों में दिन का खाना 9:00 बजे सुबह से पूर्व बना लें तथा रात का खाना शाम 6:00 बजे के बाद बनाएं। बिजली के ढीले तारों से निकली चिंगारी भी आग लगने का कारण बन जाती है अतएव जहां कही भी ढ़ीले तार दिखें उसकी सूचना बिना देर किये बिजली विभाग को दें। आग लगने पर सर्वप्रथम समुदाय के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास करें। आवश्यकता होने पर फायर बिग्रेड एवं प्रशासन को तुरंत सुचित करें। आग लगने पर निम्न नंबरों पर सम्पर्क किया जा सकता है. 7667762324 सहायक जिला अगिशमन, 9507493210 अगिशमन नियंत्रण कक्ष, 9473191924 जिला अगिनशमन अधिकारी, 06184226093, 06184226094 जिला आपदा नियंत्रण कक्ष, 8544412822 अंचल अधिकारी चेनारी, 9431818466 प्रखंड विकास पदाधिकारी चेनारी, 9431822814 थाना प्रभारी चेनारी, 9386144061 फायर बिग्रेड चेनारी इसके अलावे 101 और 112 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है। अगर कपड़ों में आग लगें तो जमीन पर लेटकर या लुढ़क कर उसे बुझाने का प्रयास करें। उन्होंने बताया कि कटनी के बाद खेत में छोटे डंठलों व पराली में आग नहीं लगाएं। किसान बंधुओं से अनुरोध है खेतो में पराली न जलाये. अन्यथा आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जा सकती है। पराली जलाने वालों को समाज खुद भी सचेत करें या इसकी सूचना फोटो/ वीडियो के माध्यम से पदाधिकारियों को दें।

## गाजे-बाजे के साथ निकली जलभरी सह कलश शोभायात्रा, श्रद्धालु की उमड़ी भीड़

प्रात: किरण संवाददाता



संझौली(रोहतास)। संझौली प्रखंड के अमैठी पंचायत अंतर्गत सिकठी ग्राम में आयोजित श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र यज्ञ के लिए शुक्रवार को हरिद्वार से आए आचार्य स्वामी महेद्र जी महाराज के सानिध्य में जलभरी के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। बैंड-बाजे, हाथी, घोड़े के साथ निकाली गई कलशयात्रा में सैकड़ों की संख्या में भक्तगण शामिल हुए। श्रद्धालु पुरुष व महिलाओं ने पीले वस्त्रों और चुनरी धारण किए हुए कलश को सर पर रखकर प्रभु का स्मरण करते हुए सिकठी यज्ञ स्थल से आरा-सासाराम मुख्य मार्ग भ्रमण करते हुए करीब दो किलोमीटर की दूरी तय कर सुसाड़ी गांव स्थित पोखरा तट पर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने सुसाड़ी पोखरा से कलश में पवित्र जल भरकर पुनः मुख्य मार्ग होते हुए सिकठी गांव भर्मण करते हुए यज्ञ स्थल पहुंचकर यज्ञशाला का परिक्रमा किया गया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञ मंडप में कलश स्थापित किया गया। विधि व्यवस्था बनाए रखने में अमैठी पंचायत के पैक्स अध्यक्ष अनिल सिंह, पूर्व सरपंच उत्तम कुमार, नन्द किशोर सिंह, सुनील सिंह, संजीव कुमार, रंजन कुमार, शेरबहादुर सिंह आदि सक्रिय रहे। आयोजकों ने बताया कि 23 अप्रैल को अग्नि स्थापना होगी। और यज्ञ आचार्य अतूल कृष्ण भार्गव द्वारा प्रबचन कही जायेगी। प्रवचन के बाद धार्मिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। प्रवचन आज से ही शुरू हो जाएगा। यज्ञ में पूरे गांव और आसपास के गावों का भी सहयोग हैं। गाजे बाजे के साथ निकली जलभरी यात्रा में आसपास गावों के लोग भी सम्मिलित हुए। 25 अप्रैल को भंडारा के साथ यज्ञ की पूणार्हुति होगी। यज्ञ समिति पूरी तत्परता के साथ यज्ञ को सफल बनाने में लगी है।

## यातायात पुलिस उपाधीक्षक सिंघम के रोल के देखने को मिला देखते ही लोग अपना अपना दुकान वाहन हटाना शुरू किया

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। यातायात पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार सुधांशु एवं दफ्ळी के इंचार्ज सब इंस्पेक्टर मोहन सिंह नेतृत्व मे दफ्ळी के जवानों के साथ, आरा शहर में पुरानी पुलिस लाइन सिंडिकेट मीरगंज सब्जी मंडी गोपाली चौक जेल रोड मठिया कर्मन टोला आरा स्टेशन कतीरा धोबी घाटवा आरा लोकसभा 2024 चुनाव को देखते हुए भ्रमण किया गया और यातायात सुचारू रूप से चलाने के लिए रोड पर लगे दुकान फोर व्हीलर मोटरसाइकिल माइक द्वारा अलाउंस किया जा रहा था कि अपने-अपने को दुकान को सड़क के किनारे कर ले सड़क पर खड़े वाहनों को भी सड़क से किनारे हटाने के लिए अलाउंस किया जा रहा था एवं जो सड़क वहांं खड़े थे उसका फोटो भी खींचा जा रहा था जो ऑनलाइन फाईन किया जाएगा जब यातायात पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार सुधांशु सिंघम के रोल में देखने को मिला जब सड़क पर निकले तो लोगों ने अपना-अपना दुकान एवं वाहन हटाना शुरू करने लगे लोग इस अभियान में दफ्ळए के जवान धर्मेंद्र कुमार मोहम्मद सरवर खान सुरेंद्र कुमार सत्येंद्र कुमार संजीत कुमार नरेश कुमार मनीष सुहाना गौतम कुमार गायत्री देवी शिल्पी कुमारी शामिल थे।

## बिजली विभाग के जर्जर लटक रहे तारों में शार्ट सर्किट, गेंहू की फसल जली

### डिजिटल दौर में भी बांस-बल्ली के सहारे खेतों तक हो रही बिजली की आपूर्ति

प्रात: किरण संवाददाता

काराकाट (रोहतास) काराकाट प्रखंड क्षेत्र में जर्जर व लटक रहे 11 हजार वोल्ट के तार में शार्ट सर्किट से आग लगने की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। गुरुवार को मोहनपुर के बधार में शार्ट सर्किट से गेंहू की खड़ी फसल में आग लग गई, वहीं एक दिन बाद शुक्रवार को भी थोड़े दूरी पर ही बेदवालिय गांव के बधार में शार्ट सर्किट से आग लग गयी। जिससे 50 से 60 बीघा गेहूं और चना की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। प्रखंड क्षेत्र के दोनों बधार में तेज हवा के कारण विद्युत तार आपस में टकरा गई और शार्ट सर्किट हो गई जिससे खड़ी गेहूं की फसल में अचानक आग की तेज लपटे उठने लगी।

तेज हवा के कारण आग कि लपटे इतनी तेज थी की ग्रामीण किसान आग पर काबू नही कर सके। ग्रामीणों ने बताया की अधिकारियों द्वारा एक फायर ब्रिगेड का नंबर जारी किया गया है लेकिन उसपर कॉल करने पर नही लग रहा है, जारी किया गया नंबर पर कॉल करने पर बता रहा है की इस नंबर पर रिचार्ज नही है। जिसके बाद किसान आनन फानन की स्थिति में पंचायत के मुखिया योगेंद्र सिंह को आग लगने की सूचना दी। मुखिया ने कहा की सूचना पाते ही हमने अनुमंडल पदाधिकारी अनिल बसाक से बात कर आग लगने की सूचना देते हुए फायर ब्रिगेड की बड़ी गाड़ियों की मांग कि। सूचना पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से घंटो प्रयास के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक दर्जनों किसानों की फसल जल कर राख हो गई। मौके पर पहुंचे प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह, अंचलाधिकारी रितेश कुमार, थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी, पंचायत मुखिया योगेंद्र सिंह ने आग लगी की घटना का जांच पड़ताल किया। वहीं ग्रामीणों कि माने तो 11 हजार वोल्ट के तार में शार्ट सर्किट आए दिन हो रही है जिससे किसानों की खेतों में लगी गेहूं की फसल में आग पकड़ ले रही है। फिरभी बिजली विभाग इसपर कोई संज्ञान नही ले रही है। काराकाट मुखिया योगेंद्र सिंह ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा की प्रखंड क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही के वजह से किसान परेशान है, जहां किसानों द्वारा खून पसीना और मेहनत कर फसल लगाई जाती हैं। लेकिन बिजली विभाग की लापरवाही कि वजह से गरीब किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया जा रहा हैं। जिससे गरीब किसानों को काफी नुकसान सहना पड़ रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से मामले पर संज्ञान लेने व दोषी कर्मियों पर करवाई करने कि मांग की।

बता दे की काराकाट प्रखंड क्षेत्र में आज भी कई गाव के किसान अपने खेतों तक बस बल्ली के सहारे पटवन करने को मजबूर हैं। दरअसल सरकार जहां किसानों की खेती को बढ़ावा देने के लिए मुफ्त बिजली कनेक्शन दे रही है, वहीं अधिकारी सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को भी अपनी कर्तव्य से सवालों के घेरे में खड़ा कर रहे हैं। इस डिजिटल दौर में काराकाट प्रखंड के मोथा, संसार डिहरी, रघुनाथपुर, जाहनपुरा जैसे कई गांव में अभी भी बांस बल्ली के सहारे किसान अपने घरेलू बिजली से खेतों तक केबल खींचकर ले गए हैं। बांस बल्ली के सहारे गई मौत की इस लाइन से हर पल खतरा बना रहता है। बिजली विभाग की लापरवाही समय समय पर लोगों के ऊपर भारी पड़ते रहती हैं। कभी कभी तो लोग बिजली विभाग की लापरवाही के वजह से जान भी गवा बैठते है। आधारभूत संरचना की घोर कमी से आए दिन जान-माल की क्षति होते रहती है। कहीं जर्जर तार पर बिजली के करंट दौड़ रहे हैं तो कहीं बांस बल्ली के सहारे खेतों तक बिजली ले जाकर मौत को आमंत्रण दिया जा रहा है। कुछ ऐसा ही नजारा काराकाट प्रखंड क्षेत्र के कई गावों में देखने को मिल रहा है। यहां के किसान खेतों में पटवन के लिए बांस बल्ली के सहारे विद्युत आपूर्ति करने को विवश है। जहां किसानों की खेतों में विद्युत प्रवाहित झूलते तार कभी भी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है। वजह है बांस बल्ली के सहारे सिंचाई करने को खेतों तक बिजली ले जाना। ऐसी स्थिति में तेज हवा बहने पर आपस में विद्युत प्रवाहित तार टकराकर खेतों में गिरने की भी संभावना बनी रहती है। इधर, प्रखंड के दर्जनों किसानों का कहना है कि कभी कभी पटवन कर रहे ट्यूबवेल बोरिग का मोटर पंप सेट भी वायर टकराने से जल जाता है। लेकिन संबन्धित विभाग इस समस्या का कोई निदान नहीं निकाल रहा है।

## भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव का हुआ शुभारंभ

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। जेल रोड स्थित श्री दिगंबर जैन शांतिनाथ मंदिर पर श्री महावीर जयंती समारोह समिति आरा के तत्वावधान में त्रिदिवसीय भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव का शुभारंभ ध्वजारोहण कर किया गया। प्रातः समय में डॉ शशांक जैन ने जैन ध्वज का विधिवत पूजन कराए तत्पश्चात समिति के अध्यक्ष डॉ विकास चंद्र जैन, सचिव अखिलेश जैन, अजय प्रकाश जैन, मनोज जैन, रजनीश जैन ने संयुक्त रूप से जैन ध्वज फहराहकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वागत गान जैन बाला विश्राम तथा स्वागत नृत्य की प्रस्तुतीकरण जैन कन्या माध्यमिक विद्यालय की छात्रों ने बहुत ही अच्छी प्रस्तुति दी। हर प्रसाद दास जैन विद्यालय के एनसीसी के छात्रों ने जैन ध्वज को अद्भुत सलामी दी। दोपहर समय में 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए चित्रकला प्रस्तुतिकरण का कार्यक्रम था जिसमें ऐरावत हाथी का चित्रण करना था चित्रकला संयोजक भावेश जैन ने बताया कि करीब 48 बच्चों ने भाग लिया सभी बच्चों ने बहुत ही सुंदर चित्र बनाकर सभी को आश्चर्यचकित किया। इस प्रस्तुतिकरण में श्री जैन कन्या माध्यमिक पाठशाला, ज्ञान ज्योति विद्यालय, डी ए वी पब्लिक स्कूल, माउंट लिट्रा जी स्कूल, श्री जैन बाला विश्राम मध्य विद्यालय, जैन स्कूल, जोवियल जूनियर स्कूल एवं अन्य विद्यालय के बच्चों की अच्छी प्रस्तुति रही। उपाध्यक्ष डॉ श्वेता जैन ने जैन धर्म तथा चित्रकला से संबंधित विषय ऐरावत हाथी पर विस्तृत जानकारी सभी को बच्चों की दी। समिति के संयुक्त सचिव निलेश कुमार जैन ने उपस्थित लोगों को जन्म कल्याणक के विषय में बताया तथा बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा की बच्चें भगवान महावीर जयंती के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए कई महीने से इसकी तैयारी करते है और सभी बच्चों ने एक से बढ़कर एक कला का प्रदर्शन किया इसके लिए सभी बच्चों सहित अभिभावकों को बधाई दिए। सभी प्रतिभागियों को समिति द्वारा प्रोत्साहन प्राइज वितरित किया गया। संध्या समय में जैन धर्म पर आधारित आरती थाल एवं कैसेट डांस प्रस्तुतिकरण हुआ। सभी बच्चों की प्रस्तुति बहुत ही सुन्दर रही। धन्यवाद ज्ञापन समिति के स्वागताध्यक्ष ज्योत प्रकाश जैन ने किया।

## ग्राम भारती महाविद्यालय को मिला प्रमाणपत्र

प्रात: किरण संवाददाता



रामगढ़ (कैमूर)। ग्राम भारती महाविद्यालय को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय व आई आई सी ने स्थापना प्रमाणपत्र (सर्टिफिकेट ऑफ इस्टैबलिशमन्ट्) प्रदान कर दिया है। स्थापना प्रमाणपत्र मिलने के बाद महाविद्यालय के बी सी ए और बी बी ए कोर्स के छात्रों के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन होगा, साथ ही आईटी वीटी ट्रेनिंग की सुविधा भी शुरू होगी। स्थापना प्रमाणपत्र मिलने से महाविद्यालय में खुशी का माहौल है। इसकी जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो राधे श्याम सिंह कहा कि इस प्रमाणपत्र को प्राप्त करने मे बी सी ए के विभागाध्यक्ष श्री सुनील कुमार की अहम भूमिका है उन्होंने अपने अथक परिश्रम से इस प्रमाण पत्र और एआईसीटीई की मान्यता दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। प्राचार्य ने बताया कि ग्राम भारती महाविद्यालय के एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त बी सी ए और बी बी ए कोर्स में इस सत्र से कैंपस प्लेसमेंट व आईटी वीटी ट्रेनिंग की सुविधा शुरू की जा रही है, जो उच्च गुणवत्ता शिक्षा के साथ छात्रों के भविष्य को भी सुरक्षित करेगा। सारी व्यवस्थाओं के जांचोपरांत महाविद्यालय को यह प्रणाम पत्र जारी किया गया है। इस उपलब्धि के लिए व्याख्याताओं ने प्राचार्य को तथा प्राचार्य ने व्याख्याताओं सहित शिक्षकेत्तर कर्मचारियों, महाविद्यालय के छात्रों को बधाई व शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों मे महाविद्यालय के बरसर चंद्र भूषण सिंह, वोकेशनल कोर्स के समन्वयक डॉ राधे श्याम सिंह, वोकेशनल सहायक आशुतोष राज सिंह आदि रहे।

## लोगो में मतदान के प्रति जागरूकता लाने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण उप विकास आयुक्त

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए स्वीप कोषांग भोजपुर के द्वारा जिंगल प्रतियोगिता का आयोजन विधा भवन सभागार में कराया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त भोजपुर विक्रम विकार, स्वीप कोषांग की नोडल अधिकारी हीना, सहायक परियोजना अधिकारी शालिनी प्रज्ञा और जिला परियोजना अधिकारी अमित कुमार सिंह उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त ने दीप प्रजावलान करके किया। इस कार्यक्रम का संचालन और स्वागत भाषण प्राचार्य कंचन कामनी ने किया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियो ने निर्वाचन जागरूकता से जुड़े गीतों की स्तुति दिया। उप विकास आयुक्त भोजपुर ने कहा की जनता को मतदान के लिए हर हाल में जागरूक किया जाना हमारा दायित्व हैं युवा इस कार्य में सबसे अहम भूमिका निभा सकते हैं। इनके गीत के माध्यम से वोट की अहमियत को जन जन को समझने की एक कोशिश किया जाएं तो निश्चित तौर पर हम अपने लिए एक अच्छी सरकार चुन सकेंगे। स्वीप कोषांग की नोडल अधिकारी ने कहा की इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ये है की लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त आकाश कुमार ने प्राप्त किया, दूसरा स्थान सुभाष एंड ग्रुप और तीसरे स्थान ऋषिका शर्मा प्राप्त किया।

## मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए मतदान अतिआवश्यक : जिला निर्वाचन पदाधिकारी



बेतिया(घनश्याम)। स्वीप गतिविधि के तहत शुक्रवार को मझौलिया प्रखंड के राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय माधोपुर में मतदाता जागरूकता से संबंधित कई कार्यक्रम यथा-मतदाता जागरूकता रैली, मतदाता शपथ, आम जनता से संवाद आदि आयोजित किए गया। इस कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय सहित जिलास्तरीय वरीय अधिकारी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि प्रजातंत्र में मत की अत्यधिक आवश्यकता है। 25 मई को मतदान की तिथि निर्धारित है। हमलोग आप सभी को मतदान हेतु जागरूक एवं प्रेरित करने के लिए आए हैं। उन्होंने कहा कि सभी के मतों का अधिकार एक समान है। मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक है। गर्मी के मद्देनजर सभी मतदाता सुबह में ही अपने मत का प्रयोग करेंगे और अन्य मतदाताओं को भी मत देने के लिए जागरूक एवं प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि एक भी मतदाता मत देने से छूटना नहीं चाहिए। सभी मतदाता अपने-अपने मत का प्रयोग अनिवार्य रूप से करेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जीविका दीदियों, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका से कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदाता अपने मत का प्रयोग करें इसके लिए हरसंभव प्रयास करें। मतदाताओं को अच्छे तरीके से जागरूक एवं प्रेरित करें। उन्हें वोट के महत्व के बारे में समझायें। उप विकास आयुक्त, श्रीमती प्रतिभा रानी ने कहा कि मतदान करना आवश्यक है। मतदाता सूची में नाम वाले सभी मतदाता अवश्य वोट दें। समय निकाल कर मतदान केन्द्र जायें और अपने मत का प्रयोग करें। अपर समाहर्ता, श्री राजीव कुमार सिंह ने कहा कि आज सभी यह प्रण लें कि बिना किसी प्रलोभन के मतदान करेंगे।

## चुनाव आएंगे जाएंगे, हमें पीढ़ियों तक रहना है साथ इसलिए एकता जरूरी : सल्लू खान



औरंगाबाद। लोकतंत्र में सभी को अधिकार है कि अपने मतदान का इस्तेमाल करें। अपनी पसंद के जनप्रतिनिधि चुनने के लिए जरूर मतदान करने के लिए पहुंचे। आपसी भाईचारा बनाए रखें। किसी अफवाह पर ध्यान न दें। राष्ट्र के नाम मतदान करें और अपनी पूरी जिम्मेदारी निभाएं। सारे काम बाद में किए जाएं पहले मतदान करें और परिवार का मतदान कराएं। इससे ही लोकतंत्र की मजबूती बनी रहेगी। समाजसेवी मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान ने मतदान करने जाते व आते लोगों का गुलाब का फूल देकर स्वागत किया। कहा कि ईमानदारी से अपने मत का प्रयोग करें। मतदान हमारा अधिकार है। इसका इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। इमानदारी से अपने मत का प्रयोग करें। अच्छा प्रतिनिधि चुने और सभी को मतदान के लिए प्रेरित करें। मतदाता ने मतदान करने वाले मदरसा इस्लामिया मतदान केंद्र पर जाने वाले विक्की कुमार, सूरज कुमार सैयद मुजफ्फर कादरी, सैयद इकबाल, अहमद रवि कुमार सिंह, सचिन कुमार सिंह, मो. कलीमुद्दीन सहित मतदाता लोगों ने पैगाम ए इंसानियत मुस्लिम समुदाय के अध्यक्ष सल्लू खान के इस काम की सराहना करते हुए कहा कि यह कक्षा पहल है ताकि समाज के प्रति एक जागरूक के साथ-साथ आपसी भाईचारा का भय होगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, शनिवार, 20 अप्रैल, 2024





# आगामी वर्ष अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम होगा द फैमिली मैन का तीसरा सीजन

**अमेजन प्राइम की सुपरहिट वेब सीरीज 'द फैमिली मैन' के दो सीजन आ चुके हैं, दर्शकों को अब इसके तीसरे पार्ट का इंतजार है। इस वेब सीरीज में मनोज बाजपेयी एक जासूस के रोल में हैं जो अपने परिवार से इस बात को छुपाता है। उनकी पत्नी का रोल इसमें निभा रही हैं साउथ इंडियन एक्ट्रेस प्रियामणि। पहले सीजन ने ओटीटी पर धूम मचाई थी। दूसरे सीजन में एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु एक आतंकवादी के रोल में छा गई थीं। दोनों ही सीजन हिट हुए और तभी से ही इसके तीसरे सीजन का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसका तीसरा सीजन जल्द ही रिलीज होगा।**

शो के लीड स्टार मनोज बाजपेयी ने बताया कि 'द फैमिली मैन-3' अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। इसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है। इस बार उनका किरदार और भी मजेदार होगा। सीरीज में उनकी पत्नी की लव स्टोरी दिखाई जाएगी।

तीसरा पार्ट की शुरुआत वहीं से होगी जहां दूसरा सीजन एंड हुआ था। इसके अधिकतर हिस्से की शूटिंग नॉर्थ-ईस्ट में होगी। मनोज बाजपेयी ने बताया कि तीसरा सीजन लोगों को सरप्राइज कर देगा। इसे देखने के बाद उनकी सारी शिकायतें दूर हो जाएंगी कि क्यों 'द फैमिली मैन-3' को इतना लेट किया गया। मनोज बाजपेयी ने बताया कि इस सीजन को अब अगले साल ही रिलीज किया जाएगा। शूटिंग के बाद प्रोडक्शन का काम किया जाएगा। इन सब में काफी समय लग जाएगा। इसलिए 'द फैमिली मैन-3' को 2025 की शुरुआत में ही रिलीज किया जाएगा।



# बॉलीवुड में कैंपबाजी पर बोलीं परिणीति चोपड़ा

परिणीति चोपड़ा इन दिनों फिल्म अमर सिंह चमकीला की वजह से सुर्खियों में हैं। 12 अप्रैल को रिलीज हुई फिल्म में उन्होंने अमरजोत कौर का रोल प्ले किया है। फिल्म में परिणीति की परफॉर्मेंस की तारीफ हो रही है। परिणीति को लंबे समय बाद किसी फिल्म के लिए सराहना मिली है जिस पर उन्होंने एक इंटरव्यू में बात की है।

### मैं पार्टियों में नहीं जाती जहां रोल ऑफर होते हैं

इंटरव्यू में परिणीति ने अपने करियर में मिले कम मौकों और गलत फैसलों की वजह से सही रोल न मिलने के बारे में बात की। उन्होंने कहा, मैं बॉलीवुड की पार्टीज, डिनर और लंच पर नहीं जाती जहां पर फिल्मों में काम मिलने की संभावना बनती है या रोल डिस्कस किए जाते हैं। मैं चाहती हूं कि डायरेक्टर और प्रोड्यूसर्स मुझे काम देने के लिए कॉल करें क्योंकि मैं कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार हूं। मैंने 10 साल पहले फिल्म इश्कजादे के लिए नेशनल अवॉर्ड जीता था। मैं अब भी वैसी ही एक्ट्रेस हूं।


### बॉलीवुड में सिर्फ टैलेंट काम मिलने का पैमाना नहीं

परिणीति ने इंटरव्यू में बॉलीवुड में कैंपबाजी पर भी बात की। उन्होंने कहा, बॉलीवुड में काम मिलने का पैमाना केवल एक्टिंग या टैलेंट ही नहीं है। आपको किसी कैंप का होना चाहिए। मैं सही समय पर सही जगह नहीं थी। मुझे पैपराजी रोज क्लिक नहीं करते हैं। मेरा पीआर बहुत खराब है। परिणीति ने आगे कहा कि कई टैलेंटेड आर्टिस्ट्स उस मुकाम तक नहीं पहुंच पाते जहां उन्हें होना चाहिए क्योंकि वो सोशली उतने एक्टिव नहीं होते और न ही किसी गेट टुगेदर और ग्लैमरस इवेंट में नजर आते हैं। परिणीति बोलीं, मैं ऐसे एक्टर्स की आवाज बनना चाहती हूं जो किसी कैंप का हिस्सा नहीं हैं। उम्मीद है कि हम बॉलीवुड में लॉबी सिस्टम को खत्म करेंगे क्योंकि मैं भी बराबरी से मौके और काम चाहती हूं। मैंने कुछ गलत फिल्में चुनीं लेकिन मैं अब भी वही एक्ट्रेस हूं जो दस साल पहले थी। मुझे अब सही प्लेटफॉर्म की तलाश है।

### परिणीति ने 2011 में किया था डेब्यू

परिणीति ने साल 2011 में रिलीज हुई फिल्म लेडीज वर्सेस रिक्की बहल से बॉलीवुड डेब्यू किया था, जिसमें अनुष्का शर्मा और रणवीर सिंह लीड रोल में थे। फिल्म हिट रही जिसके बाद परिणीति को बतौर लीड 2012 की फिल्म इश्कजादे में काम मिला। इस फिल्म के लिए परिणीति ने स्पेशल मेंशन का नेशनल अवॉर्ड जीता। तब से लेकर अब तक परिणीति कुल 17 फिल्मों का हिस्सा रही हैं।








# राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की जमेगी जोड़ी

राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी एक साथ स्क्रीन पर नजर आने वाले हैं। फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में दोनों की जोड़ी देखने को मिलेगी। कुछ समय पहले ही फिल्म की अनाउंसमेंट की गई थी। फिल्म का डायरेक्शन राज शांडिल्य करेंगे। राज शांडिल्य ने इससे पहले ड्रीम गर्ल और ड्रीम गर्ल 2 जैसी कॉमेडी फिल्मों का डायरेक्शन किया है। ये एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म होगी। इस मूवी की अनाउंसमेट के बाद से हर कोई इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी स्टारर ये फिल्म 11 अक्टूबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। इस नई जोड़ी को देखने के लिए दर्शकों में खूब एक्साइटमेंट है। रिपोर्ट्स की मानें तो, मेकर्स ये दावा कर रहे हैं कि 97 प्रतिशत ये फिल्म एक फैमिली मूवी होगी, जो आपको 1990 के दशक में वापस ले जाएगी। राजकुमार राव जल्द ही फिल्म श्रीकांत- आ रहा है सबकी आंखें खोलने में नजर आएंगे। एनिमल से चर्चा में आईं तृप्ति डिमरी, कार्तिक आर्यन स्टारर फिल्म 'भूल भुलैया-3' में बतौर एक्ट्रेस नजर आएंगी। यह फिल्म इस साल दिवाली पर रिलीज होनी है। इसके अलावा तृप्ति, विक्की कौशल के साथ 'बैड न्यूज' में भी दिखाई देंगी। इस फिल्म का डायरेक्शन आनंद तिवारी करेंगे।

# अपकमिंग शो मैं हूं साथ तेरे में नेगेटिव किरदार निभाती नजर आएंगी मानसी श्रीवास्तव

अपकमिंग शो मैं हूं साथ तेरे में रैना की नकारात्मक भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस मानसी श्रीवास्तव ने अपने किरदार के बारे में खुलकर बात की। यह शो आपको एक अकेली मां जानवी (उल्का गुप्ता) की यात्रा पर ले जाने के लिए तैयार है, जिसमें एक माता-पिता की भूमिका निभाते समय एक मां को निरंतर सामाजिक जांच और कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। जानवी अपने बेटे कियान के साथ रहती है, जो उसकी दुनिया है, लेकिन उनके मजबूत बंधन के बावजूद कियान को घर में एक आदमी की मौजूदगी की कमी का अनुभव होता है। कहानी तब और गहरी हो जाती है जब जानवी की मुलाकात एक अमीर व्यापारी आर्यमान (करण वोहरा) से होती है और दोनों एक ही छत के नीचे काम करने लगते हैं। शो में मानसी आर्यमन की बहन रैना का किरदार निभाती नजर आएंगी। हालांकि वह बुंदेला परिवार की सबसे छोटी बेटी है, लेकिन बहुत महत्वाकांक्षी है और अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करती है। लेकिन वह आर्यमान को पसंद नहीं करती, और वह नहीं चाहती कि बुंदेला की संपत्ति में उसका कोई हिस्सेदार हो क्योंकि वह उसके पिता की दूसरी शादी से हुआ बेटा है। शो में उनका किरदार आर्यमन के जीवन में बहुत सारे संघर्ष और जटिलताएं लेकर आएगा। उसी के बारे में बात करते हुए मानसी ने कहा मेरा किरदार रैना, अपनी दुष्टता से दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखेगा। सीधे, रेशमी बाल और डिजाइनर साड़ियों के साथ उसका लुक जबरदस्त है। वह बहुत ही बेहतर अभिनय करती है। उसे लगता है कि आर्यमान उसका सौतेला भाई है और वह विरासत का हकदार नहीं है। उन्होंने कहा मैंने शो की शूटिंग शुरू कर दी है। मैं शो में अपने किरदार पर दर्शकों की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रही हूं। इसमें मेरा किरदार बेहद दुष्ट है वह अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। मैं हूं साथ तेरे 29 अप्रैल को शाम 07:30 बजे जी टीवी पर प्रसारित होगा।



# हनुमान के डायरेक्टर प्रशांत वर्मा की मेगा बजट फिल्म में नजर आएंगे रणवीर सिंह

खबर है कि रणवीर सिंह अब जल्द ही हनुमान के डायरेक्टर प्रशांत वर्मा की फिल्म में दिखेंगे। प्रशांत वर्मा, रणवीर के साथ जो फिल्म प्लान कर रहे हैं, वह एक पीरियड ड्रामा फिल्म होगी। बताया जा रहा है कि रणवीर को फिल्म की कहानी, कॉन्सेप्ट और प्रेजेंटेशन पसंद आया है। जनवरी 2024 में जब हनुमान थिएटर्स में रिलीज हुई और बंपर कमाई की, तो सब हैरान थे। हर तरफ डायरेक्टर प्रशांत वर्मा की ही चर्चा होने लगी। तेलुगू भाषा के साथ-साथ इस फिल्म ने हिंदी में भी खूब तगड़ी कमाई की थी। तभी से हनुमान के सीक्वल की बात चल रही थी। कुछ समय पहले तो ऐसे भी खबरें आई थीं कि हनुमान के सीक्वल के लिए प्रशांत वर्मा की रणवीर सिंह के साथ बात चल रही है। प्रशांत वर्मा एक्टर से कई बार मिल भी चुके हैं। लेकिन अब नया अपडेट आया है। खबर है कि प्रशांत वर्मा और रणवीर सिंह हनुमान के सीक्वल के नहीं बल्कि एक मेगा बजट फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह एक पीरियड ड्रामा होगा, जिसमें रणवीर सिंह का अहम रोल होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, एक सोर्स ने बताया कि रणवीर डायरेक्टर प्रशांत वर्मा के काम के बहुत बड़े प्रशंसक हैं और हनुमान की रिलीज के ठीक बाद उनसे मिले थे। सोर्स ने बताया कि प्रशांत वर्मा पिछले 3 महीने से एक बड़े बजट की फिल्म के लिए रणवीर से बातचीत कर रहे हैं। वो कई बार मिल चुके हैं और उनके बीच अभी भी बातचीत जारी है। सोर्स के मुताबिक, रणवीर सिंह को आडिया पसंद आया है और उन्हें इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट पर पूरा भरोसा है। एक तरह से रणवीर ने फिल्म के लिए हां कर दी है। अब टीम काम शुरू करने के लिए अन्य तौर-तरीकों पर विचार कर रही है। सोर्स ने यह भी बताया कि रणवीर यह बात अच्छी तरह से जानते हैं कि इस तरह के प्रोजेक्ट्स को सपोर्ट के लिए बड़े प्रोड्यूसर्स और स्टूडियोज की जरूरत होती है। उन्हें कॉन्सेप्ट से लेकर स्क्रिप्ट और उसे किस तरह से स्क्रीन पर प्रेजेंट किया जाएगा, यह तरीका भी काफी पसंद आया है।





# लैला मजनू को 3 साल दिए मगर बुरी तरह पिटी वो फिल्म

**टीवी, ओटीटी और फिल्मों जैसे तीनों माध्यमों में अविनाश तिवारी ने काम किया है। लैला मजनू जैसी फिल्म और बुलबुल जैसी वेब सीरीज से उन्होंने लोकप्रियता पाई। पिछले दिनों बंबई मेरी जान में नजर आये अविनाश इन दिनों चर्चा में हैं हाल ही में रिलीज हुई मडगांव एक्सप्रेस से।**

**अविनाश आज तो बुलबुल या बंबई मेरी जान जैसी सीरीज हो या मडगांव एक्सप्रेस जैसी फिल्म, आपका काम सराहा जा रहा है, मगर एक वक्त में आपको स्ट्रगल से भी गुजरना पड़ा है?**

हां, स्ट्रगल तो था, मगर इतना जरूर है कि मैं वर्किंग एक्टर रहा। पर ये सच है कि मैंने ये पाया कि कतार में पीछे से आगे दरवाजे तक तो पहुंच गया हूं, दरवाजा नोक कर रहा हूं, मगर कोई दरवाजा नहीं खोल रहा। मुझे बेचैनी होती थी, मगर निराशा नहीं होती थी। शुरू में मैं अन्टोप हिल से दादर बस में फिर वहां से दादर ट्रेन और फिर अंधेरी से आराम नगर बस में ट्रैवल किया करता था। दो साल तक लगातार मैंने यही किया। फिर 2006 के दौरान मैंने निर्देशक लेख टंडन जी के साथ अपना पहला शो किया था। लेख जी मेरे पहले गुरु रहे हैं। मेरा पहला शॉट शम्मी कपूर जी ने लिया था। लेख जी और शम्मी जी बहुत अच्छे दोस्त थे। हम गाना शूट कर रहे थे और शम्मी जी ने पहले शॉट का डायरेक्शन किया था। डीडी नैशनल का शो था, बिखरी आस निखरी प्रीत। मैं और भी एक शो करता था। फिर मैंने ब्रेक लिया और कुछ अंतराल के बाद बच्चन साहब (अमिताभ बच्चन) के साथ टीवी शो युद्ध में काम किया इसके निर्देशक अनुराग कश्यप थे। मैं थोड़ा चूजी रहा हूं। फिर मैंने फिल्म की तू मेरा संडे। इस बीच कई उतार-चढ़ाव आए, मगर मेरे साथ अच्छा ये था कि मैंने 24 साल की उम्र में अपना घर खरीद लिया था, हां उसकी ईएमआई का स्ट्रगल तो रहता ही था।

**आपके लिए इस सफर में सबसे ज्यादा कठिन समय कौन-सा था?**

सबसे मुश्किल तो वही था कि मुझे इम्तियाज अली द्वारा प्रेजेन्ट लैला मजनू के लिए पसंद कर लिया गया था और एक साल तक उस फिल्म का कुछ हुआ ही नहीं। फिल्म बंद पड़ गई थी और वो दौर ऐसा था कि मुझे लगा अगर मुझे इस फिल्म में काम नहीं मिला, तो मैं टेलिविजन में लौट जाऊंगा। वो इंतजार का जो फेज था, बहुत मुश्किल था, क्योंकि मैं अधर में अटका हुआ था कि फिल्म बनेगी या नहीं। बहरहाल फिल्म बनी मगर फिर दूसरी अग्नि परीक्षा थी लैला मजनू की रिलीज के बाद का दौर। फिल्म पर मैंने तीन साल लगाए और फिल्म तीन दिन में उतर गई। 15 सालों बाद मुझे इस एक फिल्म का मौका मिला, मगर फिल्म पिट गई। समझ नहीं आ रहा था कि मैं क्या करूं? लैला मजनू की रिलीज के बीस दिन बाद जब मेरा एक्सीडेंट भी हो गया, तो उस वक्त मुझे लगा, मेरा सब कुछ टूट गया, बिखर गया। उस वक्त माता-पिता का बहुत सहारा रहा। आज सबसे ज्यादा संतुष्टि की बात ये है कि मेरे माता-पिता अच्छी जिंदगी जी रहे हैं।

**आपकी हालिया फिल्म मडगांव एक्सप्रेस की बात करूं, तो लोग काफी पसंद कर रहे हैं, आपके काम की काफी तारीफ हो रही है, क्या आपको लगा था कि फिल्म पसंद की जाएगी?**

दूसरों का तो मुझे पता नहीं मगर हां, मुझे पूरी उम्मीद थी। जब मैंने स्क्रिप्ट सुनी थी, मुझे तभी से इस पर यकीन था, मगर हर वर्ग के दशक को भाएगी, ये नहीं सोचा था। फिल्म की स्क्रीनिंग के बाद लोगों में जितनी ऊर्जा थी, उसे देखकर बहुत खुशी मिली। लग रहा है कि उस शाम को बार-बार दोहराता रहूं। अपने काम के लिए प्यार और तारीफ तो मुझे हमेशा मिलती रही है, मगर ये जो लोगों के चेहरों पर खुशी थी, ये मुझे पहली बार मिली।

**कुणाल खेमू जैसे डेब्यूटेंट डायरेक्टर का साथ कैसा रहा?**

मैंने तो अपना पूरा करियर ही डेब्यूटेंट डायरेक्टर के साथ काम किया है। मेरी फिल्म तू है मेरा संडे के निर्देशक मिलिंद धईमड़े रहे, जबकि लैला मजनू के निर्देशक साजिद अली भी इस फिल्म से पहली बार निर्देशक बने थे। बुलबुल की निर्देशक अवनिता दत्त और खाकीन्द बिहार चैप्टर के निर्देशक भाव धूलिया भी नवोदित निर्देशक ही रहे। मेरी बंबई मेरी जान से पहले शुजात सरकार ने भी एक ही फिल्म बनाई थी, तो मेरे करियर में फर्स्ट टाइम डायरेक्टर ही अहम रहे हैं। मैं यही मानता हूं कि किसी भी निर्देशक की पहली फिल्म ही उसकी बेस्ट फिल्म होती है। पहली फिल्म के निर्देशक में एक रॉनेस होती है, कोई करप्शन नहीं होता, तो मुझे वही चीज कुणाल की स्क्रिप्ट में भी देखने को मिली। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में ये भी कहा कि ये मेरे गुस्से का प्रोडक्ट है, जहां वे अपनी जिंदगी में फ्रस्ट्रेटेड थे, मगर उन्होंने उसे लोगों के लिए उसे मनोरंजक बनाया। फिल्म का पूरा श्रेय उन्हीं को मिलना चाहिए।

**अगर आपकी निजी जिंदगी की बात करूं, तो प्यार-मोहब्बत के फंट पर क्या हो रहा है?**

कितने करूं? (हंस देते हैं) इस वक्त मैं तो यही गाना गा सकता हूं कि कितने बीमार यहां एक है अनार यहां ये दिल मैं किस किस को दूं? मेरे खेलकूद के दिन थोड़े और बचे हैं, खेल कूद लूं, फिर थम जाऊंगा। सहम कर जिंदगी गुजारना शुरू कर दूंगा। देखिए, प्यार तो मुझे हुआ है। मेरा भी दिल लगा है और टूटा भी है। मगर फिलहाल अनार और बीमार वाली सिचुएशन में हूं।

## संक्षिप्त खबरें

### जमुई लोकसभा संसदीय क्षेत्र में 44.46 प्रतिशत वोट पड़े

मुंगेर /जमुई। शुक्रवार को जमुई लोकसभा क्षेत्र के सात प्रत्याशियों का भाग्य मतदाताओं ने मतदान कर ईवीएम में बंद कर दिया है। ज्ञात हो कि दो महत्वपूर्ण गठबंधन सहित अन्य दल व निर्दलीय 7 प्रत्याशियों के भाग का फैसला ईवीएम में कैद हो गया है। जिले में कुल 1319 मतदान केंद्रों बनाए गए। जहां पर मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया। बता दे की जमुई संसदीय क्षेत्र में 13 लाख 03348 मतदाता है। इसमें 6,77,846 पुरुष तथा 6,25,462 महिला वोटरों के अलावे 40 अन्य मतदाता हैं। इधर मिली जानकारी के अनुसार जमुई लोकसभा क्षेत्र में 3:00 तक मतदान संपन्न हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार जमुई लोकसभा के जमुई विधानसभा में 39.44 % झाझा विधानसभा में का 44.43 % चकाई विधानसभा में 42.23 सिकंदरा विधानसभा में 40.61% तारापुर विधानसभा में 38.54% शेखपुरा विधानसभा में 41.43% मतदान हुआ। इस तरह जमुई लोकसभा क्षेत्र में 44.46% मतदान पड़ा है।

### 'मिशन सुरक्षा' के तहत एक व्यक्ति को लोडेड देशी कट्टा के साथ रंगेहाथ हुआ गिरफ्तार

भागलपुर। लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर जिले भर में वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अवैध हथियार, शराब व स्वांस मादक पदार्थ की बरामदगी हेतु छापेमारी व वाहन चेकिंग के अलावा सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अमडंडा थाना पुलिस को सूचना मिली कि पति-पत्नी की आपसी विवाद में पति अपनी पत्नी को जान से मारने का प्रयास कर रहा है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अमडंडा थानाध्यक्ष अपने सदलबल के साथ मौके पर पहुँचे तो देखे की एक व्यक्ति एक महिला को देशी कट्टा से मारने का प्रयास कर रहा है। उक्त घटना के सत्यापन जांच व त्वरित कार्रवाई किये जाने को लेकर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर घटना को अंजाम देने से पहले महिला की जान बचाई साथ ही आरोपी पति नीतीश कुमार को लोडेड देशी कट्टा के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार करने में सफल रही हैं। गिरफ्तार अभियुक्त की पत्नी के द्वारा दिये लिखित आवेदन के आधार पर आरोपी पति के विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस टीम द्वारा कारवाई की गई है। उक्त आशय की जानकारी एसडीपीओ कहलगांव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी है।

### श्रीगोपाल गौशाला से निकली भव्य निशान शोभायात्रा

नवगछिया (भागलपुर)। रामनवमी को लेकर नवगछिया श्रीगोपाल गौशाला प्रांगण से भव्य निशान शोभायात्रा का भव्य आयोजन किया गया। निशान यात्रा श्री गोपाल गौशाला प्रांगण से निकलकर महाराज जी चौक मार्ग से स्टेशन रोड होते हुए पंचमुखी बालाजी धाम पहुंची। शोभायात्रा के पंचमुखी बालाजी धाम पहुंचने के बाद भक्तों व श्रद्धालुओं ने बालाजी को अपना निशान अर्पित किया और प्रसाद ग्रहण किया। इस शोभायात्रा में श्रीराम के भक्त जय श्री राम, जय श्रीराम का एक ही नारा, एक ही नाम का नारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। शोभायात्रा में लायंस क्लब ऑफ नवगछिया टाउन, मारवाड़ी युवा मंच, बाबा गणिनाथ सेवा समिति, मारवाड़ी जागृति नवगछिया, कसोधन वैश्य विकाश समिति, श्री श्याम भक्त मंडली, जगत पतिनाथ महादेव, सावरियां सेवा समिति, महाकाल सेवा समिति, क्लीन नवगछिया ग्रीन नवगछिया फाउंडेशन, चैती दुर्गा पूजा समिति एवं अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं ने श्रीराम जानकी के भक्तों को जल, शर्बत, फ्रूटी, फल एवं अन्य शीतल पेय पदार्थों से सेवा दी गई थी। इस शोभायात्रा में विश्व हिंदू परिषद, बजरंगदल के सदस्य, नगरवासी सह नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रेम सागर उर्फ डब्लू यादव, प्रवीण भगत, प्रह्लाद यादव, प्रिंस गुप्ता, मुन्ना भगत, मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, मंदिर प्रबंधक शंकर गुप्ता, अशोक केडिया, अरुण मावंडिया, विक्रम भुडोलिया, काशी गुप्ता, किशन साह, प्रह्लाद मंडल, श्रीकांत मंडल, मणिकांत मंडल सहित शिवरात्रि कमेटी के सदस्य साथ-साथ चल रहे थे।

### डिस्पैच सेंटर का किया गया निरीक्षण : डीएम

भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भय मुक्त वातावरण माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी अपनी टीम के साथ निर्वाचन भाग संख्या 152- बिहपुर एवं 153- गोपालपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन के लिए बनाए गए डिस्पैच सेंटर का जायजा लेने हेतू क्षेत्र के इंटर स्तरीय महाविद्यालय नवगछिया प्रांगण में पहुंचे, जहां उन्होंने निर्वाचन को लेकर चल रहे ईवीएम की कमिश्निंग के कार्यों का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने आसपास क्षेत्र इलाके का निरीक्षण करते हुए संबंधित पदाधिकारी को सुझाव दिये जाने के साथ साथ कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर स्थानीय पदाधिकारी के साथ वार्ता की।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 164 तारापुर विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों पर शांतिपूर्ण तरीके से लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया

प्रातः किरण संवाददाता



तारापुर (मुंगेर 19 अप्रैल। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 164 विधानसभा क्षेत्र तारापुर के अंतर्गत कूल 340 मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदाताओं ने मतदान केंद्र पहुंचकर अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान शुरू होने का निर्धारित समय सुबह 7:00 से 4:00 बजे तक का था।

सुबह के 7:00 बजे से लेकर 9:00 बजे के बीच मात्र 10% वोट क्षेत्र में डाले गए थे। तो वहीं 11:00 से 12:00 बजे तक मतदान में थोड़ा तेजी आने के बाद 19 प्रतिशत मतदान पड़ा। तो वहीं तारापुर निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार दिन के 1:27 बजे पर कूल 32% वोट लोगों द्वारा गिराने की सूचना दी गई। गौरतलब है कि मतदान केंद्र केंद्र संख्यावार्ची पदाधिकारी श्री कुमार ने मतदान केंद्र 184 जो गाजीपुर का था, जहां लोगों की उंगली में लगने वाले स्याही फेक रहने की बात वोटरों द्वारा बताई गई। तारापुर में बनाए गए पिंक बूथ पर प्रसारण की सुविधा नहीं थी। तारापुर के बूथ संख्या 75 लखनपुर में लगभग 1 घंटे तक ईवीएम खराब रहने। के कारण मतदान बाधित रहा। ठीक उसी तरह अफजल नगर के बूथ संख्या 123 पर भी प्रिंटर खराब के कारण लगभग आधा घंटे तक मतदान बाधित रहे। तो वहीं टेटिया बंबर प्रखंड के चंपाचक मतदान केंद्र पर भी एवीएम एवं प्रिंटर खराब रहने के कारण घंटों मतदान बाधित रहा। दोपहर 2:00 बजे तक पूरी तरह से जिला प्रशासन के द्वारा कराए गए चाक चौबंद व्यवस्था के बीच सभी मतदान केंद्रों पर उड़नदस्ता दंडाधिकारी एवं पुलिस की बेहतर मैनेजमेंट से लोग मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। वर्षों पूर्व नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में माने जाने वाले गंगटा मोर सोनरवा, एवं संग्रामपुर प्रखंड कुरी, कटियारी, भीखाडीह, समदा, एवं खड़गपुर क्षेत्र के हथिया, इन क्षेत्रों में भी जिला प्रशासन के द्वारा पल-पल की नजर मतदान केंद्रों पर रखी जा रही थी। जहां मतदाता निर्भीक होकर मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## एस यू सी आई उम्मीदवार ने दाखिल किया अपना नामांकन पर्चा

प्रातः किरण संवाददाता

मुंगेर। मुंगेर लोकसभा क्षेत्र मैं चौथे चरण के 13 को वोट डाले जाएंगे। इसको लेकर गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी ने अधिसूचना जारी कर दिया है। इसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई। इस क्रम में नामांकन के पहले दिन एस यूसी आई उम्मीदवार के रूप में नौवागढ़ी दक्षिणी पंचायत निवासी रविंद्र मंडल ने मुंगेर लोकसभा क्षेत्र के निर्वाचित पदाधिकारी सर डीएम अवनीश कुमार सिंह के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि महंगाई बेरोजगारी महिलाओं पर अत्याचार आदि बढ़ता जा रहा है शिक्षा स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में बाजारीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं दूसरी और नामांकन को लेकर संपूर्ण किला क्षेत्र में सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई हैं। निर्वाचित पदाधिकारी कार्यालय की ओर से आने वाली सभी सड़कों पर ड्रॉप गेट लगाया गया है। इससे निर्वाचित पदाधिकारी कार्यालय से दो सौ गज के दायरे में किस प्रकार को गतिविधि नहीं हो तथा अनावश्यक भीड़ नहीं हो पाए। इस क्रम में प्रमंडलीय आयुक्त अंबेडकर चौक जिला परिषद कार्यालय सहित अन्य स्थान पर ड्रॉप गेट लगाया गया है। इसके अलावे अलग-अलग स्थान पर चेक पोस्ट आदि भी बनाया गया है। इन सभी स्थानों पर सुरक्षा जवान को तैनात किया गया है।

**शुक्रवार के दिन एक भी नामांकन पर्चा नहीं हुआ दाखिल:** जिला निर्वाचन कार्यालय से जारी बयान में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने कहा है कि शुक्रवार के दिन एक भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल नहीं किया है।

## कुख्यात निरंजन की अज्ञात बदमाशों ने गोली मार उतारा मौत के घाट

### हत्याकांड को लेकर पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में ले कर रही पूछताछ

प्रातः किरण संवाददाता

भागलपुर। नाथनगर थाना परिक्षेत्र अंतर्गत बंगाली टोला स्थित चौकी नियामतपुर के 35 बर्षीय निरंजन यादव की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक निरंजन यादव के विरुद्ध हत्या, रंगदारी, गोलीबारी सहित लगभग आधा दर्जन भर मामले नाथनगर थाना में दर्ज हैं। घटना क्रम में बदमाशों ने मृतक निरंजन को पेट में गोली मारी है, वही घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय नाथनगर थाना के इंस्पेक्टर राजीव रंजन सिंह और ललमटिया थानाध्यक्ष राजीव रंजन सदलबल के साथ मौके पर पहुंच घायल निरंजन को त्वरित इलाज के लिए पुलिस अभिरक्षा में जेएलएनएमसीएच लेजाया गया। जहां इलाज के दौरान अचानक उसकी मौत हो गई। वही घटना को लेकर मृतक निरंजन के स्वजनों ने पुलिस को बताया कि उसके मोबाइल पर किसी का फोन आया था, इसके बाद वह बाइक लेकर घर से निकला था। लगभग 20 मिनट बाद उसे गोली मारने की सूचना मिली थी। कुख्यात निरंजन की हत्या मामले को लेकर मिली सूचना पर सिटी एसपी मिस्टर राज, डीएसपी टू राकेश कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ नाथनगर पहुंचे, जहां उन्होंने संबंधित अधिकारी को घटना को लेकर कई दिशा निर्देश भी दिए है। साथ ही स्थानीय क्षेत्र इलाके में लगे सीसीटीवी में निरंजन के साथ बाइक पर पीछे बैठा दिखाई दे रहा है। वही पुलिस ने घटना की जांच करते हुए त्वरित कार्रवाई के तहत इलाके में दबिश देकर संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है। वही घटना के तुरंत बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालना शुरू कर दिया, वही घटनास्थल के कुछ दूरी पर एक शांति समिति के सदस्य के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में निरंजन के साथ एक व्यक्ति पीछे बैठा हुआ दिखा है। जिसके बाद पुलिस ने देर रात में ही उस व्यक्ति को उसके घर से दबोच लिया। वही घटना को लेकर गिरफ्तार अभियुक्त से सिटी एसपी और डीएसपी थाने में सघन पूछताछ की जा रही हैं। पुलिस गिरफ्त में आये व्यक्ति का नाम लड्डू बताया जा रहा है। वही उक्त घटना को लेकर बताया जा रहा है की लगभग दस साल पहले निरंजन यादव ने सीटीएस रोड में अनिल साह नाम के डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी थी, इस कांड में लगभग सात साल तक जेल में सजवार रहा था, तीन साल पहले यह जेल से बाहर आया था। वही विगत वर्ष 2022 में बच्चों के झुंड पर भी गोली चला दी थी, लेकिन इसकी किसी ने शिकायत दर्ज उसके भय के कारण नहीं कराई थी, जिस वजह से निरंजन यादव अपराधिक प्रवृति का व्यक्ति था, इस पर हत्या, गोलीबारी रंगदारी सहित अन्य मामले में आरोपित है और अपराध की कड़ी में पुराना इतिहास रहा था।

## एनडीए प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह आज करेंगे अपना नामांकन पर्चा दाखिल

प्रातः किरण संवाददाता

मुंगेर। जदयू के जिलाध्यक्ष नचिकेता मंडल ने कहा है कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए 28 लोकसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन समर्थित जद (यू) के प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह आगामी 20 अप्रैल 2024 को अपना नामांकन पर्चा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी के समक्ष दाखिल करेंगें। उन्होंने प्रेस को बताया कि निवर्तमान सांसद ललन सिंह अपने संसदीय क्षेत्र मुंगेर के जमालपुर धरहरा बरियारपुर साहित अन्य विभिन्न क्षेत्रों में लगातार जनता से सीधा संवाद कर रहें हैं। जदयू जिला अध्यक्ष कहा कि ललन सिंह अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 सीटों के पार और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 39 सीटों के पार 40 सीटों तक के संकल्प को पूरा करने का जनता से आव्हान कर रहें हैं। जदयू जिला अध्यक्ष ने कहा कि मुंगेर संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह नामांकन के लिए मुंगेर के दिलीप धर्मशाला से सुबह 10 बजे प्रस्थान करेंगे। उन्होंने कहा कि ललन सिंह के नामांकन के मौके पर। उनके साथ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन घटक दल भाजपा के जिलाध्यक्ष अरुण पोद्दार, जदयू के जिलाध्यक्ष नचिकेता मंडल, लोजपा के जिलाध्यक्ष प्रमोद पासवान, हम के जिलाध्यक्ष मुकेश मांझी, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, लोजपा (राष्ट्रीय) के जिलाध्यक्ष अमित कुमार सिंह सहित अन्य कई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन घटक दल के क्षेत्र कार्यकर्ता नामांकन के दिन उनके साथ रहेंगे। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन घटक दल के जदयू जिलाध्यक्ष ने मुंगेर की जनता से आशीर्वाद देने एवं नामांकन में भाग लेने की अपील की है।

## रुद्र सेना संगठन की ओर से शांतिपूर्ण संपन्न हुआ शोभायात्रा

नवगछिया (भागलपुर)। रामनवमी के मौके पर रूद्र सेना संगठन के सौजन्य में कन्या प्लस टू हाई स्कूल सोनबर्षा के मैदान प्रांगण से विराट शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में जय श्री राम के जयकार उद्घोष से पूरा इलाका भक्तिमय माहौल में डूब गया था। वही इस शोभायात्रा में सैकड़ो युवा बाइक, घोड़े, ऑटो के साथ शामिल थे। सबके सिर पर पगड़ी व राम नाम लिखा हुआ हांथो में ध्वज लिये दिख रहे थे। इस दौरान शोभायात्रा को लोगों ने अपने अपने घर के छत से देखते हुए व अपने मोबाइल फोन में वीडियो बनाते भी नजर आ रहे थे। शोभायात्रा सोनबर्षा इलाके से निकलकर बिहपुर बाजार होते हुए मिल्की, दूमुही चौक सोनबर्षा, बभनगामा होते हुए पूणः सोनबर्षा बड़ी भगवती स्थान पर पहुंच कर विधिवत रूप से संपन्न की। शोभायात्रा के क्रम में रुद्र सेना संगठन के संस्थापक सौरभ कुमार चौधरी, अध्यक्ष बिट्टू चौधरी, विभूति चौधरी, विक्की मिश्रा, रिकी झा, विश्वजीत कुमार, चंद्रकांत चौधरी, लल्ला बाबा, डिंपल कुमार, ज्ञानदेव कुमार समेत हजारों युवा शामिल थे। शोभायात्रा में बिहपुर सर्किल इंस्पेक्टर आलोक कुमार, बिहपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर, झंडापुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार, भवानीपुर थानाध्यक्ष महेश कुमार सहित चौकीदार व सशस्त्र बल सक्रिय दिखाई दिए। शोभा यात्रा में सभी के जुबान पर एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम उद्घोष से गूँजमान रहा था।

## अपराधियों की 24 घंटे के अन्दर नहीं हुई गिरफ्तारी तो करेंगे वोट बहिष्कार : ग्रामीण

प्रातः किरण संवाददाता



शाहकुंड (भागलपुर)। विगत दिनों सुलतानगंज प्रखण्ड परिक्षेत्र के खानपुर पंचायत अंतर्गत दौलतपुर गाँव स्थित सुंगठिया बहियार में विगत दिनों मिरहट्टी पंचायत के नवटोलिया गाँव के दबंगों ने दो किसान की गोली मारकर मौके पर एक किसान मुकेश कुमार मंडल की घटना स्थल पर मौत के घाट उतार दिया था।

किसान हत्या मामले के दो दिन बित जाने के बाद भी स्थानीय थाना पुलिस के द्वारा अबतक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं किये जाने से दौलतपुर गाँव के ग्रामीणों ने एकजुट होकर स्थानीय पुलिस प्रशासन के विरुद्ध अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अल्टीमेटम जारी कर दिया है। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा है कि अपराधियों की गिरफ्तारी पुलिस प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई नहीं की तो वोट बहिष्कार कर अपना विरोध प्रकट करेंगे। वही ग्रामीणों ने 24 घंटे के अन्दर अपराधी की गिरफ्तारी पर जोड़ दे स्थानीय पुलिस की बात कहते हुए उन्होंने कहा कि विगत दिनों मिरहट्टी पंचायत के नवटोलिया गाँव के दबंग पवन यादव, मिथुन यादव, अशौक यादव, एंव इनके पत्नी व रब्बु यादव, के द्वारा गेहूं का भूसा की चोरी करने पर मना करने के विरोध करने पर इन लोगों के द्वारा किसान मुकेश कुमार मंडल एंव इनके भाई सचिता मंडल उर्फ कारेलाल मंडल को गोली मारने पर मुकेश मंडल की मौत घटना स्थल पर ही मौत के घाट उतार दिया था। वही इस घटना के बाद उनके भाई सचिता मंडल उर्फ कारेलाल मंडल घायल हो अस्पताल में इलाजरत है। इस घटना से मृतक मुकेश मंडल की पत्नी एंव इनके तीन बच्चे का जीविकोपार्जन की स्थिति काफी बुरी हालत में दिख रही हैं, जिसे लेकर ग्रामीणों ने एकमत होकर उनके परिवार के समर्थन में खड़े होकर अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ जल्द जल्द कानूनी कार्रवाई किये जाने की मांग पुलिस प्रशासन से की है। वही उन्होंने मृतक किसान के परिवार व उनके बच्चों का भरनपोषण के लिए मुआबजा राशि एंव सरकारी नौकरी मुहैया कराने की मांग रखी है। वही किसानों के परिवार को सरकारी सहायता नहीं दी गई तो पुरे गाँव के लोग लोकसभा चुनाव में वोट बहिष्कार करने की बात कही है। वही घटना को लेकर पुरे गांव ईलाके में दहशत का माहौल बना हुआ दिख रहा है। जिससे किसान अपना फसल खेत में छोड बहियार जाने से कतराते दिख रहे है, आशंका है कि अपराधियों द्वारा अन्य किसी किसानों पर फसलों को लेकर कोई और अनहोनी की घटना घटित न हो, इस डर के मारे किसान अपने खेत पर नहीं जा पा रहे हैं। वही घटना को लेकर स्थानीय खानपुर पंचायत के मुखिया अनिता देवी का भी कहना है कि अपराधियों की गिरफ्तारी होनी चाहिए। वही जदयू अनुसुचित जाति के जिलाध्यक्ष महेश दास ने भी कहा है कि अपराधियों की गिरफ्तारी पुलिस के द्वारा जल्द से जल्द हो और आरोपियों के विरुद्ध कानूनी प्रक्रिया के तहत सख्त कार्रवाई हो की बात कही है। वही अपराधियों की गिरफ्तारी मामले को लेकर पुलिस पदाधिकारी से बातचीत करने की बात कही है। इस दौरान पूरे गांव के ग्रामीण व किसान उनके साथ मौजूद थे।

## ठेला पर भूंजा बेचने वाले बांका के युवक की गोली मार उतारा मौत के घाट

प्रातः किरण संवाददाता

भागलपुर। बिहार के कई जिलों से अपनी रोजी रोटी को लेकर देश भर के कई राज्यों में अपनी किस्मत को आजमाने को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के ज्यादातर युवा पीढ़ी के लोग कामकाज की तलाश में घर से परिवार जीविकोपार्जन को लेकर निकल पड़ते हैं। इसी कड़ी में बांका के रजौन प्रखंड अंतर्गत नवादा बाजार शंकर साह के पुत्र राजा साह अपने घरबार को छोड़कर रोजगार करने जम्मू कश्मीर चला गया था। जहां जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के विजवाड़ा थाना के जबलीपुरा मोहल्ले में घर के अंदर घुसकर बुधवार की रात को उसकी गोली मार आतंकवादियों ने मौत के घाट उतार दिया। भूंजा का ठेला लगाने वाले राजा साह को आतंकियों ने उसके गर्दन के दाएं तरफ और पेट में दो गोली लगने की बात सामने आई है। वही घटना को लेकर लोकल पुलिस सूत्रों ने बताया कि देर रात तक किसी आतंकी संगठन ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली थी, लेकिन उन्होंने बताया कि ऐसी घिनौना काम लश्कर :ए ; तैयबा की ओर से योजना तैयार कर अंजाम दिये जाने की बात सामने आई है। या फिर आतंकियों के मुखौटा द रेजिस्टेंस फ्रंट का हो सकता ये आशंका जताई जा रही है। इससे पहले विगत 8 अप्रैल को आतंकियों ने सोपीया में विदेशी पर्यटक को कश्मीर घुमाने लेकर आए उत्तराखंड के एक टैक्सी चालक को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

वही एक सप्ताह के अंदर आतंकियों की यह दूसरी घटना की वारदात को अंजाम दिया गया है। बांका के युवक की हत्या को लेकर स्थानीय लोगों में भय पैदा कर चुनाव में खलल डालने का प्रयास भी हो सकता है की बात कही जा रही हैं। वही घटना को लेकर जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल द्वारा सभी सुरक्षा एजेंसियों को प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश जारी अलर्ड कर दिया गया है। फोन पर मृतक के पुत्र अंकुश राज के द्वारा पूछे जाने पर बताया कि बुधवार की देर संध्या विजवाड़ा में करीब 8:00 बजे पापा ठेला को घर के अंदर रख रहे थे, कि अंधेरे में एक युवक ने पिस्तौल से गोली मार दी, मैंने मारते हुए युवक को देखा लेकिन अंधेरे में पहचान नहीं सका, गोली मार कर आतंकवादी फरार हो गया है। घटना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों व सहयोगी ग्रामीण सदस्यों ने अनंतनाग स्थित अस्पताल में पहुंचाया जहां कुछ ही देर में उनकी मृत्यु हो गई थी। नवादा के ग्रामीण विमल कुमार गुप्ता द्वारा बताया जा रहा है कि मृतक की स्थिति काफी दयनीय है, अपने परिवार की भरण पोषण के लिए जम्मू कश्मीर में ठेले पर भूंजा पकौड़ा आदि बेचकर अपना घर का भरण पोषण कर रहा था। मृतक को दो पुत्र है एक की उम्र 8 साल और दूसरे की उम्र 5 साल है, मृतक की पत्नी भी उनके साथ जम्मू कश्मीर में रह रहे थे।

## बदमाशों ने भाजपा नेत्री के घर पर किया हमला, जान मारने की दी धमकी

प्रातः किरण संवाददाता

भागलपुर। इन दिनों जिले भर में बैखोप बदमाशों का तरह तरह के कारनामे सामने आ रहे है। वही बदमाशों ने अब राजनीतिक दलों के लोगों पर अपना आपराधिक मामलों को अंजाम देने का अलग तरह का हथकंडे अपने नजर आ रहे है। इसी कड़ी में जिला भाजपा दल के महिला कार्यकर्ता के घर पर अचानक धाबा बोल दिया। इस दौरान अज्ञात बदमाशों ने भाजपा नेत्री के साथ मारपीट के साथ साथ हिदायत करते हुए राजनीतिक छोड़ने की बात कही है। हमला बोल अज्ञात बदमाशों ने महिला नेत्री सह कार्यकर्ता को जान मारने की धमकियां भी दिये जाने की बात बताई जा रही हैं। घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक देर रात बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने अचानक महिला नेत्री के घर पर पहुंच घर के खिड़कियों में लगे कांच को ईंट से मार तोड़ दिया। वही जब बदमाशों के द्वारा घर पर की गई पत्थरबाजी को लेकर स्थानीय पुलिस को संपर्क करने का प्रयास किया गया तो थाना पुलिस द्वारा फोन कॉल का कोई जबाब नही दिये जाने का आरोप भाजपा नेत्री के परिवार सदस्यों ने लगाया है। जिसके बाद स्थानीय विधायक सह लोकसभा प्रत्याशी अजीत शर्मा व राजद दल के नेता भूलों मंडल को घटना की जानकारी देने की बात कही गई हैं। जिससे कुछ देर बाद स्थानीय जीरो माइल थाना की पुलिस टीम पीड़िता के घर पर पहुंची थी। वही इसके पूर्व भाजपा नेत्री के घर पर बदमाशों द्वारा किये गए पत्थरबाजी में घर के खिड़की व दरवाजे पर लगा कांच पूरी तरह से चकनाचूर हो गया था। घटना के बाद बदमाशों ने गाली- गलौज करते हुए जान से मार देने की धमकी देते हुए चलते बने। वही घटना के बाद से भाजपा नेत्री के परिजन भयभीत है। इधर, घटना की सूचना पीड़ित परिवार ने पुलिस को दिया। सूचना पर जीरोमाइल पुलिस मौके पर पहुंची। और पूरे घटनाक्रम की छानबीन शुरू कर दी है। मामले को लेकर महिला नेत्री सुप्रिया सिंह ने बताया कि ज्योति बिहार स्थित घर पर कुछ अज्ञात बदमाशों ने पत्थरबाजी की गई।

## बेखौफ अपराधी ने घर से बुलाकर युवक को गोली मार उतारा मौत के घाट

### युवक की हत्या वारदात को अंजाम दे अपराधी फरार होने में रहा सफल

प्रातः किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। इन दिनों सुलतानगंज थाना परिक्षेत्र इलाके में हत्या का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी कड़ी में अपराधियों का एक और मामला सामने आया है। घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बताया गया है कि सुलतानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नवादा गांव इलाके में एक 22 वर्षीय युवक को घर से बुलाकर तीन अज्ञात अपराधी ने जबरन लाठी डंडे से पीटता हुआ स्थानीय नवादा के मां जगदम्बा धर्म कांटा के पास लेगया और उक्त युवक की गोली मारकर हत्या की वारदात को अंजाम दे मौके से फरार होने में सफल रहा है। वही गोलीबारी की जानकारी मिलते ही आनन-फानन में परिजनों ने मृतक युवक को त्वरित इलाज के लिए रेफर अस्पताल लेजाया गया था। जहां मौजूद चिकिसक ने उसे बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। वही घटना को लेकर स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक की पहचान नवादा के सुरेंद्र यादव रिटायर रेलकर्मी के 22 बर्षीय पुत्र राहुल कुमार यादव के रूप में हुई हैं। मृतक राहुल तीन भाई में दूसरा नंबर पर हैं। वही घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक स्थानीय नवादा के दुर्गा मंदिर से करीब बीस मीटर के दूरी पर चैत्री दुर्गा पूजा के नवमीं पर मेला लगा हुआ था और रामनवमी को लेकर अपराधी तत्वों के लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से घटना को रात में अंजाम दिया गया हैं। वही अपराधियों ने धर्म कांटा सामने लेजाकर जिस तरह से राहुल की गोली मारकर हत्या की गई, वही इस घटना को लेकर चैत्री दुर्गा पूजा समिति का अध्यक्ष ने बताया है कि आसपास सीसीटीवी कैमरा भी लगाया गया हैं, धर्म कांटा सामने भी मौजूद हैं। मृतक के भाई का कहना हैं कि दुर्गा पूजा में आर्केस्ट्रा को लेकर चार दिन पूर्व भाई राहुल के साथ दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष से विवाद हुआ था। वही मृतक राहुल के द्वारा आकेंस्टा प्रोग्राम में शामिल नहीं होने की बात कही गई थी। इस तरह की घटना दुर्गा मंदिर से बीस कदम की दूरी पर घटित होने से परिजनों ने आशंका जताई हैं। और वही पूरे दुर्गा मंदिर परिसर में पुलिस बलों का ना होना एक सवालिया निशान स्थानीय पुलिस व पूजा समिति के लोगों पर उठता दिख रहा है। वही पुलिस प्रशासन पर सवालिया निशान खड़ा कर चर्चा का विषय बना हुआ दिख रहा है। वहीं इस घटना से मृतक के परिजनों के ऊपर दुःखों का पहाड़ टुटा पड़ा है। अब देखने वाली बात है कि स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा अपने ऊपर उठाने वाले सवालों को किस तरह के कार्रवाई नीति से मुक्ति पाती है।

## जीविका दीदी व विकास मित्रों द्वारा निकाली गई भव्य जागरूकता रैली : डीएम

प्रातः किरण संवाददाता।



भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भय मुक्त वातावरण माहौल में संपन्न कराने तथा मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर क्षेत्रीय जीविका दीदियों एवं विकास मित्रों द्वारा जन जागरूकता रैली निकाली गई।

इस रैली को हरी झंडी दिखाकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने क्षेत्र में रवाना किया गया। इस मौके पर सहायक समाहर्ता गरिमा लोहिया, संयुक्त निदेशक जनसंपर्क नागेंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। इस मौके पर तमाम जीविका दीदियों द्वारा "पहले मतदान फिर जलपान", "चूल्हा चौका छोड़ो दीदी, आओ चल कर करें मतदान" का नारा लगाया गया था। इसके पूर्व जागरूकता रैली समाहरणालय प्रांगण से निकलकर महात्मा गांधी पथ होते हुए घंटाघर स्थित टीचर ट्रेनिंग के समीप एकत्रित हुई थी। जहां जिलाधिकारी ने सभी लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि आगामी 26 अप्रैल को भागलपुर के सभी मतदाता सुनिश्चित तौर पर मतदान करें, घर-घर मतदाता पर्ची पहुंचाया जा रहा है, वह मतदाता पर्ची मेरा आप सबों को बूथ पर आने के लिए एक निमंत्रण पत्र है, सभी मतदाता इस निमंत्रण पत्र को स्वीकार कर मतदान अवश्य करें की अपील की है।

## सीएपीएफ आवासन स्थलों का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता



भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी व उनकी टीम ने सीएपीएफ के कई आवासान स्थलों का निरीक्षण कर जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने उर्दू कन्या उच्च विद्यालय, आशानंदपुर, महिला आईटीआई बरारी, राय हरिमोहन बहादुर ठाकुर उच्च विद्यालय बरारी क्षेत्र का जायजा लिया। वही उन्होंने आवासन स्थलों पर प्रकाश, बिजली, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था के साथ अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था का अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि आगामी 26 अप्रैल को शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान संपन्न कराने को लेकर 19 अप्रैल के बाद जिले में सेंट्रल आर्मी पुलिस फोर्स की कई कंपनियों का आगमन होना सुनिश्चित है। जिनके ठहराव के लिए व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में जायजा लिया गया है। इस दौरान उनके साथ भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सदर के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।



एशिया ओलंपिक क्वालीफायर

# विनेश-अंशु के सामने ओलंपिक कोटा हासिल करने की चुनौती, भारत के 17 पहलवान ले रहे हिस्सा



**बिश्केक (किर्गिस्तान), एजेंसी।** 19 साल की अंतिम पंघाल ने सर्बिया के बेलग्रेड में 2023 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत कर भारत के लिए महिलाओं के 53 किग्रा में पहले ही कोटा स्थान पक्का कर लिया है। भारत के 17 पहलवान शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे एशिया ओलंपिक क्वालिफायर के जरिये पेरिस खेलों का कोटा हासिल करने के लिए जब चुनौती पेश करेंगे तो सबसे ज्यादा नजरें दो बार की ओलंपियन विनेश फोगाट पर होगी। इस प्रतियोगिता में फ्रीस्टाइल, महिला और ग्रीको-रोमन में कुल 36 कोटा स्थान दांव पर होंगे। भारतीय पहलवान सिर्फ एक स्पर्धा को छोड़कर सभी भारवर्ग में कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे। 19 साल की अंतिम पंघाल ने सर्बिया के बेलग्रेड में 2023 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत कर भारत के लिए महिलाओं के 53 किग्रा में पहले ही कोटा स्थान पक्का कर लिया है। महिला वर्ग में अब विनेश (50 किग्रा), रीतिका हुड्डा (76 किग्रा), मौजूदा अंडर-23 विश्व चैंपियन अंशु (57 किग्रा), मानसी (62 किग्रा) और निशा (68 किग्रा) के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का समय आ गया है।

भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ भारतीय पहलवानों के विरोध का प्रमुख चेहरा रही विनेश के प्रदर्शन पर सबसे ज्यादा नजरें रहेंगी। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने मार्च में 50 किग्रा में राष्ट्रीय चयन ट्रायल जीता था।

संक्षिप्त समाचार

## होटल भरे हुए हैं, फर्श पर सो रहे हैं

### दुबई हवाई अड्डे पर फंसे दो भारतीय पहलवान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय पहलवान दीपक पुनिया और सुजीत कलकल 2024 पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर के लिए किर्गिस्तान के बिश्केक जाते समय भारी बारिश के कारण मंगलवार से दुबई हवाई अड्डे पर फंसे हुए हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पहलवानों के करीबी सूत्रों ने बात करते हुए कहा कि यह जोड़ी गुरुवार रात 11 बजे



उड़ान भरेगी और उनके टूर्नामेंट में भाग लेने की संभावना 50-50 है। वे पिछले दो दिनों से वहां हैं। सभी होटल भरे हुए हैं इसलिए वे हवाई अड्डे पर फर्श पर सो रहे हैं। क्वालीफायर में प्रतिस्पर्धा करने की उनकी संभावना 50-50 है। शायद वे वजन शुरू होने से ठीक पहले बिश्केक पहुंच जाएंगे। केवल तभी जब वे आज देर रात दुबई छोड़ने में कामयाब हों। बिश्केक में एशियाई कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर 19 अप्रैल से शुरू होने वाला है। बिश्केक में 18 भार वर्गों में कुल 36 पेरिस 2024 कोटा की पेशकश होगी। भारत ने सत्रह पहलवानों को मैदान में उतारा है. यह क्वालीफायर भारतीय पहलवानों के लिए ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए कोटा सुरक्षित करने का दूसरा अंतिम अवसर होगा। मई में तुर्की में होने वाला विश्व क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट, अंतिम कुश्ती क्वालीफायर होगा।

**भारतीय दल:**

**पुरुष ग्रीको :** रोमन, सुमित (60 किग्रा), आशु (67 किग्रा), विकास (77 किग्रा), सुनील (87 किग्रा), नितेश (97 किग्रा), नवीन (130 किग्रा)
**महिला फ्रीस्टाइल :** विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंशू मलिक (57 किग्रा), मानसी (62 किग्रा), निशा (68 किग्रा), रीतिका हुडा (76 किग्रा)
**पुरुष फ्रीस्टाइल :** अमन सहरावत (57 किग्रा), सुजीत (65 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा), दीपक पुनिया (86 किग्रा), दीपक (97 किग्रा), सुमित (125 किग्रा)

## पांड्या पर लगा 12 लाख का जुर्माना



**मुल्लांपुर, एजेंसी।** पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में स्लो ओवर रेट के चलते मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या पर 12 लाख का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने यह जानकारी गुरुवार को दी।
बीसीसीआई ने एक बयान में इसकी पुष्टि की है। जिसमें बताया गया है कि इस सीजन में टीम मुंबई की यह पहली गलती थी, इसलिए आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के अनुसार सबसे न्यूनतम दंड दिया गया है। बात अगर मैच की करें तो 193 रनों का पीछा करने उतरी पंजाब के लिए आशुतोष शर्मा ने 25 गेंदों में 61 रनों की तूफानी पारी खेली, लेकिन वो अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए और मुंबई ने 9 रन से यह मुकाबला अपने नाम किया। एमआई वर्तमान में सात मैचों में तीन जीत के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है।

### इस आईपीएल की सबसे बड़ी खोज साबित हुए ये 2 खिलाड़ी...

# जहां फंसा मैच, वहां चली जय-वीरू की जोड़ी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पंजाब किंग्स का इस आईपीएल में प्रदर्शन बेहद निराशाजक नजर आ रहा है. 18 अप्रैल को मुल्लांपुर में मुंबई इंडियंस से हारकर पंजाब की टीम अब आईपीएल की प्वाइंट्स टेबल में नौवें स्थान पर खिसक गई है. उसने 7 में से महज 2 मैच जीते हैं. इन सबके बीच पंजाब के लिए शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा इस आईपीएल की खोज साबित हुए हैं, इन दोनों ने फंसे हुए मैच में अपनी टीम को जिताने की पूरी कोशिश की है. यहां एक बात पर ध्यान देना जरूरी है कि पंजाब ने जो 5 मैच गंवाए है, उनमें से 4 मैच तो आखिरी ओवर में हारे हैं.



अब वापस आते हैं आशुतोष शर्मा और शशांक सिंह की जोड़ी पर. इस जोड़ी ने सबसे पहले इस आईपीएल 2024 में अपनी प्रतिभा 4 अप्रैल को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में दिखाई. इस ओवर में पंजाब ने आखिरी ओवर में गुजरात के जबड़े से जीत छीन ली थी. आईपीएल के इस थ्रिलर मैच को पंजाब ने 1 गेंद शेष रहते हुए 3 विकेट से जीता था. उस मैच में 32 साल के शशांक सिंह ने 29 गेंदों पर 61 रनों की जोरदार पारी खेली, वहीं उनको इम्पैक्ट प्लेयर आशुतोष शर्मा का भी शानदार साथ मिला. जिनके साथ मिलकर प्लेयर ऑफ द मैच शशांक ने 43 रनों की पार्टनरशिप की. आशुतोष ने महज 17 गेंदों पर 31 रनों की पारी खेली थी. यह आशुतोष का आईपीएल में डेब्यू मैच था.

इसके बाद बारी पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच 9 अप्रैल को खेले गए मैच की. पंजाब इस मैच को लगभग हैदराबाद के जबड़े से छीन चुका था. जिसे अंततः हैदराबाद की टीम ने 2 रन से जीता. आशुतोष शर्मा और शशांक सिंह पंजाब को जिताते चूक गए, लेकिन उन्होंने इस मैच में शानदार पारियां खेलीं. सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इस मैच में पंजाब किंग्स के आशुतोष शर्मा और शशांक सिंह ने गजब का जज्बा दिखाया.

आखिरी ओवर में जीत के लिए पंजाब को 29 रन चाहिए थे. लेकिन वह 2 रनों से इस मैच को चूक गई. आशुतोष और शशांक ने जयदेव उनादकट के लास्ट ओवर में 27 रन मिलकर कूट दिए. जहां पंजाब महज 2 रनों से मैच हार गया. शशांक ने मैच में नाबाद 46 रनों की पारी महज 25 गेंदों पर खेली, वहीं आशुतोष ने 23 गेंदों पर 33 रन जड़ दिए. दोनों ने मिलकर 66 रन जोड़े.

इन दोनों ही मैचों ने एक बात तो साबित कर दी कि भले ही आशुतोष और शशांक को आईपीएल में बेहद कम कीमत में खरीदा गया हो, पर ये दोनों ही आने वाले समय के लिए भारतीय क्रिकेट के लिए भी बड़े खिलाड़ी साबित हो सकते हैं.

### मुंबई के खिलाफ मैच में अगर आशुतोष आउट ना होते तो...

मुंबई के खिलाफ 18 अप्रैल को हुए मैच में भी पंजाब के लिए शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने अपनी बल्लेबाजी से हार्दिक पंड्या एंड कंपनी का धागा खोलकर रख दिया था. शशांक ने 25 गेंदों पर 41 रनों की पारी खेली. वहीं आशुतोष ने 28 गेंदों पर 61 रन जड़ दिए. एक समय पंजाब को जीत के लिए 18 गेंदों पर 25 रन चाहिए थे और आशुतोष शर्मा क्रीज पर थे. लेकिन वो 18वें ओवर की पहली गेंद पर आउट हो गए, जहां से पूरा मैच पलट गया. यहीं से मुंबई मैच में एक बार फिर फ्रंट फुट पर गई.

### शशांक और आशुतोष को बेहद सस्ते में पंजाब ने खरीदा

पंजाब किंग्स ने अनकैप्ड शशांक सिंह को 20 लाख रुपए में शामिल किया था, लेकिन दिसंबर आईपीएल के मिनी ऑक्शन के दौरान यह विवाद हुआ कि उन्हें प्रीति जिंटा की टीम ने गलती से खरीद लिया है. हालांकि बाद में यह सफाई आई कि ऐसा कुछ नहीं हैं. वहीं आशुतोष को भी पंजाब ने महज 20 लाख रुपए में खरीदा था.

### कौन हैं शशांक सिंह?

शशांक सिंह ने आईपीएल के इस सीजन में कुल 7 मैच खेले हैं, जहां उनके बल्ले से 187 रन आए हैं. शशांक का इस दौरान एवरेज 62.33 और स्ट्राइक रेट 179.81 का है. शशांक फ?िलहाल घरेलू क्रिकेट में छत्तीसगढ़ की टीम से खेलते हैं. 2023-24 सीजन में उन्होंने मणिपुर के खिलाफ एक ही लिस्ट-ए मैच में 150+ रन बनाए और पांच विकेट लिए, ऐसा करने वाले वह पहले भारतीय हैं. शशांक पंजाब में आने से पहले सनराइजर्स हैदराबाद (2022), राजस्थान रॉयल्स (2019-21) और दिल्ली डेयरडेविल्स (2017) के साथ रह चुके हैं. उन्होंने मुंबई की प्रसिद्ध कांगा लीग में खूब पसीना बहाया है, जहां वो छक्का मारने वाले ख?िलाड़ी के रूप में विख्यात रहे हैं.

## आशुतोष की पारी अविश्वसनीय

**मुल्लांपुर, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के गुरुवार के रोमांचक मैच में पंजाब किंग्स के बल्लेबाज आशुतोष शर्मा ने अपनी तूफानी पारी की बदौलत न केवल फैंस का बल्कि विरोधी कप्तान का भी दिल जीत लिया। जब मैच निर्णायक मोड़ पर था और पंजाब जीत के बेहद करीब था, तब 18वें ओवर में गेराल्ड कोएत्ज़ी ने आशुतोष शर्मा की तूफानी पारी का अंत किया और मुंबई की जीत पक्की की।



एमआई के कप्तान हार्दिक पांड्या ने स्वीकार किया कि मैदान में आशुतोष ने पूरी तरह से पासा पलट दिया था। उन्होंने ये भी कहा कि अपना पहला आईपीएल सीजन खेल रहे आशुतोष का प्रदर्शन अविश्वसनीय था। हार्दिक ने कहा, यह एक अच्छा मैच था। मुझे लगता है कि हर किसी की सांसें थम गई थी। हमने मैच से पहले बात की थी कि इस मैच में हमारी परीक्षा होगी और मुझे नहीं लगता कि इससे ज्यादा चुनौतीपूर्ण कुछ और हो सकता है। जब पंजाब का स्कोर 14/4 था, तो यह स्वाभाविक था कि आप सोचते थे कि आप मैच में आगे हैं लेकिन साथ ही, हम जानते थे कि आईपीएल में इस तरह के मैच कभी भी पलट सकते हैं। इस जीत का मतलब यह भी है कि एमआई अब अंक तालिका में सातवें स्थान पर है, हालांकि वे अभी भी काफी निचले स्थान पर हैं। मुंबई का अगला मुकाबला सोमवार शाम को सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स से होगा।

## तिलक वर्मा ने आईपीएल में किया बड़ा कारनामा

**मुल्लांपुर, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस की टीम ने हार्दिक पांड्या की कप्तानी में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन में 7वें मैच में अपनी तीसरी जीत हासिल करने में कामयाबी हासिल की। पंजाब किंग्स के खिलाफ इस मुकाबले में मुंबई की तरफ से शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन देखने को मिला जिसमें सूर्यकुमार यादव के बल्ले से 78 रनों की पारी देखने को मिली तो वहीं पारी के आखिरी ओवरों में बल्लेबाजी करने उतरे बाएं हाथ के युवा बल्लेबाजी तिलक वर्मा ने सिर्फ 18 गेंदों में 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 34 रनों की नाबाद तेज पारी खेलने के साथ टीम के स्कोर को 190 के पार पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की। तिलक ने अपनी इस पारी के दम पर आईपीएल में एक खास लिस्ट में भी अपनी जगह बना ली।

## रोहित शर्मा 250 आईपीएल मैच खेलने वाले दूसरे प्लेयर बने

मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 33वें मुकाबले में पंजाब किंग्स को 9 रन से हराया। मुल्लांपुर (चंडीगढ़) में गुरुवार को पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 192 रन बनाए। जवाब पंजाब किंग्स की टीम 19.1 ओवर में 183 रन पर ऑलआउट हो गई। रोहित शर्मा ने आईपीएल में 250वां मैच खेला। वहीं, स्ब्रु के लिए सबसे ज्यादा सिक्स भी लगाए। इस सीजन मुंबई के बैटर्स ने पहले 6 ओवर यानी पावरप्ले में सबसे ज्यादा सिक्स भी जमाए। मैच रिकॉर्ड्स...



### रोहित के एमआई के लिए सबसे ज्यादा सिक्स

रोहित शर्मा के मुंबई इंडियंस के लिए सबसे ज्यादा सिक्स हो गए हैं। एमआई के लिए खेले 205 मैचों में शर्मा ने कुल 224 सिक्स लगाए। उन्होंने एमआई लीजेंड किरोन पोलार्ड को पीछे छोड़ा। पोलार्ड ने टीम के लिए कुल 223 सिक्स लगा चुके हैं। सूर्यकुमार यादव एमआई के लिए 100 सिक्स लगाने से 2 छक्के दूर है। वे टीम के लिए 98 सिक्स लगा चुके हैं।

पेरिस ओलंपिक:2024

## भारत को लंबी कूद में बड़ा झटका, घुटने की चोट के कारण श्रीशंकर ओलंपिक से बाहर, सर्जरी होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लंबी कूद के दिग्गज खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ट्रेनिंग के दौरान घुटने की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गए हैं और उन्हें सर्जरी करानी पड़ेगी जिसके कारण वह पूरे 2024 सत्र में नहीं खेल पाएंगे। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने 2023 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 8.37 मीटर के प्रयास से रजत पदक जीतते हुए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया था। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को शंघाई/सुझोउ और दोहा में क्रमश~ 27 अप्रैल और 10 मई को लगातार दो डायमंड लीग



प्रतियोगिता के साथ अपने सत्र की शुरुआत करनी थी, लेकिन मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान उन्हें चोट लगी और उनका ओलंपिक में हिस्सा लेने का सपना टूट गया।

**पिता भी रहे हैं एथलीट-** श्रीशंकर के पिता एस. मुरली ही उनके कोच हैं। श्रीशंकर का कहना है कि उनके शरीर को उनके पिता उनसे बेहतर समझते हैं। श्रीशंकर के पिता पूर्व ट्रिपल जंप एथलीट थे और दक्षिण एशियाई खेलों में रजत पदक विजेता रहे हैं। 1992 एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उनकी मां के.एस. बिजिमोल 800 मीटर रेस में रजत पदक जीती थीं।

श्रीशंकर के पिता मुरली एक समय पर शराब के शौकीन थे, लेकिन बेटे के खेल पर ध्यान देने के लिए उन्होंने इससे दूरी बना ली। टोक्यो ओलंपिक में श्रीशंकर के फेल होने के बाद मुरली ने ही अपने बेटे को संभाला था। उस समय श्रीशंकर काफी दबाव में थे और डिप्रेशन में भी चले गए थे। वह खेल छोड़कर अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना चाहते थे। ऐसे में उनके पिता ने उन्हें संभाला और श्रीशंकर भारत के शीर्ष लॉन्ग जंपर बन गए। उन्होंने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारत को रजत पदक दिलाया था।

# छह साल की उम्र में तक्षवी वघानी ने रचा इतिहास

स्केटिंग में किया कमाल, बना दिया विश्व रिकॉर्ड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** तक्षवी ने लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग में कमाल करते हुए अपना नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया है। इसकी पुष्टि करते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें छह साल की तक्षवी को स्केटिंग करते देखा जा रहा है। अहमदाबाद की तक्षवी वघानी ने छह वर्ष की उम्र में ऐसा कारनामा कर डाला है जिससे उनकी चर्चा भारत ही नहीं पूरे विश्व में हो रही है। उन्होंने छोटी सी आयु में कुछ ऐसा किया जिससे उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया। तक्षवी ने लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग में 25 मीटर से अधिक का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। इसी के साथ उन्होंने न सिर्फ अपना नाम रोशन किया बल्कि पूरे देश को गौरवान्वित किया।

### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने की पुष्टि

तक्षवी ने लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग में कमाल करते हुए अपना नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया है। इसकी पुष्टि करते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें छह साल की तक्षवी को स्केटिंग करते देखा जा रहा है। वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा गया, 25 मीटर से अधिक की लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग। पिछले साल 10 मार्च को यह रिकॉर्ड ब्रेकिंग उपलब्धि हासिल की गई थी।

### तक्षवी ने तोड़ा मनस्वी का रिकॉर्ड

अहमदाबाद की तक्षवी से पहले यह रिकॉर्ड पुणे की मनस्वी विशाल के नाम दर्ज था। उन्होंने साढ़े तीन साल की उम्र में 25 मीटर से ज्यादा की लोएस्ट लिंबो स्केटिंग से सभी को प्रभावित कर दिया था। उन्होंने धरती से केवल 16.5 सेंटीमीटर की ऊंचाई बनाए रखते हुए 25 मीटर की दूरी तक ग्लाइड किया था।

### सृष्टि भी नहीं हैं पीछे

लिम्बो स्केटिंग की दुनिया में तक्षवी और मनस्वी के अलावा 18 वर्षीय सृष्टि धर्मेंद्र शर्मा भी कमाल दिखा चुकी हैं। उन्होंने जुलाई 2023 में 50 मीटर से अधिक की स्केटिंग में कमसमय लेते हुए नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया था। उन्होंने इस दूरी को 6.94 सेकंड में पूरा किया था। उन्होंने 2021 में बनाए अपने ही रिकॉर्ड को तोड़कर यह उपलब्धि हासिल की थी।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran @Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### कर्नाटक के कॉलेज में कांग्रेस पार्षद की बेटी की हत्या

**हुबली।** कर्नाटक के हुबली में बीवीबी कालेज परिसर के अंदर गुरुवार को कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतका नेहा एमसीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी। पुलिस के मुताबिक, फैयाज चाकू लेकर कॉलेज कैंपस के अंदर गया और नेहा पर पांच-छह वार किए। इस दौरान उसे भी चोटें आईं। दोनों को अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में नेहा को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि आरोपित फैयाज एमसीए ड्रापआउट है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतका और आरोपित बीसीए पाठ्यक्रम के दौरान बैचमेट थे। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, पूछताछ के दौरान, उसने (फयाज ने) दावा किया कि वे दोनों रिलेशनशिप में थे और वह अचानक उससे दूर रहने लगी थी। पुलिस ने कहा कि हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच जारी है।

### बिजनौर में पटाखा फैक्ट्री में लगी आग, तीन लोग गंभीर रूप से झुलसे

**बिजनौर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में कोतवाली शहर थाना क्षेत्र के जोधुवाला-बक्शीवाला रोड पर स्थित एक पटाखा फैक्ट्री में गुरुवार को आग लगने से तीन लोग गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गए। घायलों की पहचान सुभाष (45), दीपक (28) और नवेन्द्र (27) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, हादसे के बाद फैक्ट्री मालिक फरार हो गया और उसकी तलाश की जा रही है। इस बीच, दमकल की कई गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शहर पुलिस उपाधीक्षक संग्राम सिंह ने बताया कि कोतवाली शहर थाना क्षेत्र के जोधुवाला-बक्शीवाला रोड पर स्थित पटाखा फैक्ट्री में गुरुवार को सुबह 10 बजे अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग ने उग्र रूप धारण कर लिया। आग की लपटों और बारूद में हुए धमाकों से पूरा इलाका दहल गया। अधिकारी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने कोतवाली शहर पुलिस को आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली शहर पुलिस और दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग को बुझाने का अभियान शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने भी पानी और मिट्टी से आग बुझाने में मदद की। डीएसपी ने बताया कि हादसे के वक्त फैक्ट्री में करीब तीन लोग मौजूद थे और वे आग लगते ही बाहर की तरफ भागे, जिसमें तीनों लोग गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।


### सपा-बसपा और कांग्रेस के लोग चलाते थे दंगा पॉलिसीः योगी

**बुलंदशहर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुलंदशहर के सिकंदराबाद में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने गौतम बुद्ध नगर से भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा के लिए वोट मांगा। उन्होंने कहा कि सपा-बसपा और कांग्रेस के लोग कर्फ्यू वाले हैं। इनके राज में महीनों कर्फ्यू लगा रहता था पर आज प्रदेश में कर्फ्यू नहीं है। दंगा कराकर यह लोग प्रदेश को अस्त-व्यस्त करते थे और दंगा पॉलिसी चलाते थे, हम विकास की पॉलिसी चलाते हैं। आस्था, सुरक्षा और समृद्धि के लिए भाजपा आवश्यक है। हमारी सरकार में माफिया-अपराधियों के लिए राम नाम सत्य की यात्रा के रास्ते खुले रहेंगे। आज हम सभी नए भारत में हैं। सीएम योगी ने कहा कि 2014 से पहले क्या स्थिति थी? दस वर्ष में हमने बदलते भारत को देखा है। कांग्रेस ने समस्या दी। जम्मू-कश्मीर समेत पूरे देश को आतंकवाद की चपेट में ला दिया। रोज विस्फोट होते थे, निर्दोष लोग मरते थे। परिवार तबाह हो जाते थे, लेकिन कांग्रेस के लोग तमाशबीन बने रहते थे। सीएम योगी ने कहा कि जेवर में बन रहा एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट विकास का उदाहरण है। इसका सबसे अधिक लाभ सिकंदराबाद और जेवर को मिलेगा। देश-प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। हम रैपिड रेल की सुविधा देने जा रहे हैं। मेट्रो आ रही है। रेल की कनेक्टिविटी, दादरी में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का जंक्शन, लॉजिस्टिक का देश का सबसे बड़ा केंद्र भी यहां बनने जा रहा है, जहां लाखों नौकरियां निकलेंगी।

# ड्रग्स केस में शाहरुख खान के बेटे आर्यन को क्लीन चिट देने वाले एनसीबी के अधिकारी ने लिया वीआरएस

**मुंबई, एजेंसी।**
एनसीबी में तैनात आईपीएस अधिकारी संजय कुमार सिंह ने व्यक्तिगत कारणों से स्वैच्छिक रिटायरमेंट (वीआरएस) ले लिया है। संजय वे ही आईपीएस अधिकारी हैं, जिन्होंने कॉर्डेलिया ड्रग्स छापेमारी मामले में शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की भूमिका की जांच करने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी ) की एक विशेष जांच टीमका नेतृत्व किया था और फिर बाद में आर्यन को निर्दोष पाया गया था। ड्रग्स मामले में आर्यन को क्लीन चिट मिल चुकी है। सिंह ने वीआरएस लेने के पीछे व्यक्तिगत कारण बताया है।

संजय कुमार सिंह ओडिशा कैडर के 1996 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं और अभी वे एनसीबी मुंबई के उप महानिदेशक (डीडीजी) के पद पर तैनात थे। उन्होंने इस साल 29 फरवरी को वीआरएस के लिए आवेदन किया था, जिसे राज्य सरकार ने 16 अप्रैल को मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि मेरा करियर बहुत अच्छा रहा है। मैंने व्यक्तिगत कारणों से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने का फैसला किया।




कानून का पालन करने और करवाने के लिए पहचाने जाने वाले संजय कुमार सिंह ने 2008 और 2015 के बीच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में अपने कार्यकाल के दौरान कई हाई-प्रोफाइल मामलों को संभाला था, जिनमें हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओपी चौटाला के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप, राष्ट्रमंडल खेल 2010 के भ्रष्टाचार मामले शामिल थे। इसके अलावा, उन्होंने मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई) में अनियमितताएं, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में भर्ती घोटाला सहित अन्य मामलों की भी जांच की थी।

उनके साथ करीब से काम करने वाले लोगों ने कहा कि संजय कुमार सिंह किसी मामले को अंतिम मुकाम तक ले जाने के लिए विभिन्न अदालतों द्वारा निर्धारित कानूनी प्रक्रियाओं और दिशानिर्देशों का पालन करने के अलावा मजबूत दस्तावेजों और वैज्ञानिक सबूतों में विश्वास करते हैं। एनसीबी के महानिदेशक एस एन प्रधान ने कहा, संजय सिंह एक प्रतिबद्ध पेशेवर हैं, जिन्होंने जहां भी काम किया, वहां उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनका जांच कौशल बहुत गहन था। यह एनसीबी के लिए एक क्षति है लेकिन यहां अपने कार्यकाल के दौरान वह हमारे लिए एक असेट रहे हैं।

जनवरी 2021 में एनसीबी में शामिल होने से पहले, सिंह ने ओडिशा पुलिस के ड्रग-टास्क फोर्स के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के रूप में काम किया और राज्य में ड्रग तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ करने के लिए कई कदम उठाए। उन्होंने भुवनेश्वर के कमिश्नर के रूप में भी कार्य किया। आर्यन खान मामले की जांच के दौरान, सिंह ने अपनी टीम की जांच की निगरानी के लिए मुंबई के कई दौरे किए और सभी बयानों की जांच की, जिसके बाद एनसीबी की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने निष्कर्ष निकाला कि आर्यन पर आरोप लगाने के लिए कोई सबूत नहीं है। सिंह की जांच को एनसीबी के महानिदेशक एसएन प्रधान का पूरा समर्थन प्राप्त था। जांच के बाद केंद्र सरकार ने एनसीबी के पूर्व जोनल निदेशक समीर वानखेड़े के खिलाफ कार्रवाई और आर्यन खान सहित छह लोगों के खिलाफ ड्रग्स के आरोप हटाने की सिफारिश की थी।

## तमिलनाडु में वोट के लिए नोट अब पार्टियों-उम्मीदवारों के लिए बन रहा महंगा सौदा

**चेन्नई।** चुनाव आयोग की सख्ती के बावजूद नोट के बदले वोट देने की बढ़ रही चिंताजनक प्रवृत्ति पर फिलहाल विराम लगने के संकेत नहीं मिल रहे हैं और तमिलनाडु में 19 अप्रैल को होने वाली वोटिंग के लिए उम्मीदवारों को इससे प्रभावित होने वाले मतदाताओं के एक वर्ग को साधने के लिए अलग-अलग रास्ते निकालने पड़ रहे हैं।

आयोग के चौतरफा सर्विलांस से लेकर घूमते फ्लाइंग स्कावड के खतरों के मद्देनजर प्रत्याशियों को वोटरों के अपने इस एक वर्ग को खुश करने के लिए मोबाइल या डिश रिजार्च से लेकर घरेलू उपभोक्ता सामानों का उपहार पहुंचाने का तरीका निकालना पड़ रहा है। खुले तौर पर कोई उम्मीदवार या पार्टी वोट के बदले पैसे देने की बात स्वीकार नहीं कर रही, मगर अनौपचारिक बातचीत में खुलकर यह कहने से गुरेज नहीं कर रहे कि वोटरों के इस वर्ग की बढ़ती अभिलाषाएं चुनावी राजनीति की राह महंगी करती जा रही है।

राजनीतिक पार्टियां या उम्मीदवार रिकॉर्ड पर आकर चुनाव में नोट के बढ़ते प्रभाव को लेकर खुलकर किसी तरह की टिप्पणी करने से चाहे परहेज करें, मगर चुनाव आयोग की ओर से दो दिन पहले 4,600 करोड़ रुपये नगदी व सामाग्री जब्त करने के जारी आंकड़े इस ओर साफ इशारा कर रहे हैं। आयोग ने करीब 400 करोड़ की जो नगदी अब तक बरामद की है उसमें सबसे अधिक 53 करोड़ रुपये तमिलनाडु में पकड़े गए हैं। वोटरों को लुभाने के तौर-तरीकों का तमिलनाडु में पिछले सालों में एक इतिहास रहा है मगर अब इसका बढ़ता आकार उम्मीदवारों और पार्टियों के चुनावी बजट का दबाव बढ़ा रहा है। चेन्नई, मदुरै, रामनाथपुरम, रामेश्वरम से लेकर कोयंबटूर तक तमाम पार्टियों के उम्मीदवारों व उनके समर्थकों ने ऑफ द रिकॉर्ड बातचीत में नोट फैक्टर की चर्चा करते हुए चुनावी बजट की गहराती चुनौतियों का जिक्र किया।

## बेंगलुरु की कंपनी का अनोखा स्टार्टअप- पेड़ों को गले लगाना है, तो दीजिए 1500 रुपये

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरु के कब्बन पार्क में पेड़ों को गले लगाने के लिए 1,500 रुपये वसूलने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। ट्रोव एक्सपीरियंस नाम की कंपनी ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर फॉरेस्ट बाथिंग एक्सपीरियंस शुरू किया है। इसका कहना है कि वनों में हीलिंग पावर है। बेंगलुरु की कंपनी ने इसको लेकर विज्ञापन दिया है।

विज्ञापन में बताया गया है कि फॉरेस्ट बाथिंग की टिकट 1500 रुपये में बुक की जा सकती है। कंपनी का यह विज्ञापन सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। कुछ लोग जहां इसे 'फर्जी' बता रहे हैं तो कुछ लोग इसे प्राचीन परंपरा से पैसा बनाने की इस कोशिश को गलत बता रहे हैं।

उनकी वेबसाइट पर बताया गया है, फॉरेस्ट बाथिंग एक्सपीरियंस में पेड़ों को गले लगाने के अलावा कई गतिविधियां शामिल हैं। वायरल स्क्रीनशॉट के अनुसार, 28 अप्रैल को होने वाले इस खास इवेंट के लिए टिकट बिक रहे हैं। इसको लेकर एक एक्स यूजर ने अनुभव का स्क्रीनशॉट शेयर किया और इसे घोटाला बताया है। वायरल पोस्ट में लिखा है, बेब, जागो! बाजार में एक नया घोटाला आया है।

वहीं ट्रोव एक्सपीरियंस की वेबसाइट पर इस पेशकश के बारे में लिखा है, शहर में हमारा दैनिक जीवन काफी तनावपूर्ण हो सकता है। प्रकृति के साथ फिर से जुड़ने के लिए एक समर्पित समय और स्थान ढूंढना, अपनी आवाज सुनने के लिए सभी शोर-शराबे से मुक्त होना भी काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। शिन्रिन योकू, या वन स्नान की जापानी कला, जंगल में एक गहन, मौन और भावपूर्ण सैर कराती है जहां से आप अधिक केंद्रित महसूस करते हुए निकलते हैं। बता दें कि फॉरेस्ट बाथिंग असल में एक जापानी परंपरा शिनरिन-योकू है। अब सोशल मीडिया पर कंपनी का विज्ञापन वायरल हो रहा है। कई सोशल मीडिया यूजर्स कंपनी की आलोचना भी कर रहे हैं।

# ई-रिक्शा चालक हो जाएं सावधान! एनसीआर में चुनाव बाद बड़े ऐक्शन की हो रही तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
ई-रिक्शा चालक अब सावधान हो जाएं। परिवहन विभाग बिना पंजीकरण सड़कों पर दौड़ रहे अवैध ई-रिक्शाओं के खिलाफ ऐक्शन की तैयारी कर रहा है। नोएडा की सड़कों पर दौड़ रहे दो हजार से अधिक ई-रिक्शा चलने लायक नहीं हैं। इन वाहनों का पांच साल पहले पंजीकरण हुआ था। परिवहन विभाग के अनुसार ई-रिक्शा की उम्र चार से पांच साल निर्धारित है। इसके बाद यह खुद ही सड़कों पर चलने योग्य नहीं रहते हैं। जिले में ई-रिक्शा की संख्या तेजी से बढ़ रही है। परिवहन विभाग के अनुसार, यहां पर 20 हजार से अधिक ई-रिक्शा पंजीकृत हैं। यह संख्या पंजीकृत ऑटो से भी अधिक है।

विभाग के अनुसार, जिले में पंजीकृत ऑटो की संख्या करीब 19 हजार है। लोगों की सुविधा के लिए शुरू किए गए ई रिक्शा असुविधा बनते जा रहे हैं। ई-रिक्शा की संख्या बढ़ने के साथ ही यह लोगों के लिए दिक्कत बन गए हैं। इनके जमावड़े के कारण प्रमुख चौराहो, सड़कों और मेट्रो स्टेशन के आसपास जाम लगता है। जहां-तहां ई-रिक्शा रोक देने के कारण हादसे



होते हैं। परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस की ओर से चलाए जाने वाले जांच अभियान में कई ई-रिक्शा चालकों के पास में ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं मिलता है। एआरटीओ प्रशासन डॉ. सियाराम वर्मा ने कहा कि ई-रिक्शा की उम्र अधिकतम पांच साल होती है।

परिवहन विभाग के अनुसार बिना पंजीकरण दौड़ रहे ई-रिक्शा अवैध हैं। इन्हें दौड़ते पाए जाने पर जब्त कर लिया जाता है। एआरटीओ प्रवर्तन डॉ. उदित नारायण पांडे ने कहा कि जिन ई-रिक्शा में पंजीकरण नंबर लिखा है, वह सभी वैध हैं और सड़कों पर दौड़ सकते हैं। यह ई-रिक्शा मानकों के अनुरूप तैयार किए जाते हैं। ऐसे में इनके हादसा ग्रस्त होने का खतरा नहीं रहता है। वहीं जिन ई-रिक्शा पर पंजीकरण नंबर नहीं है, वे सभी अवैध हैं। मानकों के अनुरूप तैयार न होने के कारण ऐसे ई-रिक्शा जब्त कर लिए जाते हैं।

ई-रिक्शा पर कंपनियों का सामान भी ढोया जाता है। ऐसे में हादसे का खतरा रहता है। वहीं, इन पर चार सवारी बैठनी चाहिए, लेकिन चालक ज्यादा कमाई के लिए आठ सवारी तक बैठाते हैं। इनमें दो सवारी चालक अपने अगल-बगल बैठा लेते हैं। इससे दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। कई बार ई-रिक्शा पलट भी चुके हैं, जिसके कारण यात्री घायल हो गए। परिवहन विभाग के अनुसार, क्षमता से अधिक सवारी बैठाना गलत है। परिवहन विभाग के अनुसार, चुनाव के बाद जर्जर और बिना पंजीकरण दौड़ने वाले ई रिक्शा के खिलाफ अभियान चलेगा। इन ई-रिक्शा पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## इमरान ने प्रधानमंत्री पद से हटाने में सऊदी अरब की भूमिका से किया इनकार, एसआईसी प्रमुख का दावा

**लाहौर, एजेंसी ।**
पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार को गिराने में सऊदी अरब की कोई भूमिका नहीं थी। खान की सरकार को 2022 में सत्ता से बेदखल किया गया था।

इमरान की सरकार को अप्रैल 2022 में सत्ता से हटाया गया था। जिसके तुरंत बाद उन्होंने अपनी सरकार गिराने के लिए अमेरिका पर साजिश रचने का आरोप लगाया था। हाल ही में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी क नेता शेर अफजल मारवत ने एक टीवी इंटरव्यू के दौरान कहा था कि सऊदी अरब ने अमेरिका के साथ मिलकर इमरान खान को पद से हटाने में भूमिक निभाई थी। इस बयान के बाद पीटीआई दबाव में आ गई थी। अब पार्टी के संस्थापक ने बयान देकर स्पष्ट किया है।

मारवत की ओर से यह बयान ऐसे समय में सामने आया था, जब सऊदी अरब के विदेश मंत्री शहजादा फैसल बिन फरहान अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ पाकिस्तान में निवेश की संभावनाओं की तलाश करने के लिए उच्च स्तरीय यात्रा पर गए। हालांकि, पीटीआई ने मारवत के बयान से खुद को अलग कर दिया। इसके बाद इमरान ने डैमेज कंट्रोल के लिए यह बयान दिया।



रावलपिंडी की अदियाला जेल में मुलाकात के बाद पीटीआई के नेताओं ने उनके बयान की जानकारी दी। पीटीआई समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के प्रमुख साहबजादा हामिद रजा के मुताबिक इमरान ने बैठक के दौरान कहा कि सऊदी अरब उनकी सरकार को गिराने में शामिल नहीं था। इससे पहले पीटीआई ने कहा था कि मारवत का बयान किसी भी तरह से पार्टी की रणनीति या रुख के अनुरूप नहीं है। इमरान खान के सऊदी अरब के साथ असहज संबंध थे। 2019 में मलेशिया में मुस्लिम नेताओं की एक बैठक में उन्होंने भाग लिया था। इस पर सऊदी अरब ने नाराजगी जताई थी।

## चीन ने जमीन हड़पने का विरोध करने पर तिब्बती पीड़ितों को किया गिरफ्तार

**बीजिंग, एजेंसी।**
तिब्बत में चामदो (चांगदू या क़ामदो) शहर के मार्खम (चीनी- मंगकांग) काउंटी में चीनी अधिकारियों ने 10 अप्रैल को चार तिब्बतियों को एक अधिकारी की अवैध ज़ब्ती और बिक्री के विरोध में शामिल होने के लिए गिरफ्तार किया था। जबकि अधिकारी को कथित तौर पर भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारियों से गुहार लगाने के बावजूद प्रभावित तिब्बती परिवारों को न तो जमीन दी गई है और न ही कोई मुआवजा दिया गया है। आरएफए डॉट ओआरजी की तिब्बती सेवा द्वारा 15 अप्रैल को तीन स्थानीय तिब्बती स्रोतों के अदारा पर बताया कि काउंटी के लुओनक्सियांग ग्रामीण टाउनशिप में तकत्सा गांव के निवासियों का विरोध और उसके बाद गिरफ्तारियां तब हुईं, जब जमीन पर कब्जे के खिलाफ उनकी अपील और मुआवजे की मांग अनसुनी कर दी गई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि विरोध प्रदर्शन और गिरफ्तारी स्थल पर कई अन्य तिब्बतियों को थप्पड़ मारा गया और पीटा गया। घटना के एक वीडियो में एक दर्जन से अधिक तिब्बतियों को चीनी पुलिस से दया की याचना की मुद्रा में अपने दोनों अंगूठे एक साथ उठाते हुए दिखाया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वीडियो में युवा और बुजुर्ग तिब्बतियों को काली वर्दी पहने चीनी पुलिस कर्मियों के सामने घुटने टेकते हुए दिखाया गया है। जबकि उनमें से कुछ विलाप कर रहे थे, दूसरों को पुलिस की वर्दी को खींचते और खींचते हुए देखा गया, वे अपनी बात सुनने और मदद करने की गुहार लगा रहे थे।

काउंटी अधिकारी ने 25 प्रभावित तिब्बती परिवारों की जानकारी के बिना 2023 में अवैध रूप से जमीन बेच दी थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि जब इस महीने की शुरुआत में उनकी जमीन खरीदने वाले व्यवसायियों ने उन्हें बेदखल करने के लिए लोगों को भेजा, तब तिब्बती चरवाहों को पता चला कि क्या हुआ था। तिब्बतियों ने अधिकारियों से अनुरोध किया कि उन्हें कम से कम उनकी खोई हुई चरागाह के लिए मुआवजा दिया जाए, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि गिरफ्तार चरवाहों पर क्या आरोप लगाया गया है। गौरतलब है कि चीन किसी भी मुद्दे पर तिब्बती विरोध को अलगाववादी गतिविधियों को अंजाम देने का बहाना बताने के लिए जाना जाता है। अभी तक यह भी स्पष्ट नहीं है कि तिब्बती चरवाहों से ली गई भूमि का उपयोग किस लिए किया जाएगा। और यह उन्हें वापस क्यों नहीं लौटाई जा सकी। कहा जाता है कि पीड़ित अपने चरागाह और मनोरंजक भूमि के नुकसान के लिए मुआवजे की आशा करते हैं।

# पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने भारत के साथ व्यापार फिर से शुरू करने की वकालत की

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने खुलासा किया है कि उन्होंने भारत के साथ व्यापार दोबारा शुरू करने पर देश के व्यापारिक समुदाय के साथ आंतरिक परामर्श शुरू किया है। विदेश मंत्री का ताज़ा बयान उनके पिछले बयान के बाद आया है जिसमें उन्होंने पड़ोसी देश के साथ व्यापार फिर से शुरू करने की इच्छा व्यक्त की थी। डार ने इस्लामाबाद में विदेश मंत्रालय में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि देश के व्यापारिक समुदाय ने भारत के साथ व्यापार मार्गों को फिर से खोलने की इच्छा व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि सामान्य वस्तुओं और दवा का व्यापार पहले से ही दुबई सहित विभिन्न मार्गों से हो रहा है, जिससे व्यापार और व्यवसाय की लागत बढ़ जाती है।उन्होंने कहा कि उनके पहले के बयान, जिसमें उन्होंने व्यापार मार्गों को फिर से खोलने और भारत के साथ व्यापार करने की अपनी आकांक्षा व्यक्त की थी, व्यापारिक समुदाय की मजबूत सिफारिशों और मांगों पर आधारित थे।मंत्री ने कहा कि वह एक योजना पर काम कर रहे हैं जिसमें संबंधित हलकों से चर्चा और अनुमोदन शामिल है।विदेश मंत्री का बयान ऐसे वक्त आया है जब उनकी ही पार्टी के सहयोगी और रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा था कि मौजूदा कश्मीर विवाद के कारण भारत के साथ व्यापार की संभावना शून्य है।विशेषज्ञों का कहना है कि हालांकि डार का बयान उत्साहजनक है, लेकिन यह अभी भी अनिश्चित बना हुआ है कि क्या यह सैन्य प्रतिष्ठान और कैबिनेट सहित अन्य



संबंधित मंत्रालयों से अनुमोदन के माध्यम से आगे बढ़ सकेगा, जिसने भारत से संबंधित मामलों पर कठोर रुख बनाए रखा है।वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक अदनान शौकत ने कहा, पाकिस्तान की आधिकारिक स्थिति यह है कि वह भारत के साथ व्यापार पर तब तक कोई बातचीत नहीं करेगा जब तक कि कश्मीर के मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं दी जाती। इसे ध्यान में रखते हुए, मुझे नहीं लगता कि पाकिस्तान के लिए व्यापार फिर से शुरू करना कोई आसान कदम होगा।इस्लामाबाद स्थित वरिष्ठ पत्रकार कामरान यूसुफ ने कहा कि व्यापारिक समुदाय की चिंताएं उचित हैं क्योंकि वाघा-अटारी सीमा के माध्यम से भारत के साथ व्यापार की लागत दुबई के माध्यम से व्यापार की तुलना में बहुत सस्ती होगी।उन्होंने कहा, हालांकि, हमें यह ध्यान में रखना होगा कि यह व्यापारिक समुदाय के साथ किये जा रहे परामर्श का केवल एक प्रारंभिक चरण है और कोई भी ठोस परिणाम प्राप्त करने से पहले बहुत कुछ किया जाना बाकी है। दूसरे, भारत इसमें शामिल है जहां इस समय चुनाव का चरण चल रहा है और जब तक वह खत्म नहीं हो जाता, मुद्दे पर कोई स्पष्टता नहीं होगी।

## 2018 में लापता हुआ अरबपति रूस में मिला

### स्विट्ज़रलैंड से गायब हुए थे कार्ल-एरिवान हाउब

**मास्को, एजेंसी।** चार साल से लापता चल रहे जर्मन-अमेरिकी अरबपति कार्ल-एरिवान हाउब को रूस में देखा गया है। हाउब को आखिरी बार अप्रैल 2018 में स्विट्जरलैंड के जर्मेट में देखा गया। उस वक्त हाउब वहां छुट्टियां मना रहे थे। इसी दौरान उनके लापता होने की खबर सामने आने के बाद स्विट्जरलैंड और जर्मनी सरकार ने तलाशी अभियान शुरू किया। हाउब का पता लगाने के लिए पांच हेलिकॉप्टरों ने 6 दिन तक तलाशी अभियान चलाया। तलाशी अभियान में जब हाउब नहीं मिले तो 2021 में जर्मनी की एक अदालत ने उन्हें कानूनी रूप से मृत घोषित कर दिया था। हाउब रिटेल की दिग्गज कंपनी टेंजेलमैन ग्रुप के मालिक थे, जिसके दुनियाभर में 75 हजार से ज्यादा कर्मचारी हैं। अदालत के फैसले के बाद कंपनी को उनके भाई क्रिस्चियन चला रहे हैं। हाउब के दो बच्चे हैं। जिस दिन हाउब लापता हुए थे, उस दिन उन्होंने अपनी दोस्त एर्मिलोवा को 13 बार फोन किया था और एक घंटे तक बात की थी, जिससे दोनों देशों की संयुक्त जांच एजेंसी को उन पर शक हुआ। इसके बाद एजेंसी ने मॉस्को में जांच की तो पता चला कि हाउब अपनी दोस्त के साथ वहीं रहते हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129